राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार , 03 मार्च 2025
वर्ष 06, अंक 154, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

अफ्रीका की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या पर तिरंगा फहराकर बनाया...03

आरोग्य हॉस्पिटल में इलाज में लापरवाही और ........12

# पूर्व सेबी प्रमुख बुच और पांच अन्य के खिलाफ एफआईआर का आदेश




**मुंबई।** एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के संबंध में शेयर बाजार नियामक सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने शनिवार को पारित आदेश में कहा, ÷प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर (मामले की) स्थिति रिपोर्ट मांगी गई है।अदालत ने आदेश में यह भी कहा है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच जरूरी है। इसमें कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है।

## मीडिया रिपोर्टर की शिकायत पर हुआ आदेश।

शिकायतकर्ता, जो एक मीडिया रिपोर्टर है, ने कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, विनियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है।शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे, बाजार में हेरफेर को बढ़ावा दिया, तथा निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर कॉरपोरेट धोखाधड़ी के लिए रास्ता खोला। शिकायतकर्ता ने कहा कि कई बार पुलिस स्टेशन और संबंधित नियामक निकायों से संपर्क करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। भारत की पहली महिला सेबी प्रमुख बुच पर अमेरिका स्थित शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने हितों के टकराव के आरोप लगाए थे। उसके बाद राजनीतिक तनाव के बीच बुच ने शुक्रवार को अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया।

## हिमानी हत्याकांड : भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पुलिस से की सख्त कार्रवाई की मांग



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हिमानी हत्याकांड को लेकर एसपी से बात कर बात की है। उन्होंने कहा है कि पुलिस व सरकार पीड़ित परिवार के लिए जल्द न्याय सुनिश्चित करे। दोषी को जल्द से जल्द कानून के शिकंजे में लाया जाए और उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले। कांग्रेस पार्टी दुख की इस घड़ी में हिमानी के परिवार संग खड़ी है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में बढ़ता अपराध, खासतौर पर महिलाओं के विरुद्ध वारदातें गंभीर चिंता का विषय बनी हुई हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी की हत्या के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था पर एकबार गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री के गृहक्षेत्र नारायणगढ़ में भी एक बसपा नेता की हत्या हुई थी। इससे पहले बहादुरगढ़ में इनेलो नेता और हांसी में जेजेपी नेता की हत्याएं हो चुकी हैं। प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा विधायक फिरौती की वारदातों के शिकार हो चुके हैं। कानून व्यवस्था का इस कद्र दिवाला पिट चुका है कि खुद बीजेपी के नेता और पुलिस वाले भी सुरक्षित नहीं हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सामाजिक प्रगति सूचकांक रिपोर्ट में हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य बताया गया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट चीख-चीखकर गवाही देती है कि 2022 में एक साल के भीतर प्रदेश में 1020 हत्याएं यानी रोज 3 हत्याएं हुई। 2022 के दौरान ही हरियाणा में 1786 रेप की वारदातें हुई यानी रोज 4-5 रेप हुए। महिलाओं के विरुद्ध अपराध की बात की जाए तो 1 साल के भीतर 16,743 केस सामने आए। यानी रोज 46 केस दर्ज हुए। 118.7 क्राइम रेट के साथ हरियाणा पूरे देश में पहले नंबर पर है। 2014-15 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के सालाना मामले करीब 9000 थे, जो आज बढ़कर लगभग दोगुना हो गए हैं। यानी इनमें 100 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हिमानी हत्याकांड में पुलिस और सरकार को उदाहरण पेश करने वाली कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने की मानसिकता वाले तमाम लोगों को इससे कड़ा संदेश मिले।

# मायावती ने आकाश आनंद को सभी पदों से हटाया

## बोलीं-मेरे जिंदा रहने तक कोई नहीं होगा उत्तराधिकारी

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में कभी राज करने वाली बसपा में आज घमासान चल रहा है। रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला सुनाया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है। उन्होंने कहा रिश्ते नातों का राजनीति में कोई महत्व नहीं है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को बड़ी जिम्मेदारी दी। दोनों को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेन्ट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं। मायावती ने कहा कि आनन्द कुमार के बारे में मैं यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि वर्तमान में बदले हुए हालात में, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में अब इन्होंने अपने बच्चो का रिश्ता भी गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला लिया है ताकि अशोक सिद्धार्थ की तरह अब आगे कभी भी अपनी पार्टी को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान आदि ना हो सके। इसी परिपेक्ष्य में उन्होंने पार्टी के लोगों को यह भी विश्वास दिलाया है कि जब तक मैं जिन्दा रहूंगी तो तब तक मैं अपनी आखिरी सांस तक भी अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पार्टी को आगे बढ़ाने का हर सम्भव पूरा-पूरा प्रयास करती रहूंगी। उन्होंने समीक्षा के दौरान कमियों को दूर करके आगे के पार्टी कार्यक्रमों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बसपा सुप्रीमो ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बावजूद समाजवादी पार्टी की हार का उल्लेख करते हुए कहा कि अब इसके लिए सपा किसको ज़िम्मेदार ठहराएगी क्योंकि पिछले उपचनुाव में पार्टी की हार के लिए सपा ने बसपा को जिम्मेदार ठहराने का मिथ्या प्रचार किया था। जबकि कुल मिलाकर, सपा और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और भाजपा व अन्य जातिवादी पार्टियों को केवल अम्बेडकरवादी नीति व सिद्धान्त वाली बसपा ही पराजित कर सकती है, यह बात पूरे देश के सर्वसमाज के लोगों को जरूर समझना चाहिए। मायावती ने कहा कि आनन्द कुमार के बारे में मैं यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि वर्तमान में बदले हुए हालात में, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में अब इन्होंने अपने बच्चो का रिश्ता भी गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला लिया है ताकि अशोक सिद्धार्थ की तरह अब आगे कभी भी अपनी पार्टी को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान आदि ना हो सके। मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ को, जो आकाश आनन्द के ससुर भी है, उसे अब पार्टी व मूवमेन्ट के हित में पार्टी से निकाल कर बाहर किया है जिसने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का घिनौना कार्य किया है,। जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। यह सब उनकी लड़के की शादी में भी देखने के लिए मिला है।जहां तक इस मामले में आकाश आनन्द का सवाल है तो आपको यह मालूम है कि अशोक सिद्धार्थ की लड़की के साथ इनकी शादी हुई है। अब अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने के बाद उस लड़की पर अपने पिता का कितना प्रभाव पड़ता है तथा आकाश पर भी उसकी लड़की का कितना प्रभाव पड़ता है तो यह सब भी अब हमें काफी गम्भीरता से देखना होगा जो अभी तक कतई भी पॉजिटिव नहीं लग रहा है। ऐसे में पार्टी व मूवमेन्ट के हित में आकाश आनन्द को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है। जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इसका ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार है, जिसने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ आकाश आनन्द के पोलिटिकल कैरियर को भी खराब कर दिया है।


## संक्षिप्त ख़बरें

### नवागत सी.एम.ओ. पूजा बुनकर धनपुरी नगर पालिका में पदस्थ होने पर बंधाई

**शहडोल।** संभाग की चर्चित बड़ी नगर पालिका कोयलांचल क्षेत्र धनपुरी में राज्य सरकार द्वारा कई सी.एम.ओ. को पूर्व में पदस्थ जगह से अन्यत्र स्थानांतरण करने की लंबी सूची में योग्य अनुभवी नगर विकास में रूचि रखने स्वच्छ छवि व सारा कार्य आफिस में सुचारू रूप से निप्टाने में माहिर नवागत मुख्य नगर पालिका के पद पर सुश्री पूजा बुनकर की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने पर जन परिषद के संभागीय अध्यक्ष अधिवक्ता सुखदीप खरे संभागीय मीडिया प्रभारी वरिष्ठ समाज सेवी बी.पी.तिवारी समयलाल गुप्ता वार्ड क्र.2 पार्षद विजय कुमार यादव, कमलेष गुप्ता, अषोक तिवारी, देवेन्द्र शर्मा दिनेष मिश्रा, के साथ नगर पालिका धनपुरी क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवियों ने बंधाई दी है ।

### यार्ड में लगी आग,पुलिसकर्मी झुलसा

अलीगढ़। थाना अकराबाद क्षेत्र के पनैठी स्थित पुलिस चौकी यार्ड में दोपहर अज्ञात कारणों से आग लगने से हड़कम्प मच गया और यार्ड में खड़े वाहन आग में जलकर राख हो गए। सूचना के बाद भी समय से दमकल



नहीं पहुंच पाई तो पुलिस कर्मी पाइप लगाकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। आग बुझाने के प्रयास में सिपाही राहुल झुलस गया है।

यार्ड से आग की लपटें व धुआं का गुबार उठ रहा है। बताया जा रहा है कि सूचना के एक घंटे बाद तक दमकल नहीं पहुंची। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। सीओ बरला गर्वित सिंह ने बताया कि थाना अकराबाद की पनैठी चौकी स्थित यार्ड में आग लगने से कुछ वाहन जल गए। आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है। आग पर काबू भी पा लिया गया है।

# चार की गलती की सजा भुगत रहा पूरा गांव, गजब है सरकारी महकमे का ये नियम

स्वतंत्र प्रभात

ब्यौहारी के पपरेड़ी गांव में बोर्ड एग्जाम के समय बिना सूचना के बिजली काट दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली न आने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं बिजली के अभाव में खेतों में भी काफी असर पड़ा है। सिंचाई के लिए किसानों को पानी भी नहीं मिल पा रहा है। परेशान होकर ग्रामीण अब गांव की सड़क पर धरने में बैठ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ब्यौहारी के पपरेड़ी गांव में तीन दिन पहले अचानक बिजली कट गई। गांव के लोगों को लगा कि कुछ दिक्कत की वजह से लाइट चली गई है, जल्द ही आ जाएगी। पूरी रात गुजर गई। तीन दिन होने के बाद ग्रामीणों ने जब बिजली विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली तो विभाग ने बताया कि आपके गांव का कनेक्शन काट दिया गया है। ग्रामीण अजय




ग्रामीण अजय सिंह।


सिंह ने बताया कि जब गांव की बिजली तीन दिन से नहीं आई तो हमने बिजली विभाग के जेई रमेश यादव से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि गांव के चार घरों का बिजली बिल बकाया है, जिसकी वजह से गांव का कनेक्शन काट दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगभग 50 घर हैं। चार घरों का बिजली बिल अगर बकाया है तो गांव की बिजली विभाग ने क्यों काटी है। चार घरों के कारण पूरे गांव का बिजली विभाग ने कनेक्शन ही काट दिया है, जिससे अब एग्जाम दे रहे बोर्ड के छात्रों को एक बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सुरेंद्र सिंह का कहना है कि बच्चों को लालटेन जलाकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। कनेक्शन कटने की वजह से मोबाइल फोन भी चार्ज नहीं हो पा रहा है। अब बिना ओटीपी के राशन भी हमें नहीं दिया जा रहा है। आशीष सिंह ग्रामीण से जब हमने बात की तो उन्होंने कहा कि सिंचाई के लिए खेतों में पानी भी बिजली न होने से नहीं मिल पा रहा है, जिससे अब फसले भी सूख सकती हैं। चार घरों की गलतियां पूरा गांव झेल रहा है। नाराज ग्रामीणों ने गांव की सड़क पर ही बैठकर धरना दे दिया है। लोग का कहना है कि चार घरों की गलतियों की वजह से पूरे गांव में बिजली काट गई है। अब खेती किसानी के साथ छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में भी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है की जल्द से जल्द अगर समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो वह बिजली विभाग के सामने जाकर धरने में बैठेंगे।

# अलीगंज के सेक्टर-क्यू चौराहे पर बेकाबू कार ने मचाया तांडव

## फुटपाथ पर खड़ी बुलेट समेत कई गाड़ियों को रौंदा राम राम बैंक चौराहे पर गाड़ी छोड़कर भागा चालक

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी के अलीगंज इलाके में शनिवार रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब सेक्टर-Q चौराहे पर एक बेकाबू कार ने फुटपाथ पर खड़ी बुलेट समेत कई वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार फुटपाथ पर चढ़ी और एक-एक कर खड़ी गाड़ियों को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ती गई, जिससे मौके पर मौजूद लोग दहशत में आ गए। हादसे के बाद चालक राम राम बैंक चौराहे के पास पहुंचा, जहां गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। स्थानीय लोग आक्रोशित, पुलिस जांच में जुटी इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि हादसे में बड़ी जनहानि भी हो



सकती थी, क्योंकि चौराहे और फुटपाथ पर अक्सर लोग बैठे रहते हैं। गनीमत रही कि घटना के वक्त फुटपाथ पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। फिलहाल, पुलिस कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन स्वामी और चालक की पहचान में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## आर्थिक सर्वेक्षण नदियों के किनारे बसे शहरों से सीवेज/घरेलू अपशिष्ट के गंगा जल में प्रवाहित होने के कारण है

# बिहार में गंगा नदी का जल नहाने लायक नहीं, पानी में बैक्टीरिया की उच्च संख्या : आर्थिक सर्वेक्षण

स्वतंत्र प्रभात

बिहार में ज्यादातर जगहों पर गंगा नदी का जल नहाने लायक तक नहीं है। बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि ऐसा प्रति इकाई गंगा जल में बैक्टीरिया की अधिक संख्या (हाई वैल्यू ऑफ बैक्टीरियल पापुलेशन) की मौजूदगी के कारण है। हाल ही में राज्य विधानसभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, गंगा के पानी में बैक्टीरिया की उच्च संख्या (कोलीफॉर्म और फीकल कोलीफॉर्म की कुल मात्रा) में मौजूदगी का संकेत मिलता है। यह मुख्य रूप से गंगा और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे शहरों से सीवेज/घरेलू अपशिष्ट के गंगा जल में प्रवाहित होने के कारण है। अधिकारियों ने बताया कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (बीएसपीसीबी) हर पखवाड़े राज्य में 34 स्थानों पर गंगा के पानी की गुणवत्ता की निगरानी करता है। सर्वेक्षण में



बीएसपीसीबी के नवीनतम जल गुणवत्ता परीक्षण परिणामों का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है, ''अन्य पैरामीटर... पीएच (अम्लता या क्षारीयता), घुलित ऑक्सीजन और जैव-रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) बिहार में नदी और उसकी सहायक नदियों में निर्धारित सीमा के भीतर देखी गई है, जो दर्शाता है कि पानी जलीय जीवन, वन्यजीवों के प्रजनन, मत्स्य पालन और सिंचाई के लिए उपयुक्त है।' नदी के तट पर स्थित महत्वपूर्ण शहरों में बक्सर, छपरा (सारण), दिघवारा, सोनपुर, मनेर, दानापुर, पटना, फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, बेगुसराय, खगड़िया, लखीसराय, मनिहारी, मुंगेर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर और कहलगांव शामिल हैं। रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए बीएसपीसीबी के अध्यक्ष डी के शुक्ला ने 'बताया कि गंगा नदी में बैक्टीरिया (जीवाणुओं) की अधिक संख्या चिंता का विषय है।शुक्ला ने कहा, '' मलमूत्र में 'फीकल कोलीफॉर्म' बैक्टीरिया पाए जाते हैं जो अनुपचारित सीवेज के माध्यम से पानी को दूषित करते हैं। इसका स्तर जितना अधिक होगा, पानी में रोग पैदा करने वाले रोगाणुओं की उपस्थिति उतनी ही अधिक होगी। सीपीसीबी मानकों के अनुसार, फीकल कोलीफॉर्म की अनुमेय सीमा 2,500 एमपीएन प्रति 100 मिली है।'' उन्होंने कहा कि अधिकांश स्थानों पर गंगा में कुल कोलीफॉर्म और फीकल कोलीफॉर्म की उपस्थिति बहुत अधिक है, जो दर्शाता है कि यह स्नान के लिए उपयुक्त नहीं है।वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बीएसपीसीबी यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है कि राज्य में सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) ठीक से काम करें।शुक्ला ने कहा, ''हमने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में कुछ एसटीपी पर निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो।'' सर्वेक्षण में कहा गया है, ''बीएसपीसीबी औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ एसटीपी/सीवरेज नालों से उत्पन्न अपशिष्ट/सीवेज की गुणवत्ता की भी निगरानी कर रहा है। फिलाहाल बोर्ड द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से 2,561 जल/ अपशिष्ट /सीवेज नमूने एकत्र किए गए हैं।''गंगा की गुणवत्ता से संबंधित बीएसपीसीबी के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कच्ची दरगाह-बिदुपुर ब्रिज पर मापा गया फीकल कोलीफॉर्म का स्तर 3,500 एमपीएन/100 मिली, गुलाबी घाट (5,400 एमपीएन/100 मिली), त्रिवेणी घाट (5,400 एमपीएन/100 मिली), गायघाट (3,500 एमपीएन/100 मिली), केवाला घाट (5,400 एमपीएन/100 मिली), गांधी घाट, एनआईटी (3,500 एमपीएन/100 मिली) और हाथीदह में 5,400 एमपीएन/100 मिली पाया गया।

## योग मुद्रा का निर्माण अंतिम चरण में

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत उसका बाजार के तेतरी तिराहे पर निर्माणाधीन करण योग मुद्रा का निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने बताया कि योग मुद्रा के निर्माण के साथ बाउंड्रीवाल बनाई जा रही हैं । पूरे परिसर का आधुनिक तरीके से विद्युतीकरण कराया जाएगा। योग साधना के लिए बैठने का स्थान, पेयजल, शौचालय आदि का भी निर्माण यहां होगा। इस निर्माण से यहां के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

## लीडरशिप समिट 12 मार्च को


**सिद्धार्थनगर।** जिले के प्रतिभावान लोगों को सम्मानित करने एवं उनको सामाजिक कार्यों को मंच देने के लिए आगामी 12 मार्च को जिला मुख्यालय पर सिद्धार्थनगर लीडरशिप समिट का आयोजन किया गया है।

उक्त जानकारी कार्यक्रम के आयोजक उसका बाजार कस्बा निवासी फूलचंद साहनी ने देते हुए बताया कि इस समिट में होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की हुई मौत, जाँच में जुटी पुलिस

**मौत का कारण जानने हेतु जाँच पड़ताल में जुटी पुलिस**



**बस्ती।** बस्ती जिले में में संदिग्ध मौतों का सिलसिला जारी है जो रुकने का नाम नहीं ले रहा है ।लालगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बानपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी जिसमें 16 वर्षीय किशोरी करिश्मा पुत्री झिनक का शव दुपट्टे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस और फोरेंसिक टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और लाश को कब्जे में लेकर जाँच पड़ताल में जुट गई। पुलिस के अनुसार, लड़की द्वारा फांसी लगाने का कारण अभी तक अज्ञात है,लेकिन प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। हाल के दिनों में हुई कई आत्महत्या की घटनाओं में से एक यह भी है। इससे पहले भी जिले के विभिन्न हिस्सों में आत्महत्या की घटनाएं सामने आई हैं जिसमें अभी तक मौत के कारणों का पता लगाने में पुलिस असफल रही है।

### जुगैल पुलिस द्वारा फरार चल रहे, 05 नफर वारण्टी अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार



**सोनभद्र/** उत्तर प्रदेश- पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के निकट पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना जुगैल पुलिस द्वारा रविवार को मा0 न्यायालय सोनभद्र द्वारा निर्गत भिन्न-भिन्न वारण्ट के क्रम में 05 नफर वारण्टी अभियुक्तगण अमरनाथ पुत्र रामवृक्ष निवासी ग्राम अगोरी खास थाना जुगैल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 55 वर्ष , कलन्दर पुत्र स्व0 बनारसी निवासी ग्राम गोठानी थाना जुगैल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष ,लल्लू पुत्र स्व0 बबई निवासी ग्राम अगोरी खास थाना जुगैल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 45 वर्ष 04. सन्तु पुत्र स्व0 बबई निवासी ग्राम अगोरी खास थाना जुगैल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 58 वर्ष 05. अनिरूद्ध पुत्र स्व0 बबई निवासी ग्राम अगोरी खास थाना जुगैल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 40 वर्ष को भिन्न-भिन्न स्थान से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 मनोज कुमार सिंह , उ0नि0 हरिनाथ राम , हे0का0 कालेन्दर यादव , हे0का0 श्रवण सिंह यादव शामिल रहे।

### ओबरा में पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति का गठन, अरविन्द कुशवाहा अध्यक्ष और अजीत सिंह महासचिव बने



**ओबरा, उत्तर प्रदेश।** ओबरा के गीता मंदिर सेक्टर 8 में पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति का गठन किया गया। पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति के जिलाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में, पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति सोनभद्र के जिलाध्यक्ष ने अरविन्द कुशवाहा को अध्यक्ष और अजीत सिंह को महासचिव बनाने का प्रस्ताव रखा। सभी पत्रकारों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविन्द कुशवाहा ने कहा कि पत्रकार चौथे स्तंभ के रूप में राष्ट्र निर्माण में निस्वार्थ सेवा करते हैं। उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना संगठन की प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि किसी भी पत्रकार के साथ अन्याय न हो।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सतीश भाटिया, भोला दुबे, राम प्यारे, सुरेंद्र सिंह, राकेश अग्रहरी, कृपा शंकर पाण्डेय, सन्तोष साहनी, कन्हिया केशरी, अनुज जयसवाल, विकास कुमार, शिव प्रताप सिंह, कुमधज चौधरी, मुस्ताक अहमद, किरन गौड़ और अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

# चौकी इंचार्ज रोडवेज थाना कोतवाली की सिथिलता से होमगार्ड न्याय के लिए बार-बार काट रहा चौकी का चक्कर

**● विवेचक उमेश वर्मा चौकी इंचार्ज रोडवेज थाना कोतवाली की सिथिलता से होमगार्ड विभाग का कर्मचारी न्याय के लिए बार-बार काट रहा चौकी का चक्कर**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती** रमाकान्त पाण्डेय पुत्र श्री हनुमान सरन पाण्डेय साकिन डूड़ी कैथोलिया थाना दुबौलिया जिला बस्ती तथा कप्तानगंज थाना जनपद बस्ती में कार्यरत होमगार्ड है प्रार्थी का एचडीएफसी बैंक के शाखा रोडवेज चौराहा बस्ती में खाता है जिसका खाता सं0 50100506446026 है जिसका डेबिट कार्ड सं0 6521660250149125 है प्रार्थी के खाते से विगत दिनांक 06/09/2023 को 25673 रूपया निकल गया था जिसके क्रम में बैंक ने दिनांक 04/09/2023 प्रार्थी के उक्त खाते का यूपीआई ट्रांजैक्शन बंद कर दिया गया था प्रार्थी एचडीएफसी बैंक शाखा कप्तानगंज पर गया लेकिन प्रार्थी का यूपीआई ट्रांजैक्शन चालू नहीं हो पाया प्रार्थी के खाते से दिनांक 06/09/2023 को फर्जी एटीएम से स्विप मशीन द्वारा किसी दुकान से 25673 रूपया का JIO शॉपिंग कर लिया गया प्रार्थी ने पुलिस विभाग व बैंक के तमाम अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया प्रार्थी के खाते में दिनांक 22/09/2023 को 25673 रुपया खाते में वापस आ गया प्रार्थी पैसा निकालने की कोशिश किया पर पैसा नहीं निकल पाया जब बैंक पर संपर्क किया तो बैंक द्वारा कहा गया कि आपके खाते की जांच हो रही है जांच खत्म होने पर आपको पैसा मिल जाएगा बैंक कर्मचारियों ने बताया 25673 रुपया होल्ड कर दिया गया है दिनांक 18/11/2023 को जांच समाप्त हो गई तो बैंक अधिकारियों द्वारा 25673 रुपया प्रार्थी के खाते से काट लिया गया जिससे प्रार्थी बैंक के खिलाफ कोर्ट में 156 (3) CRPC का बाद दाखिल किया जिसमें मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना करने का आदेश हुआ दिनांक 11/05/2024 को मु0 अ0 0210/24 धारा 420 406 IPC में दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और जिसकी विवेचना रोडवेज चौकी इंचार्ज को मिला विवेचना मिलने के बाद उनका ट्रांसफर हो गया पुनः विवेचना रोडवेज चौकी के इंचार्ज उमेश वर्मा को मिला जो बैंक अधिकारियों के साथ में काफी लंबे समय तक




बातचीत करते-करते अब लगभग 2 महीने से फाइनल रिपोर्ट लगाने के फिराक में है जबकि बैंक अधिकारियों द्वारा यूपीआई ट्रांजैक्शन 04/09/2023 को बन्द कर दिया गया था प्रार्थी के खाते में सैलरी दिनांक 05/09/2023 को लगभग शाम 8:00 बजे आया और पैसा प्रार्थी के खाते से 06/09/2023 को स्विप मशीन द्वारा एटीएम सं0 ममममम9125 JIO शॉपिंग किया गया है प्रार्थना पत्र देने के बाद दिनांक 22/09/2023 को पैसा वापस आ गया और दिनांक 18/11/2023 को बैंक द्वारा पैसा पुनः काट लिया गया प्रार्थी का यूपीआई ट्रांजैक्शन बैंक द्वारा बन्द करना और खाते में पैसा वापस आने के बाद पुनः काटना यह प्रमाणित करता है की बैंक के साजिश से ही पैसा निकाला गया है इसमें बैंक पूरी तरह से सम्मिलित है कोर्ट द्वारा जांच कर आख्या तलब कर मुकदमा दर्ज करने का आदेश किया है आख्या विवेचक रोडवेज चौकी इंचार्ज उमेश वर्मा के पास उपलब्ध है। प्रार्थी जो कि विभागीय कर्मचारी (होमगार्ड) है उसके द्वारा लगातार संपर्क करने पर चौकी इंचार्ज कई बार मौखिक और फोन पर बताए की बैंक ग्राहक की संतुष्टि हेतु खाते में पैसा भेज दिया और कुछ समय बाद फिर उसे वापस ले लिया अर्थात इससे स्पष्ट होता है कि बैंक कर्मचारी पूरी तरह दोषी है लेकिन इतनी बात जानने के बाद भी विवेचक उमेश वर्मा चौकी इंचार्ज रोडवेज बैंक कर्मचारियों को दोषी करार देने से भाग रहे हैं और न्यायालय की फाइल को दबा कर बैठे हैं ऐसे में उनके विभाग का ही कर्मचारी (होमगार्ड) न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहा है इतना अंतराल बीत जाने के बाद कोई भी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत न करना चौकी इंचार्ज रोडवेज के ऊपर संदेह का घेरा उपस्थित करता है अब देखना यह है कि स्लक्र लगाकर चौकी इंचार्ज रोडवेज उमेश वर्मा अपना पल्ला झाड़ते हैं या दोषी व्यक्ति को दोषी करार देकर फाइल को न्यायालय में प्रस्तुत करते हैं।

## संतकबीर आई हॉस्पिटल पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**बस्ती।** बस्ती जिले में संतकबीर आई हॉस्पिटल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया गया है। एक बुजुर्ग महिला को आंख की समस्या के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन अस्पताल की लापरवाही के कारण महिला की आंख निकालनी पड़ी।स्वास्थ्य महकमे के उच्चाधिकारियों की मिलीभगत से डाक्टर और निजी अस्पताल मरीजों की जिंदगी से खेल रहे हैं। ताजा मामला सन्तकबीर आई हॉस्पिटल से जुड़ा है। गोरखपुर जिले के सिकरीगंज थाना क्षेत्र के पिपरा नेम निवासी रामकेवल पुत्र रामलौट ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सम्बन्धित डाक्टर के विरूद्ध कार्यवाही की मांग किया है। शिकायती पत्र में रामकेवल ने कहा है कि उनकी पत्नी शकुन्तला देवी को आंख् की रोशनी में कुछ परेशानी थी जिसको लेकर धनघटा थाना क्षेत्र के बसवारी स्थित सन्तकबीर आई हॉस्पिटल गये।

वहां मौजूद लोग बस्ती जिला मुख्यालय पर बड़ेवन स्थित संतकबीर आई हॉस्पिटल ले आये। यहां डाक्टरों ने आंख का आपरेशन किया और मरीज को 24 जनवरी को छुट्टी दे दी। घर पहुंचने पर आंख की परेशानी और बढ़ गई। 27 जनवरी को पुनः बस्ती संतकबीर आई हॉस्पिटल लेकर आये। उस दिन हॉस्पिटल के लोगों ने दवाइयों का परचा और जांच रिपोर्ट सब ले लिया और सोनौली वाले बस पर बैठाकर भैरहवां जाकर आंख दिखाने की सलाह दिया।



वहां लुम्बिनी आई इन्स्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेन्टर श्री राना अम्बिका शाह आई हॉस्पिटल के डाक्टरों ने कहा इंफेक्शन फैल चुका है, आंख नही निकाली गई तो कैंस होने का खतरा है।मजबूर होकर आंख निकलवानी पड़ी। वापस पुनः 07 फरवरी को संतकबीर आई हॉस्पिटल-बसती पहुंचे, डाक्टर को सारी जानकारी दी। इसके बाद डाक्टर और अस्पताल के स्टाफ भड़क गये, कहा कहीं शिकायत करने पर जान से हाथ धोना पड़ेगा, चुपचाप घर चले जाओ। शिकायतकर्ता ने आशंका व्यक्त किया है कि अस्पताल के संचालक प्रभावी लोग हैं उनकी जान माल का खतरा है। उन्होने मामले की जांच कर इलाज में की गई लापरवाही, तथा आंख खोने व आर्थिक मानसिक क्षति की पूर्ति के लिये मुआवजा दिलाने की मांग किया। शिकायतकर्ता ने कहा अस्पताल का कई जिलों मे नेटवर्क फैला है। अपने एजेन्टों के द्वारा मरीजों को गांव देहात से लाकर उनका आर्थिक, मानसिक दोहन किया जा रहा है।

## मारपीट मामले में कप्तानगंज पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बजाए लीपापोती में जुटी

**चौकी महाराजगंज और कप्तानगंज थाने के बीच उलझा मारपीट का मामल- चौकी महाराजगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर से जुड़ा मामला**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीजिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर के राजस्व गांव भाव पुर में सुबह मारपीट हुई थी । मारपीट में युवक शैलेश कुमार घायल हो गया था। घायल शैलेश कुमार के परिजनों ने महाराजगंज चौकी प्रभारी और कप्तानगंज थाने पर सूचना दिया है । पीड़ित परिवार ने चौकी प्रभारी महाराजगंज और प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र मिश्र पर आरोप लगाया है मारपीट मामले में दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए लीपा पोती कर रही है। सुबह 11:00 बजे से शाम 03 बजे तक कप्तानगंज पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित परिवार न्याय के लिए कप्तान गंज थाने और महाराजगंज चौकी का चक्कर लगा रहे हैं। तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के अवकाश पर रहने के कारण बस्ती पुलिस की रवैया ठीक नहीं है यदि कप्तानगंज पुलिस ऐसे ही कार्य करती रही तो पीड़ितों को न्याय कैसे मिलेगा ? जो एक जांच का विशेष बना हुआ है जिसको लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही है । संबंध में कप्तानगंज प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र मिश्र ने बताया कि मारपीट मामले की जांच करने के लिए चौकी प्रभारी महाराजगंज को भेजा दिया है। वही चौकी प्रभारी महाराजगंज ने बताया कि मारपीट मामले की जांच कर प्रभारी निरीक्षक को अवगत करा दिया गया है। सूत्रों की माने तो मीडिया को सक्रिय देख कर कप्तानगंज आनन फानन में घायल शैलेश कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पर मेडिकल कराने के लिए ले गई है। उक्त प्रकरण में मुकदमा दर्ज हुआ कि नही इसकी जानकारी मीडिया को अभी नही दी गई है।

## समाज को बिखराव से बचाना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है-ओम प्रकाश आर्य

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीजिलेमे आर्य समाज नई बाजार बस्ती के साप्ताहिक सत्संग में उपस्थित लोगों ने वैदिक यज्ञ कर ईश्वर से समाज के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर ओम प्रकाश आर्य प्रधान आर्य समाज नई बाजार बस्ती ने जिले में बढ़ते ईसाइयत के प्रचार पर चिन्ता जाहिर करते हुए प्रशासन से संज्ञान लेकर कार्यवाही करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि कि ईसाई मिशनरियां एक सोची समझी नीति के अनुसार जिले के भोले भाले गरीब दलित परिवारों को असाध्य रोगों को दूर करने, पैसे देने, पढ़ाई कराने, विवाह और नौकरी का लालच देकर उन्हें ईसाई बनाने का कुचक्र चल रहा है। चंगाई सभा के आयोजनों से ये लोग आम जनता को उनके सनातन धर्म से दूर करके धर्मांतरित कर रहे हैं। ऐसे में उन्होंने लोगों से अपने वैदिक संस्कारों को अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि ऊपर से देखने पर ईसाई मत एक सभ्य, सुशिक्षित,शांतिप्रिय समाज लगता हैं। जिसका उद्देश्य ईसा मसीह की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार एवं निर्धनों, दीनों की सेवा-सहायता करना हैं। लेकिन धरातल पर इसका ठीक उलटा है। यह कटु सत्य है कि ईसाई मिशनरी विश्व के जिस किसी देश में गए। उस देश के निवासियों के मूल धर्म में सदा खामियों को प्रचारित करना एवं अपने मत को बड़ा चढ़ाकर पेश करना ईसाईयों की सुनियोजित नीति रही हैं। इस नीति के बल पर वे अपने आपको श्रेष्ठ एवं सभ्य तथा दूसरों को निकृष्ट एवं असभ्य सिद्ध करते रहे हैं। मदर टेरेसा, सिस्टर अलफोंसो, बैनी हिन्न, पोप जॉन पॉल जैसे लोग जो स्वयं किसी न किसी गंभीर रोग से पीड़ित थे और अपना इलाज विदेश जाकर करवाते रहे हैं वो आज संत हैं और उनका नाम लेकर चमत्कारपूर्वक लोगों असाध्य रोगों को जड़ से ठीक करने के दावे किए जा रहे हैं। ऐसे में हमें उनके इन षड्यंत्रों को समझना होगा और इससे बचने बचाने के उपाय करने होंगे। *समाज को बिखराव से बचाना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है*। वे यह भी बताते हैं कि प्रभु यीशु उनके समस्त पापों को क्षमा कर देते हैं जबकि वैदिक धर्म यह बताता है कि किए गए कर्मों का फल अवश्य मिलता है। पहले तो वे लोगों को बताते हैं कि वहां भेदभाव नहीं होता पर भारतीय चर्च भी अब यह स्वीकार करता है कि एक करोड़ 90 लाख भारतीय ईसाइयों का लगभग 60 प्रतिशत भाग भेदभावपूर्ण व्यवहार का शिकार है। उसके साथ दूसरे दर्जे के ईसाई जैसा अथवा उससे भी बुरा व्यवहार किया जाता है। दक्षिण में अनुसूचित जातियों से ईसाई बनने वालों को अपनी बस्तियों तथा गिरिजाघर दोनों जगह अलग रखा जाता है। उनकी 'चेरी' या बस्ती मुख्य बस्ती से कुछ दूरी पर होती है और दूसरों को उपलब्ध नागरिक सुविधओं से वंचित रखी जाती है। चर्च में उन्हें दाहिनी ओर अलग कर दिया जाता है। उपासना (सर्विस) के समय उन्हें पवित्र पाठ पढने की अथवा पादरी की सहायता करने की अनुमति नहीं होती। बपतिस्मा, दृढ़िकरण अथवा विवाह संस्कार के समय उनकी बारी सबसे बाद में



आती है। नीची जातियों से ईसाई बनने वालों के विवाह और अंतिम संस्कार के जुलूस मुख्य बस्ती के मार्गों से नहीं गुजर सकते। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने स्तर से लोगों को इनके चंगुल में फंसने से बचने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नितीश कुमार, शिव श्याम, विश्वनाथ, नवल किशोर चौधरी, राम मोहन पाल,मनोज कुमार गुप्ता, सचिन सोनी, गणेश आर्य, राधेश्याम आर्य, वंश, रोली, अंश कुमार, कृष्णा, सुमित कुमार, राधा देवी, महिमा आर्य, राजेश्वरी, रिमझिम, परी, पुनीत राज सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## वन्य क्षेत्र में हिंसक पशुओं के हमले रोकने व इलाज हेतु मुवाआजा देने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर।** वन्य क्षेत्रों में आम आदमी वन्य जीवों के हमले का आये दिन शिकार हो रहे है। यूं कहिये कि आम आदमी का जीवन खतरे में पड़ चुका है। अब आम आदमी शासन व प्रशासन से जान बचाने की गुहार लगाता घूम रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार महेन्द्र नाथशुक्ल पुत्र रामसुन्दर ने बताया कि बीते 27 फरवरी को अपने पुत्र प्रदीप कुमार शुक्ला के साथ मोटरसाइकिल से अपने गांव से गणेशपुर धामा चौरी से लालापुरवा जा रहे थे । अचानक रास्ते में तेंदुवा दोनो पर हमला कर दिया जिससे दोनो पिता पुत्र बुरी तरह से घायल हो गये। परिजनों ने प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवपुरा में भर्ती कराया जहाँ प्रदीप कुमार



शुक्ला की गम्भीर हालत होने के कारण उन्हें संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर भेज दिया गया महेन्द्रनाथ शुक्ला ने वन क्षेत्राधिकारी वनकटवा को पत्र भेज कर इलाज हेतु मुआवजे की मांग की है वही शासन को पत्र भेज कर हिंसक पशुओं वन्य जीवों के हमले रोकने की भी गुहार लगाई है, स्मरण रहे कि



वीते वर्ष भांभर जनकपुर वनकटवा बरहवां आदि रेन्जों से हिंसक पशुओं के सैकड़ों हमले हो चुके हैं। और अब तक लगभग एक दर्जन से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके -हैं। यदि शासन प्रशासन ने इस पर अंकुश नहीं लगाया तो आम आदमी - का जीना दुश्वार हो जाऐगा

## डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**● योजना के तहत ऋण आवेदन पत्र स्वीकृत होने के पश्चात बैंक द्वारा डिस्बर्समेंट में विलंब पर डीएम ने जताई नाराजगी , सुधार न होने पर कड़ी कारवाही की दी चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में डीएम ने बैंकवार योजना के तहत ऋण आवेदन पत्र स्वीकृत एवं डिस्बर्समेंट किए जाने की समीक्षा की , उन्होंने कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत युवा उद्यमियों को 05 लाख रुपए तक की परियोजना के लिए चार वर्ष तक ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है । उन्होंने निर्देश दिया कि योजना के तहत



बैंक में तय समय सीमा के अंदर ऋण आवेदन पत्रों का स्वीकृति एवं डिस्बर्समेंट किया जाए। ऋण आवेदन पत्र में कोई कमी है तो उसको लाभार्थी से बात करके एक बार में ही दूर कर लिया जाए , बिना वजह लाभार्थी को बैंक के चक्कर न लगवाया जाए।

उन्होंने कहा कि योजना के लाभार्थियों से रैंडम वार्ता की जाएगी , अगर बेवजह बैंक बार बार बुलाए जाने की शिकायत मिलती है तो संबंधित बैंक के विरुद्ध कारवाही के लिए उच्च स्तर को लिखा जाएगा। उन्होंने ऋण आवेदन पत्र स्वीकृत किए जाने के सापेक्ष डिस्बर्समेंट में कम प्रगति पर एसबीआई के शाखा प्रबंधक के विरुद्ध रेजिनल हेड ऑफिस को पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया। कहा कि सभी बैंक ऋण आवेदन पत्र स्वीकृत के सापेक्ष शत प्रतिशत डिस्बर्समेंट सुनिश्चित करें।इस दौरान उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा समिति की वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए कड़े निर्देश

**● बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर जताई चिंता**

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक महत्वपूर्ण वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। इस बैठक में मंडली सड़क सुरक्षा समिति और सभी जिलों की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने वीडियो के माध्यम से प्रतिभागी किया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसे रोकने के लिए कई सख्त कदम उठाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि "सड़क दुर्घटनाओं से उत्तर प्रदेश और देश को अत्यधिक बहुमूल्य क्षति हो रही है। इसे किसी भी हाल में रोकना हम सभी का दायित्व है।" उन्होंने सड़क सुरक्षा के दिशा में कई अहम कदम उठाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर में सड़कों पर अतिक्रमण को लेकर एक विशेष अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा



कि सड़कों पर अतिक्रमण को हटाने के लिए सभी जिलों में कड़े कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा, हेलमेट और सीट बेल्ट न लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों, जैसे रेड लाइट जंपिंग और ड्रंकन ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ कड़ी सजा देने की बात की। इसके तहत, उनके लाइसेंस को निलंबित करने और समाप्त कर देने की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने सड़कों की इंजीनियरिंग में सुधार के लिए भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए ताकि गति पर नियंत्रण रखा जा सके। साथ ही, किसी भी हालत में सड़कों पर जाम न लगने देने की बात कही। उन्होंने जाम को हटाने के लिए अतिक्रमण हटाने, सड़कों के किनारे खड़े ट्रक, बस और अन्य वाहनों को विशेष पार्किंग स्थलों में खड़ा करने के निर्देश दिए।

इस बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव, पीडब्ल्यूडी, आरटीओ यातायात सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बैठक के अंत में सभी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए, ताकि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी आ सके।

## जिला युवा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने तुलसीपुर और गैसड़ी विधायक को सौंपा ज्ञापन

**● अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 का मुद्दा विधानसभा में उठाएंगे दोनो विधायक**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर,** अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में बलरामपुर युवा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला,महामंत्री शिव योगी शुक्ला अपने युवा अधिवक्ताओं के साथ शासन सत्ता के विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला और समाजवादी पार्टी के विधायक गैसड़ी राकेश यादव को एक मांग पत्र के साथ ज्ञापन दिया और कहा कि अधिवक्ताओं के हित के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए ,परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित ना किया जाए वा उनके लोकतांत्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाए।पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं की मांग मेडिक्लेम और अधिवक्ता की मृत्यु पर 10 लाख का बीमा



राशि प्रदान की जावे।अधिवक्ता पंजीकरण के समय लिए जा रहे 500 रुपए की स्टांप को प्रादेशिक परिषदों को वापस किया जाए और राज्य सरकार द्वारा विधिक स्टांप की बिक्री से प्राप्त धनराशि का 2 प्रतिशत अधिवक्ताओं के कल्याणकारी योजनाओं पर खर्चा किया जाए।अधिवक्ता संशोधन बिल 2025को तुरंत वापस लिया जाए। इसी मांग पत्र का ज्ञापन शासन सत्ता और विपक्ष के विधायक को सौंपा,साथ में चर्चा करते हुए कहा कि यदि अधिवक्ता के स्वतंत्रता पर रोक लगाया गया तो जनता का भी हित प्रभावित होगा और अधिवक्ता हित को देखते हुए इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाने का अनुरोध किया।इस अवसर पर अधिवक्ता दिनेश सिंह,अरुण उपाध्याय, दि कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी, अधिवक्ता मनीष सोनकर, अधिवक्ता महादेव साहू, अधिवक्ता मनीष गौतम, अधिवक्ता गुंजन तिवारी, अधिवक्ता मनीष यादव, अधिवक्ता सत्य प्रकाश यादव, अधिवक्ता अश्वनी त्रिवेदी, अधिवक्ता राहुल मिश्रा, अधिवक्ता विभूति द्विवेदी, अधिवक्ता समीर यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान ने ओबरा सफाई कर्मियों को जूते वितरित किए - योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक

**ओबरा, सोनभद्र।** धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान के ट्रस्टियों ने आज ओबरा बाजार में नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मियों को सुरक्षा जूते वितरित किए।संस्थान के ट्रस्टी संकट मोचन झा और आशुतोष पाठक ने कहा कि सफाई कर्मी शहर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इन श्रमिकों ने वैश्विक महामारी कोरोना और हाल ही में संपन्न हुए प्रयागराज महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों के दौरान भी सराहनीय कार्य किया है।ट्रस्टियों ने कहा कि ओबरा शहर में भी सफाई कर्मी नियमित रूप से सफाई कार्य करते हैं, चाहे ठंड हो, गर्मी हो या बारिश हो। उन्होंने कहा कि संस्थान का यह छोटा सा प्रयास उन जरूरतमंदों के लिए था जो सुबह से शाम तक शहर को स्वच्छ रखने के लिए काम करते हैं।धन्वंतरी



पतंजलि योग संस्थान के संस्थापक सदस्य योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक ने कहा कि संस्थान भविष्य में भी मजदूरों, गरीबों और असहायों की मदद करने के लिए तत्पर रहेगा।

## थाना ओबरा में होली, रमजान और अन्य त्योहारों के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित



**ओबरा**–आगामी त्योहारों होली, रमजान और अन्य के शांतिपूर्ण आयोजन के संबंध में एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और त्योहारों से संबंधित लोग उपस्थित रहे। नगर पंचायत और बिजली विभाग के अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।बैठक में, होली, रमजान और ईद को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। त्योहारों के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं पर भी चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए निर्देशित किया गया।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस टीम ने रविवार को पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। कुंडवल गांव निवासी देवीदीन पुत्र गंगा प्रसाद पर दलित किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने और उसके साथ दुष्कर्म का आरोप था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। वह काफी समय से वांछित चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया है।

## श्री बागेश्वर राजा राम मंदिर तुलसी मार्केट द्वतीय दिवस पर राम कथा में शिव बारात कथा का हुआ आयोजन

**कछौना, हरदोई।** श्री बागेश्वर राजा राम मंदिर तुलसी मार्केट में द्वतीय दिवस के अवसर पर राम कथा में शिव बारात कथा का कथा व्यास श्री आदर्श कृष्ण शास्त्री जी महाराज आचार्य जी ने वर्णन किया। पूरा कस्बा धर्म आस्था भक्ति की गूंज से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर कथा व्यास ने शिव बारात का सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने बताया शिव दुनिया के सबसे तेजस्वी प्राणी थे, एक दूसरे प्राणी को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले थे। शिव पार्वती का रूप, नौनिहाल, बालिकाओं ने किया, बाल स्वरूप छवि में काफी सुंदर लग रहे थे। शिव बारात में सभी जीव, देवता, जानवर, कीड़े मकोड़े, भूत पिशाच, धूमधाम से शामिल हुए। शिव विवाह की कथा का वर्णन किया। शिव विवाह की कथा सुनने व पढ़ने बाद ही पुण्य प्राप्त होता है। हर तरफ जय भोले के नारे से वातावरण गुंजायमान हो गया। इस कथा का श्रवण दूर दराज के पुरुष महिलाएं बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस कथा में वरिष्ठ भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ला, युवा नेता संदीप सिंह, वरिष्ठ पत्रकार व संपादक राष्ट्रीय सहारा बृजेश मिश्रा, अर्जुन सिंह, संरक्षक रामखेलावन गुप्ता, अध्यक्ष रवि गुप्ता, चेयरपर्सन क्रांति वीर सिंह रैना, आंशू गुप्ता, डॉक्टर दुर्गेश पाठक, जे0बी0 सिंह, विनय शुक्ला, कथा के आयोजक राधा रमण शुक्ला, कृष्ण कुमार शुक्ला, राधा कृष्ण शुक्ला, बालकृष्ण शुक्ला, डीके दीक्षित, तुलसी गुप्ता, गणेश शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसावादन किया।

## समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामज्ञान गुप्ता ने पीडीए जन पंचायत को सम्बोधित किया

**हरदोई।** गांव हसनापुर में मुकेश वर्मा के आवास पर पीडीए जन पंचायत को सम्बोधित करते समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं हरदोई नगर पालिका से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम पिछले 27 जनवरी से प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में सेक्टरवार लगातार आयोजित किया जा रहा है। भाजपा पीडीए से घबराई हुई है। रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि जो लोग यूपी चुनाव साथ नहीं करा सकते हैं वह एक राष्ट्र एक चुनाव की बात कर रहे हैं। आज जरूरत है एक राष्ट्र एक शिक्षा की जिसमें किसान, मजदूर और अधिकारी के बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण कर सके। भाजपा सरकार में छात्र, नौजवान, किसान, बेरोजगार व व्यापारी सभी परेशान है। अपराध चरम पर है महिलाओं के साथ जघन्य अपराध हो रहे हैं। रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि जनता चुनाव का इंतजार कर रही है। 2027 में भाजपा की झूठ, लूट और बेईमानी वाली सरकार को जनता हमेशा के लिए सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देगी। मुख्य रूप से कार्यक्रम के आयोजक मुकेश वर्मा, प्रवेश कुमार वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, काशी वर्मा, मेवाराम वर्मा, सोनू गुप्ता, विकास गुप्ता, अवनीश यादव, राजा बेटा वर्मा, महेश वर्मा, रामसागर वर्मा, रामू वर्मा, धर्मेंद्र यादव ÷दीपू÷ एवं माताएँ, बहने मौजूद रही।

## सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाएं : ब्रिजेश सिंह

**सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के जिवपुर चौराहे पर चौपाल लगाकर ईद उल-फितर व होली पर्व को लेकर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए रविवार को थानाध्यक्ष बृजेश सिंह की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान सम्भ्रान्त



व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील करते हुए थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि सभी लोग एक दूसरे के धर्म की भावनाओं का सम्मान करें, और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाएं। कस्बे में शान्ति व्यवस्था बनाये रखें। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडनें की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों एवं अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, बल्कि अफवाहों की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें व सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, मूल चन्द्र मिश्र,लौटन,शनि, उपनिरीक्षक राम वचन शर्मा, हेड कांस्टेबल विनोद, कांस्टेबल अभिषेक सिंह अमरिंदर तथा क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 84 कोसी परिक्रमा दूसरा पड़ाव पहुंचा हर्रैया साधू,संत,महंतों का प्रशासन ने किया जोरदार स्वागत

## 84 कोसी परिक्रमा कर रहे 62 वर्षीय बुजुर्ग श्रद्धालु की अटैक पड़ने से हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात

**कोथावां/हरदोई।** 84 कोसीय परिक्रमा में दूर दराज देश-विदेश से आए साधु संतों महात्माओं ग्रहस्तों ने शामिल होकर रामा दल की शोभा बड़ाई। परिक्रमा में बोल कड़ाकड़ सीताराम की जयघोष चारों ओर से गूंजता रहा। परिक्रमा में पहुंचे पहला आश्रम महंत नारायन दास बाबा, महासचिव संतोष दास खाकी,वेद ब्यास पीठाधीश्वर अनिल शास्त्री,विमल बजरंगी सहित साधू संतों का संडीला तहसील प्रशासन एसडीएम, नायब तहसीलदार, अधिशाषी अधिकारी बेनीगंज, सी.ओ.संडीला थाना प्रभारी बेनीगंज,अतरौली, खण्ड विकास अधिकारी कोथावां, सीएचसी प्रभारी कोथावां ने पुष्प वर्षा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। वही 84 कोसी परिक्रमा पड़ाव हरैया पर सुबह करीब 5ः00 बजे रमाकांत गुप्ता उम्र करीब 62 वर्ष पुत्र स्वर्गीय श्याम बिहारी गुप्ता निवासी अंबा जिला मुरैना मध्य प्रदेश अपने करीब 70 साथियों के साथ बस से परिक्रमा करने आए थे। जिनकी सुबह अटैक पड़ने से आकस्मिक मृत्यु हो गई। जिनके परिजन अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावां ले गए जहां पर चिकित्सक ने बुजुर्ग श्रद्धालु को मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया है साथी राजेंद्र




प्रसाद निवासी अम्बा व गौतम दीक्षित निवासी नैमिष के पुरोहित ने बताया मृतक करीब 12 वर्ष पहले से प्रति वर्ष परिक्रमा कर रहा था। प्रति वर्ष अपने सहयोगियों सहित भाव और श्रद्धा के साथ पड़ाव पर भंडारा करता था। जो गत वर्षो की भांति इस बार भी भंडारा करने के लिए आया था। मृतक बुजुर्ग के दो लड़के व दो लड़कियां हैं। मृतक श्रद्धालु 25 फरवरी को कुंभ स्नान के लिए गया था। 27 फरवरी कुंभ स्नान करके वहीं से नैमिष धाम आकर 84 कोसी परिक्रमा में अपने साथियों के साथ शामिल हुआ था। चौकी प्रभारी कोथावां विजय कुमार ने बताया शव का पंचनामा भरकर जिले पर भेजा गया है।श्रद्धालु की मौत का समाचार सुनकर 84 कोसी में आए हुए साधु संत महंतों ने दुख जताया है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीखालसा में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीखालसा में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। सरकार की मंशा स्वास्थ्य स्वच्छ प्रदेश हो अपना, कहते हैं स्वास्थ्य शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इस आरोग्य मेला में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र के पुरुष महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवाएं प्राप्त की। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की नीव होती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीखालसा में एचसीएल फाउंडेशन के माध्यम से मरीजों को टेली मेडिसिन का फायदा कई वर्षो से अनवरत रूप से मिल रहा है। मौसम में परिवर्तन हो रहा है। जिससे सामान्य बीमारी बुखार खांसी जुकाम खुजली उल्टी आदि समस्या होती है। जिसके बारे में बचाव व




जागरूकता की जानकारी दी गई है। मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना के तहत गोल्डन कार्ड की भी उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर डॉक्टर सौरभ, डॉ0 करण सिंह, फार्मासिस्ट श्रवण कुमार, एएनएम रेनू देवी, स्टाफ नर्स मीनाक्षी सिंह, लैब टेक्नीशियन पूनम देवी सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सैकड़ो की संख्या में मरीजों ने स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाया।

# जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर दिए स्पष्ट निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** शासन की मनसा अनुरूप जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सड़क सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए जनपद में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। सड़कों पर सिगनेज लगाया जाए। ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर रक्षात्मक उपाय किया जाए। सड़कों के अवैध कट बंद किये जाए। यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक किया जाए तथा परावर्तन के लिए सघन अभियान चलाया जाए। पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो फ्यूल की नीति को कड़ाई से लागू किया जाए। चौराहों पर रोड लाइट लगवाई जाए। यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। परिवहन विभाग व पुलिस विभाग की टीमें मिलकर जनपद में सुगम यातायात के लिए कार्य करें। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के आसपास स्थित स्वास्थ्य केंद्र कल उपचार उपलब्ध कराने हेतु सुविधाओं से लैस रहे तथा एंबुलेंस को अलर्ट मोड में रखा जाए।

# निलंबित शिक्षक की बहाली ,एसडीएम व बीएसए हाईकोर्ट में तलब

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भरवठिया बाजार में तैनात शिक्षक को बहाल करने के साथ ही एसडीएम डुमरियागंज व बीएसए सिद्धार्थनगर को हाईकोर्ट इलाहाबाद ने तलब करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।विद्यालय में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापक के ऊपर एमडीएम का राशन बेंचने के आरोप में निलंबन की कार्रवाई करते हुए डुमरियागंज थाने में केस दर्ज कराया गया था।शिक्षक के द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल किए गए याचिका पर सुनवाई के दौरान शुक्रवार को आदेश पारित किया है। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भरवठिया बाजार का है,जहां 25 दिसंबर 2024 को क्रिसमस डे की छुट्टी थी।ग्राम प्रधान ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक सूर्यवीर सिंह यादव पर विद्यालय के कमरे में रखा चावल व गेहूं को पिकप पर लाद कर बेचने का आरोप लगाते हुए एसडीएम डुमरियागंज के साथ ही पुलिस को सूचना दिया।उपजिलाधिकारी डुमरियागंज के निर्देश पर तत्कालीन नायब तहसीलदार डुमरियागंज महबूब आलम ने पिकप को कब्जे में लेकर कार्रवाई के लिए डुमरियागंज पुलिस को सुपुर्द कर दिया।तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक सूर्यवीर सिंह यादव को निलंबित करते हुए बीईओ भनवापुर को उनके खिलाफ केस दर्ज कराने का निर्देश दिया।डुमरियागंज पुलिस ने बीईओ भनवापुर राजेश कुमार के तहरीर पर केस दर्ज कर जांच में जुट गई।नियम विरुद्ध निलंबित कर केस दर्ज कराने के बाद पीड़ित शिक्षक ने हाईकोर्ट इलाहाबाद का शरण लिया था।निलंबित शिक्षक के द्वारा बीईओ व डीएम को पत्र देकर पहले ही कोटेदार व प्रधान पर पैसा मांगने का आरोप लगाया था,इन सभी साक्ष्यों को हाईकोर्ट में पेश करने पर कोर्ट ने 17 जनवरी 2025 को केस पर स्थगन आदेश पारित करने के साथ ही बीईओ भनवापुर राजेश कुमार को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।निलंबन के मामले में उच्च न्यायालय ने एसडीएम डुमरियागंज को कारण बताने का निर्देश देते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा स्थापित व बेसिक स्कूल के कामकाज और पर्यवेक्षण में हस्ताक्षेप क्यों किया,वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से अपने नियंत्रण में एक बेसिक स्कूल के प्रबंधन और पर्यवेक्षण में हस्ताक्षेप की अनुमति क्यों दिया।हाईकोर्ट ने 28 फरवरी 2025 को पारित अपने आदेश में सूर्यवीर सिंह यादव इंचार्ज प्रधानाध्यापक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन के साथ ही नियमित वेतन भुगतान करने का निर्देश देते हुए एसडीएम डुमरियागंज व बीएसए सिद्धार्थनगर को 24 मार्च 2025 को तलब किया है।

# महिलाओं के अधिकार व सरकारी योजनाओं के प्रति किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय सूचनाधिकार, मानवधिकार एवं पर्यावरण संरक्षण संगठन बैठक में राष्ट्रीय कार्यालय काशीपुर उत्तराखंड से राष्ट्रीय अध्यक्ष/ संस्थापक नीरज माथुर का आगमन हुआ। बैठक में मंडल,जिला, महानगर,तहसील स्तर के सभी पदाधिकारी आए। बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष डॉक्टर गगन शर्मा ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज माथुर, आस्था माथुर,अमन माथुर ने मंडल अध्यक्ष गगन शर्मा,जिला अध्यक्ष अंजुल वर्मा,महानगर अध्यक्ष केशव जौहरी व तहसील अध्यक्ष डॉक्टर सुवीर राय, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रेमलता सिंह को स्मृति चिन्ह व शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज माथुर ने बैठक में अपने विचार रखे,सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया,संगठन के कार्य व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।जिला महासचिव गौरव अग्रवाल ने सूचना अधिकार व पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के बारे में बताया।अध्यक्ष आस्था माथुर ने महिलाओं के अधिकार व सरकारी योजनाओं



को प्राप्त करने के लिए जागरूक किया। जिला अध्यक्ष अंजुल वर्मा ने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को आई कार्ड व किट देकर सम्मानित किया। महासचिव राजेंद्र गुप्ता ने सभी अतिथियो को राधा कृष्ण की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस बैठक में सुमित शिब्बो,राजीव कुमार चौधरी,रामकुमार गुप्ता,सौरभ वार्ष्णेय,नीलम देवी,प्रशांत आर्य, अंकित वर्मा,भारत अरोरा, कुलदीप वर्मा,अनिल कुमार,प्रमोद कुमार बघेल,प्रदीप कुमार,आनंद प्रकाश,जयवीर शर्मा,सत्येंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# अफ्रीका की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या पर तिरंगा फहराकर बनाया नया रिकार्ड : पर्वतारोही अवनीत मौर्य

## एबीएमपीएल मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने आर्थिक सहयोग से इस बड़े मिशन को किया फतह।

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** यूपी के रहने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने अफ्रीका की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या पर तिरंगा फहराकर नया रिकार्ड बनाया है। अभिनीत मौर्य इस चोटी पर भारतीय ध्वज फहराने वाले पहले भारतीय पर्वतारोही बन गए हैं। विपरीत परिस्थितियों में पथरीले पहाड़ पर बारिश के बीच उन्होंने ये सफलता हासिल की है। उनके इस रिकॉर्ड से उनके और देश के नाम एक और कीर्तिमान जुड़ गया है। अभिनीत मौर्य जी ने इस चोटी माउंट केन्या पर 510 फीट का तिरंगा फहराकर रिकॉर्ड बनाया है और फिर से भारत देश को गौरवान्वित किया है।







हरदोई के कोथावां विकास खंड के सांता के रहने वाले अंतर्राष्ट्रीय युवा पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने अफ्रीका महाद्वीप की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या की चढाई के लिए दिल्ली से 26 फरवरी को नैरोबी के लिए रवाना हुए थे। नैरोबी पहुंचने के बाद अगले दिन माउंट केन्या नेशनल पार्क पहुंच कर चढ़ाई के लिए परमिशन लिया और माउंट केन्या की चढ़ाई हेतु अपने कदम बढ़ाए। 27 फरवरी से शुरु की थी चढ़ाई और 1 मार्च की सुबह 7 बजकर 20 मिनट पर फहराया भारतीय ध्वज। यह जानकारी अभिनीत ने बेस कैंप पहुंच कर साझा की, बताया मेरा मिशन सफल हुआ आप सभी सम्मानित साथियों का बहुत- बहुत धन्यवादअभियान के दौरान पर्वतारोही को तेज बर्फीली हवाएं व बर्फबारी एवं बड़े चट्टान रास्ते के रोड़ा बन रहे थे, लेकिन मजबूत इरादे के आगे चट्टान टिक न सके न बर्फबारी हौसला डिगा सकी। अभिनीत ने माउंट केन्या को फतह कर उन्होंने तीसरी अंतर्राष्ट्रीय चोटी पर भारतीय ध्वज फहराने का खिताब भी हासिल कर लिया है।

अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य अपनी चढ़ाई के दौरान सदैव देशवासियों के लिए कुछ न कुछ संदेश देते हैं। इससे पहले अन्तर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने पर्यावरण बचाओ? का सन्देश दिया था। इस बार फिर अभिनीत मौर्य ने प्रकृति संरक्षण का बैनर फहराकर लोगों को संदेश दिया। प्रकृति को हरा-भरा बनाना है एक पेड़ माँ के नाम लगाना है। अभिनीत मौर्य के इस मिशन को पूरा करने में एबीएमपीएल मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने आर्थिक सहयोग देकर मिशन माउंट केन्या अभियान को पूरा करने में मदद किया। कंपनी के सीएमडी श्री पुष्पेंद्र मौर्य ने कहा कि मेरे लिए भी ये गर्व का पल है क्योंकि मुझे भी अभिनीत के इस मिशन में मदद करने का मौका मिला और भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को पर्वतारोही अभिनीत ने पहली बार माउंट केन्या पर फहराकर इतिहास रच दिया। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने बेस कैंप पहुंचकर साझा की।

### पर्वतारोही की इस बड़ी कामयाबी के लिए जिलाधिकारी ने की सराहना

इस बड़ी कामयाबी के लिए जिला अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अभिनीत की उपलब्धि पर प्रशंसा जाहिर करते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की है उन्होंने कहा है कि इस प्रकार का जज्बा जनपद के युवाओं को प्रेरणा देता है।

# होली पर मचाया हुडदंग तो नहीं होगी बेल !

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई हरियावां।** होली के त्यौहार को शांति पूर्वक निपटने के लिए शासन प्रशासन ने कमर कस ली है। जिसको लेकर हरदोई पुलिस हर तरीके से निपटने की योजना बना ली है होली के त्यौहार को शांति पूर्वक निपटने के लिए हरियावां पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के होलिका दहन स्थलों का मुआयना कर सख्त निर्देश दे रही है जहां त्यौहार को शांतिपूर्वक निपटने के लिए पुलिस ने क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ-साथ सभी धर्म के धर्म गुरुओं के साथ बैठक कर सभी जरूरी दिशा निर्देश बैठक में दिए जा चुके हैं। इसके बाद होलिका दहन स्थलों पर कोई विवाद ना रहे इसको लेकर इसकी कमान थाना अध्यक्ष बालेंद्र कुमार मिश्र




ने स्वयं संभाली है रविवार को थाना अध्यक्ष ने क्षेत्र के संवेदन सील से लेकर लगभग एक दर्जन से अधिक होलिका दहन स्थलों का मुआयना कर लोगों को साफ निर्देशित किया की होली को आपसी सद्भाव और सौहार्दपूर्ण तरीके का त्यौहार मानकर मनाएं शराबियों और हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रहेगी इसको लेकर स्थानीय पुलिस ने पांच जोनों में क्षेत्र को बांटा है साथ ही सभी अलग-अलग प्रभारी भी बनाए गए हैं गोपनीय तरीके से खुरापातियों व अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए एक विशेष टीम तैयार की गई है अगर फिर भी होली पर माहौल बिगड़ा तो किसी भी प्रकार बक्सा नहीं जाएगा।

# श्रीकृष्ण विवाह का मंचन देख दर्शक हुए मंत्र मुग्ध

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र के महादेव गजपुर गांव में चल रहे नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ में रासलीला के सातवें दिन शनिवार की रात वृन्दावन से आए बाल कलाकारों ने द्वारिका लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। वृन्दावन से आए हुए कलाकारों द्वारा लीला मंचन में दिखाया गया कि विदर्भ देश में भीष्मक नाम के राजा राज्य करते थे।उनकी पुत्री रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण के गुणों और उनकी सुन्दरता पर मुग्ध थी। उन्होंने मन ही मन श्रीकृष्ण को अपना पति मान लिया था । भगवान श्रीकृष्ण तो परम ज्ञानी है। उन्हें ज्ञात था कि रुक्मिणी परम रुपवती और सुलक्षणा भी है। उन्हें वर रुप में प्राप्त करना चाहतीं हैं।भीष्मक का बड़ा पुत्र रुक्मी भगवान श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था।वह बहन रुक्मिणी का



विवाह शिशुपाल से करना चाहता था क्योंकि शिशुपाल भी श्री कृष्ण से द्वेष रखता था।भीष्मक ने रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के साथ करने की तिथि तय कर दी । रुक्मिणी ने यह सूचना श्री कृष्ण के पास भेजी । रुक्मिणी का संदेश पाकर भगवान श्रीकृष्ण वहां पहुंचे। रुक्मिणी को द्वारिका ले जाकर उनके साथ विवाह किया। इस अवसर पर आचार्य दुर्गेश शुक्ल, आयोजक जगराम यादव, बब्बू पान्डेय प्रधान, बुद्धिराम विश्वकर्मा, जग्गी लाल, राजेन्द्र, संतोष गुप्ता,आदि मौजूद रहे।

# राजस्व परिषद् में लम्बित समस्याओं का करायें शीघ्र निराकरण:डीएम

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी की कृष्णांजलि नाट्यशाला में कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ, अलीगढ़ का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में प्रान्तीय अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, प्रान्तीय महामंत्री अजीत कुमार उपाध्याय व वरिष्ठ उपाध्यक्ष के0पी0 सिंह के साथ ही बुलन्दशहर, आगरा, मथुरा, एटा के कलेक्ट्रेट संघ के पदाधिकारियों के द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के सम्बन्ध में पूर्ण रूप से निराकरण हेतु आश्वस्त किया तथा प्रान्तीय कार्यकारिणी एवं अध्यक्ष द्वारा राजस्व परिषद् में लम्बित समस्याओं के शीघ्र निराकरण कराने हेतु आश्वस्त किया




गया। मुख्य रूप से पुरानी पेंशन व्यवस्था पर प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा ध्यान आकर्षित किया गया। सम्मेलन के कार्यक्रम का संचालन कामिनी शर्मा द्वारा किया गया तथा सम्मेलन में अरूण शर्मा, अध्यक्ष, सोहन सिंह, जिला मंत्री, विजय कृष्ण आर्य, कोषाध्यक्ष, रचित वशिष्ठ, शुभम पंवार, सावित्री सिंह, कविता सिंह, अर्पित शर्मा, पीयूष साराभाई, गजेन्द्र सिंह, मधु भारती समस्त पदाधिकारियों द्वारा अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

# एसएफआई से मांगा स्पष्टीकरण व कम्पनी को कारण बताओ नोटिस

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** रमजान के पहले रोजे पर ही रविवार सुबह अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग जलकर निर्माण और स्ट्रीट लाइट विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के संग अपर नगर आयुक्त ने ऊपर कोट जामा मस्जिद रेलवे रोड हाथी वाला पुल दिल्ली गेट शाहजमाल साराय मियां ख्वाजा चौक जमालपुर ईदगाह शमशाद मार्केट फिरदौस नगर आदि क्षेत्रों में रमजान के अवसर पर नगर



निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे रोड सराय हकीम रोड पर कई प्वाइंटों पर कचरा पड़ा हुआ मिला अब्दुल करीम चौराहे से ऊपर कोट कोतवाली जामा मस्जिद रोड पर झाड़ू नहीं लगी थी जिस पर अपर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। मौके पर अपर नगर आयुक्त ने प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित एसएफआई का स्पष्टीकरण और अर्बन कम्पनी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त के साथ सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह जोनल अधिकारी आरपी सिंह बेचन प्रसाद मीडिया सहायक एहसान रब नगर निगम स्वास्थ्य विभाग जलकल विभाग और निर्माण विभाग की टीम में मौजूद थी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## आशाओं की भरोसे चल रहा विशेषरगंज का स्वास्थ्य मेला



**अमेठी।** निशुल्क दवा और निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था के लिए प्रत्येक रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया जाता है । जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अनुभवी चिकित्सक व पैरामेडिकल टीम की मौजूदगी में चिकित्सीय उपचार किया जाता है। लेकिन अब कुछ केंद्र पर टीम द्वारा रुचि नहीं ली जा रही है उनकी लापरवाही बरतने के कारण मरीज मेले में कम आ रहे हैं।जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विशेषरगंज में आज सुबह साढ़े 10 बजे तक आशा बहू छोड़ कोई भी टीम का स्वास्थ्य कर्मी मौजूद नहीं था। किसी मरीज द्वारा इसकी शिकायत अमेठी के सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह से की डा अंशुमान सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी प्रभारी से जानकारी ली तो पता चला कि रास्ते में मोटरसाइकिल खराब होने की बात बताई गई। इस केंद्र पर महिला डॉक्टर, अनुभवी चिकित्सक, फार्मासिस्ट, एएनएम लैब टेक्नीशियन पूरी टीम नहीं थी बल्कि केंद्र पर एक चौकी दार दो आशा बहु मौजूद थी। अमेठी सीएमओ ने बताया की लापरवाही बर्दाश्त नहीं है कार्यवाही की जाएगी।

## श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस पर कृष्ण सुदामा चरित्र का किया गया वर्णन किया



**मुसाफिरखाना/अमेठी।** क्षेत्र के कस्थुनी पश्चिम गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस रविवार को कथा वाचक आचार्य संतोष त्रिपाठी महाराज ने श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता की कथा सुनायी। कथावाचक संतोष जी महराज ने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता समाज के लिए अनुकरणीय है। सुदामा के प्रति श्रीकृष्ण का प्रेम आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि गुरु से कपट व मित्र से चोरी नहीं करनी चाहिए। आज जब भाई-भाई के खून का प्यासा हो जा रहा है ऐसे में श्रीकृष्ण और सुदामा के बीच का भाव समाज के लिए प्रेरणादायक है।आचार्य जी ने कहा कि जैसे-जैसे मनुष्य का स्वभाव बदलता है, वैसे-वैसे उसका प्रभाव भी बदलने लगता है। बड़े भाग्य से मानव जीवन मिला है, इसे आनंद से जिओ। जीवन में व्यस्त रहते हुए भी भगवान की स्तुति मत छोड़ो। कथा वह है जिससे जीवन के विकार स्वत~ही निकल जाते हैं। संसार से मुक्ति का मार्ग सिर्फ श्रीहरि का शरण है। इस मौके पर मुख्य यजमान शिवशंकर ओझा, हनुमान जायसवाल,चन्द्रशेखर ओझा, राजेंद्र ओझा, वंशराज सिंह, अजय सिंह,अतुल सिंह, डॉ दिनेश मौर्य, शैलेंद्र यादव,रामसुंदर तिवारी, सिंटू जायसवाल, संतोष मिश्रा, हर्षित जायसवाल सहित आदि रहे।

## शाहगंज पुलिस ने अवैध पशु तस्करी में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया, 5 भैंस बरामद



**सोनभद्र, 2 मार्च, 2025-** सोनभद्र पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अवैध पशु तस्करी और पशु क्रूरता पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, शाहगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है और एक पिकअप वाहन से 5 भैंस बरामद की हैं। पुलिस ने खैरा पुलिया, ग्राम खैरा के पास एक पिकअप वाहन (संख्या UP 64 CT 4151) में 5 भैंसों के साथ बालमुकुंद यादव (पुत्र रामअवध यादव, निवासी भुइली खास, थाना अदलहाट, मिर्जापुर) को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की उम्र लगभग 38 वर्ष है।अभियुक्त के खिलाफ थाना शाहगंज में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया।बालमुकुंद यादव, पुत्र रामअवध यादव, निवासी भुइली खास, थाना अदलहाट, मिर्जापुर, उम्र लगभग 38 वर्ष। पिकअप वाहन संख्या UP 64 CT 4151 में 5 भैंसें। उप निरीक्षक दीनानाथ राम, थाना शाहगंज, सोनभद्र।हेड कांस्टेबल संतोष यादव, थाना शाहगंज, सोनभद्र।पीआरडी महेंद्र प्रसाद, थाना शाहगंज, सोनभद्र।यह कार्रवाई अवैध पशु तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है।

# केन्द्रीय वन विभाग की टीम ने वनों का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** रविवार को पर्यावरण और? वन मंत्रालय के तहत केन्द्रीय वन? विभाग टीम कैम्पा योजना के तहत जिले के विकास खंड संग्रामपुर के पौधशाला भौसिंहपुर क्षेत्र के कार्यक्रम के तहत किये गए वृक्षारोपण का औचक निरीक्षण किया गया। संग्रामपुर क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत भारत के पर्यावरण और? वानिकी नीतियों के तहत 11 सुनिश्चित स्थानों पर लगभग डेढ़ लाख पौधे का निरीक्षण किया इनमें केशवपुर में देववन, ठेंगहा के बाल वन, शक्ति वन,ग्राम समाज विशेष पौधारोपण मालती नदी तट पर शुकुल पुर से भवानीपुर तक किये गए वृक्षारोपण छाछा के पास मालती नदी के तट पर किए गए वृक्षारोपण के साथ राजबहा नहर 41 पर पूरे शीतला बक्स से लेकर गूजीपुर के वृक्षारोपण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम का मार्ग दर्शक के रूप में वन दरोगा रणवीर सिंह ने बताया कि आज पर्यावरण और वन मंत्रालय के तहत केंद्रीय टीम कैम्पा योजना द्वारा वृक्षारोपण के तहत लगायें गये पौधे का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि कैम्पा यानि प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, के तहत वनरोपण और पुनर्जनन को बढ़ावा देने के लिए गैर- वनीय उद्देश्य के लिए वन भूमि के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए यह निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण यह सुनिश्चित होता है कि निधियों का इस्तेमाल सही हुआ है कि नहीं हुआ है। वन परिस्थितिकी तंत्र का विकास के प्रभाव के उद्देश्य से यह निरीक्षण किया गया। इसके साथ इसका सबसे बड़ा महत्वपूर्ण मकशद वन-सम्बंधी उद्देश्यो के लिए जमा की गई धनराशि इस्तेमाल सही तरीके से किया गया है कि नहीं किया गया है इसी को लेकर यह निरीक्षण संग्रामपुर क्षेत्र के सुनिश्चित 11 स्थानों पर किया गया।इस निरीक्षण के दौरान कैम्पा योजना के तहत केन्द्रीय टीम, पौधशाला पर दिहाड़ी मजदूर राजेन्द्र यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# महिला से मार-पीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### महिला से हुई मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के ऐहार गांव में शनिवार को महिला से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। गांव की रहने वाली सोनी, चम्पा व परागा ने पीड़ित महिला पूनम लोध से मारपीट की थी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। पुलिस ने महिला की तहरीर पर तीनों महिलाओं के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर महिलाओं को शांति भंग में पाबंद किया गया है।

# कल्याणपुर पीपरपुर से निकल कर रेवड़ा गांव को जाने वाला संपर्क मार्ग रो रहा है अपनी बदहाली का रोना

स्वतंत्र प्रभात



**पीपरपुर,अमेठी।** कल्याणपुर पीपरपुर से निकल कर रेवड़ा गांव को जाने वाले संपर्क मार्ग का हाल बदहाल है। पिछले 25 वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा यह संपर्क मार्ग। हर बार चुनाव में बड़े बड़े नेता पहुंचते हैं और वादे करते हैं फिर जनप्रतिनिधि बनने के बाद वापस लौट कर नहीं आते है। हज़ारों ग्रामीणों को आवागमन होने से क्षेत्र के लोगो को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। पिछले 3 दशक से ग्रामीण इस सड़क के जीर्णोद्धार की राह देख रहे है। लेकिन थक हारकर ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से सरकार और अधिकारियों से सड़क को बनवाने की उठाई मांग। पूरा मामला कल्याणपुर-पीपरपुर से निकल कर रेवड़ा गांव को जाने वाले संपर्क मार्ग का है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव आता है तो नेता आते है और बड़े बड़े वायदे करके जाते है लेकिन जैसे ही वो जीत जाते है फिर दुबारा गांव के लोगो की सुध लेने नहीं आते है रास्ता खराब होने के कारण इस गांव में निवास करने वाले लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत भी की गई लेकिन मामला जस का तस बना हुआ है।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली भव्य कलश यात्रा

● **कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु**

स्वतंत्र प्रभात



**शुकुल बाजार अमेठी।** विकासखंड शुक्ल बाजार के पूरे शुकुलन में 2 मार्च से 11 मार्च तक चलने वाली नौ दिवसीय अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष में निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा शुकुल बाजार कस्बा होते हुए आदि गंगा गोमती रेछ घाट पहुंची। जहां मुख्य यजमान कमलेश कुमारी व अवधेश कुमार शुक्ल द्वारा कलश में जल भरकर कथा व्यास मंडप में कलश स्थापित किया गया। भव्य कलश यात्रा शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, भक्तिमय माहौल में अबीर ,गुलाल उड़ाते हुए गगन भेदी जयकारा लगाते हुए भक्तगण शोभा यात्रा में शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य आशुतोष तिवारी सांडिल्य जी ने बताया कि भक्तगणों को नौ दिन तक भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का बड़ा ही सुंदर और चरित्रार्थ वर्णन सुनने को प्राप्त होगा। कथा वाचक ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा में सभी ग्रंथों और पुराणों का सार निहित है वहीं मुख्य यजमान अवधेश कुमार शुक्ला ने बताया नौ दिन तक चलने वाली अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा के रसपान हेतु भक्तों के उठने बैठने आदि का उत्तम प्रबंध कराया गया है। उन्होंने बताया शाम 6~00 बजे से कथा प्रारंभ होगी तथा 11 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद् भागवत की कथा वेद और उपनिषदों का सार है और सकल शास्त्रों का फल है श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से श्री हरि हृदय में आते हैं। भव्य कलश यात्रा में गिरिजा प्रसाद शुक्ला, बिंदेश्वर प्रसाद शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, महेंद्र प्रसाद शुक्ला, पुष्पेंद्र शुक्ला, राजीव शुक्ला, धर्मेंद्र शुक्ला, अजय शुक्ला, गिरीश चंद्र शुक्ला, आवेश शुक्ला, संतोष तिवारी पप्पी, समाजसेवी पीके तिवारी, अनुज शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, आलोक शुक्ला, अरविंद शुक्ला, आयुष शुक्ला सहित हजारों भक्तगण शामिल हुए।

# जन आरोग्य मेले के तहत 61 मरीज़ों का किया गया इलाज

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** जन आरोग्य मेला पी एच सी चन्डेरिया मेले में आए 61 मरीज जिसमें से अधिक महिला, पुरूष व बच्चों का उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से ग्रसित 06 मरीजों को संयुक्त जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। मेले के कुशल संचालन का जायजा लेने के लिए अधीक्षक डा सन्तोष सिंह एवं बी पी एम शम्भू नाथ पाण्डेय सी एच सी संग्रामपुर जनपद अमेठी ने भ्रमण कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चन्डेरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई मरीजों का परीक्षण कर दवा उपलब्ध कराया। रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने संग्रामपुर ब्लाक के चन्डेरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ खामियां मिलने पर सुधार करने का आदेश संबंधित को दिया। अधीक्षक ने खुद कई मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवा उपलब्ध कराया। वहीं डॉ. आरिफ ने मेले में तमाम मरीजों का उपचार किया। स्वास्थ्य मेले में परीक्षण के दौरान 06 रोगियों में गंभीर लक्षण दिखाई देने पर संयुक्त जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। मेले में 11 लाभार्थियों का प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाया गया। मेले को सुचारू रूप से सकुशल संपन्न कराने के लिए अधीक्षक ने 01 चिकित्सक डा आरिफ इकबाल व 08 अन्य स्वास्थ्य कर्मियों फार्मासिस्ट अरूण कुमार मिश्रा, स्टाफ नर्स चन्दन ठाकुर, एल टी काजल नायक, एएनएम तृष्णा सिंह, अर्चना यादव को जिम्मेदारी सौंपी थी। अधीक्षक ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आसानी से स्वास्थ्य सेवा का लाभ उपलब्ध हो रहा है।

# सोनभद्र जिलाधिकारी ने पड़रछ गांव में फ्लोराइड युक्त पानी का लिया जायजा, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र, 2 मार्च, 2025।** सोनभद्र के जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने आज फ्लोराइड से प्रभावित पड़रछ गांव का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गांव के कई घरों में जाकर ग्रामीणों से बात की और फ्लोराइड युक्त पानी की स्थिति का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्राथमिकता के आधार पर नदियों में फ्लोराइड की जांच कराएं और 'हर घर नल से जल' परियोजना को जल्द से जल्द शुरू कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक परियोजना पूरी नहीं हो जाती, तब तक गांव में टैंकरों के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।जिलाधिकारी ने गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से 'हर घर नल से जल' योजना के तहत लगाए गए टोंटी के पानी का उपयोग करने की अपील की और उन्हें इस पानी के स्वच्छ होने के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को गांव में शिविर लगाकर फ्लोराइड से प्रभावित लोगों का इलाज करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने पड़रछ गांव के पटेल नगर में एक हैंडपंप के पानी की जांच की और सुरेश पटेल और राम प्रसाद के घरों में लगे टोंटी के पानी की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि टोंटी का पानी पीने योग्य है।उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के 120 गांवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।जिलाधिकारी ने ग्राम समूह पेयजल परियोजना पड़रछ का भी निरीक्षण किया और जल निगम के अधिकारियों को इसे जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार,उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह और जल निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## हादसे में युवक की मौत से फीकी हुई शादी की रौनक



**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के मानपुर मजरे नरायनपुर में रामकृपाल लोधी की बेटी विमला की शादी जैसे- तैसे वैवाहिक औपचारिकता के साथ सम्पन्न, सड़क हादसे में दूल्हे के परिवार के ही एक युवक के निधन तथा तीन अन्य के सड़क हादसे में घायल होने से शादी की रौनक फीकी रही। गौरतलब हो कि 1 मार्च को मानपुर गांव के रहने वाले रामकृपाल की बेटी की शादी थी जिसमें बाइक सवार कुलदीप अन्य युवकों के साथ बाइक पर सवार होकर मानपुर बारात आ रहा था जो महराजगंज थाना क्षेत्र के ओथी के पास बाइक अनियंत्रित होने से काल के गाल में समा गया, वहीं उसके 3 अन्य साथी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। हादसे की जानकारी होते शादी का माहौल गमगीन हो गया औपचारिकता के बीच जैसे तैसे शादी सम्पन्न हुई, शादी में वर पक्ष के साथ ही कन्या पक्ष भी शोक में डूबा नजर आया, जिससे शादी की रौनक फीकी पड़ गई।

# देर शाम घर से निकले युवक का शव नाले में मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका




स्वतंत्र प्रभात

**मोहनगंज,अमेठी।** जिले में एक युवक का शव गांव के बाहर नाले में मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 32 वर्षीय संतोष पुत्र मंगल निवासी ग्राम राजाका पुरवा, मजरे बारकोट, थाना मोहनगंज के रूप में हुई है, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार, संतोष शाम के समय घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा. कुछ ही देर बाद ग्रामीणों ने गांव के बाहर नाले में उसका शव पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई शव के पास से मृतक की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है।मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि संतोष की हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया गया. मृतक के भांजे ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि संतोष को पहले भी जान से मारने की धमकी मिल चुकी थी. घटना से परिवार में कोहराम मच गया है और परिजन निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## अग्नि पीड़ित परिवार के पास सांसद राहुल गांधी ने भेजी राहत किट



**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के मथुरा नगर मजरे बैंती स्थित अग्नि पीड़ित परिवार के पास रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने राहत किट भेज कर पीड़ित परिवार की मदद की। वहीं मुसीबत की घड़ी में मदद जाकर पीड़ित परिवार ने सांसद राहुल गांधी को खूब दुआएं दी। गौरतलब हो कि मथुरा नगर की रहने वाली दुल्ला पत्नी स्वर्गीय रामआधार जिनके खरफूस के बने आशियाने में आग लगने से झोपड़ी में रखी पूरी गृहस्थी, कपड़े, आनाज इत्यादि सामान जलकर खाक हो गया था जिसकी जानकारी होने पर शिवगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी व रायबरेली सांसद राहुल गांधी को अग्नि पीड़ित परिवार की समस्या से अवगत कराया था। जिसे दृष्टिगत रखते हुए रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार की मदद के लिए तत्काल प्रभाव से राहत किट भेजकर पीड़ित परिवार की मदद की। ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा ने बताया सांसद राहुल गांधी द्वारा भेजी गई राहत किट में कपड़े, बर्तन,राशन इत्यादि सामग्री शामिल है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार की आगे भी मदद की जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर मौर्य, कांग्रेस के बैंती ग्रामसभा अध्यक्ष राजेंद्र राज आदि लोग उपस्थित रहे।

# खुले में बिक रहे हैं मांस मछली स्थानीय लोगों को हो रही है परेशानी

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र** के ओबरा में गजराज नगर क्षेत्र में खुलेआम सार्वजनिक स्थानों पर मांस-मछली की बिक्री हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शासन-प्रशासन के रोक के बावजूद भी दुकानदार नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।दुकानदार अस्वस्थ बकरे और मुर्गो को काटकर बेच रहे हैं, जिससे लोगों में बीमारी फैलने का खतरा है।दुकानों पर साफ-सफाई न होने के कारण तेज दुर्गंध आती है, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है।खुले में मांस की बिक्री से शाकाहारी लोगों की भावनाएँ आहत होती हैं।खुले में जानवरों को काटना पशु क्रूरता कानून का उल्लंघन है।कई दुकानें बिना लाइसेंस के चल रही हैं, जो कि अवैध है।स्कूली बच्चों को भी इससे गुजरना पड़ता है, जो उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है।भारत में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 (Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960) के तहत, जानवरों को अनावश्यक दर्द या पीड़ा देना एक दंडनीय अपराध है। मांस बिक्री की दुकानों के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। जैसे की दुकानों पर साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए और मांस को पर्दे या कपड़े से ढककर रखना चाहिए। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने मांग की है कि अवैध रूप से चल रही मांस की दुकानों को बंद किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।खुले में जानवरों को काटना न केवल अनैतिक है, बल्कि यह कानूनी रूप से भी गलत है। स्थानीय प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पशु क्रूरता कानून का सख्ती से पालन किया जाए और अवैध मांस की दुकानों को बंद किया जाए।

## होली और रमजान शांति और सौहार्द के त्योहार- क्षेत्राधिकारी

**करमा, सोनभद्र-** करमा थाना परिसर में रविवार दोपहर 2:00 बजे घोरावल क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में होली और रमजान त्योहार को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।क्षेत्राधिकारी श्री पांडेय ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली और रमजान का त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देता है। एक तरफ रंगों का त्योहार होली है तो दूसरी तरफ पाक महीना रमजान है। ऐसे में हम सबको दोनों त्योहार मिलजुल कर मनाने चाहिए। त्योहार पर यदि कोई खलल डालने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में होलिका दहन कुल 84 स्थानों पर किया जाएगा। उन्होंने लोगों से होलिका दहन समय पर करने और रंगों का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय, थाना प्रभारी राजकुमार सिंह, क्राइम ब्रांच राजेश कुमार सिंह और क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित थे। होली और रमजान को शांति और सौहार्द के साथ मनाना। त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई। होलिका दहन समय पर करना। रंगों का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाना। क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय,थाना प्रभारी राजकुमार सिंह,क्राइम ब्रांच राजेश कुमार सिंह,क्षेत्र के सम्मानित लोग।

# मुख्यमंत्री ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर व्यक्त की चिंता

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** प्रदेश सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए इसे रोकने के निर्देश दिए। बैठक में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति एवं समस्त जिलों की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभागी किया।

वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की संख्या पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना से प्रदेश एवं देश को बहुमूल्य क्षति हो रही है, इस क्षति को किसी भी कीमत पर रोकना सभी का दायित्व है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने सड़कों पर अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट न लगाने वालों के ऊपर कारवाई करें। उन्होंने रेड लाइट जंपिंग व ड्रंक ड्राइविंग आदि के मामलों में लाइसेंस निलंबन एवं लाइसेंस को समाप्त करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सड़कों की इंजीनियरिंग को सुधारने के लिए विशेष बल देते हुए कहा कि सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर लगाए जाए। कहा कि किसी भी स्थिति में सड़कों पर आवागमन बाधित न होने पाए, आवागमन बाधित होने से प्रदेश की छवि खराब होती है। आवागमन सुचारु बनाए रखने के लिए हटाने के लिए सड़कों पर फैले अतिक्रमण को हटवाए तथा सड़कों के किनारे खड़े ट्रक, बस एवं अन्य वाहनों को विशेष पार्किंग स्थलों में खड़े कराए।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, ट्रैफिक्र इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शाहगंज पुलिस ने अवैध पशु तस्करी में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया, 5 भैंस बरामद

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र, 2 मार्च, 2025-** सोनभद्र पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अवैध पशु तस्करी और पशु क्रूरता पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, शाहगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है और एक पिकअप वाहन से 5 भैंस बरामद की हैं। पुलिस ने खैरा पुलिया, ग्राम खैरा के पास एक पिकअप वाहन (संख्या क्क64 ष्टञ्ज 4151) में 5 भैंसों के साथ बालमुकुंद यादव (पुत्र रामअवध यादव, निवासी भुइली खास, थाना अदलहाट, मिर्जापुर) को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की उम्र लगभग 38 वर्ष है।अभियुक्त के खिलाफ थाना शाहगंज में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया।

बालमुकुंद यादव, पुत्र रामअवध यादव, निवासी भुइली खास, थाना अदलहाट, मिर्जापुर, उम्र लगभग 38 वर्ष। पिकअप वाहन संख्या क्क64 ष्टञ्ज 4151 में 5 भैंसें। उप निरीक्षक दीनानाथ राम, थाना शाहगंज, सोनभद्र।हेड कांस्टेबल संतोष यादव, थाना शाहगंज, सोनभद्र।पीआरडी महेंद्र प्रसाद, थाना शाहगंज, सोनभद्र।यह कार्रवाई अवैध पशु तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है।

# मुख्यमंत्री द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति अतिरिक्त प्रयास करने पर जोर

● -वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश।

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** सड़क सुरक्षा के लिए अब नये तरीके के प्रयास करने होंगे। इसी संबंध में आज प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा सभी अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा संबोधित किया गया। आज माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस उपायुक्त यातायात रविन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसमें जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समितियों की बैठकों का आयोजन करने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने, और यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी स्कूलों-कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता और डिबेट कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। एक सप्ताह तक यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सीट बोल्ट लगाने, हेलमेट पहनने आदि पर जोर दिया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस को देखकर भागने से नहीं हुई युवक की मौत

● -गांव वालों का आरोप सही नहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** थाना महाराजपुर क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव के लड़के की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत-प्रकरण में डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि ये लोग जुआ खेल रहे थे लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग चुके थे। तो अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है जैसा कि आरोप लगाया जा रहा है। यह घटना थाना महाराजपुर क्षेत्र के एक गांव की है, जहां एक लड़के की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंची और तत्काल लड़के को अस्पताल ले गई, लेकिन इलाज से पहले ही उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस जुआ पकड़ने गई थी, जिसके चलते लड़का भागा और उसकी मौत हो गई। हालांकि, प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि ग्रामवासियों की जानकारी से पता चला कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही वहां जुआ खेलने वाले लोग भाग चुके थे। बाद में कुछ महिलाओं ने, जो बकरी चरा रही थीं, लड़के को खेत में बेहोश पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लड़के को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में यह भी सामने आया कि मृतक और उसके तीन अन्य साथियों ने शराब पी थी। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। परिवार को पूरी जानकारी दे दी गई है, और मामले की जांच जारी है। कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

## झगड़े के बाद दोस्त ने कार से कुचलकर की दोस्त की हत्या

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** यहां किसी न किसी वजह से युवाओं की हत्या का सिलसिला जारी है, जिसके क्रम एक और युवक को मौत के घाट उतार दिया गया। वह दोस्त के बुलावे पर पहुंचा था। इसके बाद उसका रक्त रंजित शव बरामद किया गया। आरोप है कि इसके पहले झगड़ा हुआ था जिसके फलस्वरूप ही उसकी कार से कुचल कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद उसके दोनों साथी भी फरार हैं। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच के साथ ही आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवराजपुर थाना क्षेत्र के बुद्धपुर गांव के पास काकूपुर हलबल गांव निवासी 26 वर्षीय गोविंद पाल का शव रक्तरंजित अवस्था में मिला। वह अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक गोविंद शनिवार की शाम बिल्हौर में एक शादी समारोह में गया था।

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

वहां से उसे दोस्त आदि यादव का फोन आया। जगतपुर गांव में विवाद होने की सूचना पर वह स्कूटी से वहां गया। आप रविवार सुबह उसका शव बुद्धपुर गांव के पास सड़क किनारे मिला। मौके पर उसकी स्कूटी और एक अन्य बाइक भी पड़ी थी। इस बीच पता चला है कि रात में दो गुटों के बीच विवाद हुआ। घटनास्थल पर फायरिंग भी हुई और वाहनों का आपस में टकराव हुआ। आरोप है कि एक कार ने जानबूझकर गोविंद को टक्कर मारकर कुचल दिया। इस घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।


# रमजान महीने को लेकर नन्हे बच्चों के हौसले बुलंद कड़क धूप में मुकम्मल किया पहला रोजा

स्वतंत्र प्रभात

**शाहगंज, जौनपुर।** शनिवार को सूर्यास्त के बाद चंद्रमा दर्शन के उपरांत पवित्र माह रमजान का आरंभ हो गया इसके बाद लोगों में रमजान को लेकर उत्साह देखने को मिला। आपको बता दे की रमजान बरकत और इबादत का महीना माना जाता है. जहा सभी मुसलमान रोजा रख कर इबादत करते हैं और अपने और देश की खुशहाली की दुआ करते हैं. हर मुसलमान के बच्चों पर 5 साल की उम्र से रोजा और नमाज फर्ज हो जाता है।

इसी क्रम में क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी मोहम्मद आसिफ पत्रकार का 7 वर्षीय पुत्र मोहम्मद काशिफ, (अलहम्द) रविवार को अपना पहला रोज़ा मुकम्मल किया।

मोहम्मद काशिफ के दादा अलाउद्दीन ने बताया हमारे परिवार के लगभग सभी बच्चों ने मौसम चाहे जैसा भी रहे अपने 5 साल की आयु में अपना पहला रोज़ा मुकम्मल किया है। इसी के तहत जवाहर नगर की रहने वाली 5 साल की नायरा खान अपनी जिंदगी का पहला रोजा रख कर दीन इस्लाम के बताए रास्ते पर चल पड़ी है. वही नायरा खान के लिए उसके घर वालों ने लजीज पकवान बनाए थे. नायरा खान के पिता अमजद खान का कहना है कि हम लोगों ने शुरु से ही अपने बच्चों को दीनी और दुनियाई तालीम दी है. ताकि हमारे बच्चे जिंदगी के दोनों सफर में कामयाबी हासिल कर सके। वहीं



दूसरी तरफ नगर के पूर्वी कौड़िया निवासी मोहम्मद अली 5 वर्षीय पुत्र मुराद अली बंटी ने अपना पहला रोजा मुकम्मल कर लिया जिसको लेकर परिवार में हर्ष है।

# बेहतर छात्र नेता चुनाव में तमन्ना हुई विजय

स्वतत्र प्रभात



**जौनपुर, रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय चकईपुर रामपुर जौनपुर में बेहतर विद्यार्थी नेता का चुनाव कराया गया7 जिसके माध्यम से बच्चों में निर्णय क्षमता का विकास एवं पंचायत चुनाव प्रणाली के बारे में व्यवहारिक ज्ञान देने हेतु मतदान की भूमिका एवं महत्व के लिए चुनाव प्रायोजित किया गया सभी उम्मीदवार छात्र अपने पक्ष में प्रचार प्रसार में लगे रहे द्य चार उम्मीदवारों ने छात्र नेता चुनाव हेतु पर्चा दाखिल किया जिसमे रूद्र चुनाव चिह्न किताब, आदित्य को घड़ी, आर्यन को कलम और तमन्ना को ग्लोब चुनाव चिह्न में मिला द्य चुनाव में

मतदान अधिकारी के रूप में जुनेद अहमद(पीठासीन), परिधि पटेल( मतदान अधिकारी प्रथम), श्रुति वर्मा (मतदान अधिकारी द्वितीय) एवं शिवानी पटेल(मतदान अधिकारी तृतीय)ने मतदान कार्य को कुशलता पूर्वक कराया। वही मतगणना अधिकारी के रूप में नेहा पटेल (पीठासीन), गौरव पटेल(मतगणना अधिकारी प्रथम),यश कुमार पटेल(मतगणना अधिकारी द्वितीय) एवं आयुष पटेल (मतगणना अधिकारी तृतीय) ने बहुत अच्छे से अपने कार्य का निर्वहन किया। मतगणना प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पटेल के निगरानी में किया गया, जिसमें तमन्ना बानो ने 47/100 मत पाकर विजयी हुई तथा अन्य आदित्य -27, रूद्र-03, आर्यन-18 , अमान्य -05 मत प्राप्त हुए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पटेल, सुनीता पटेल , संध्या यादव, मनोज कुमार विश्वकर्मा, राजबहादुर एवं आशा पटेल अध्यापक गण मौजूद रहें।

विजेता तमन्ना बानो को अध्यापिका संध्या यादव ने माला पहनाकर स्वागत किया तथा प्रधानाध्यापक अशोक पटेल ने विजेता प्रमाण पत्र प्रदान किया7सभी बच्चों ने जोरदार ताली बजाकर विजेता तमन्ना बानो का स्वागत किया द्य विजेता तमन्ना बानो शपथ लेते हुए कही कि मैं अपने कार्यों का अच्छे से निर्वहन करते हुए सदैव अनुशासन में रहकर कार्य करूंगी।

## प्रधानमंत्री को सांसद प्रिया सरोज ने लिखा पत्र



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर** अटेवा पेंशन बचाओ मंच जौनपुर के प्रतिनिधि मण्डल से मुलाकात के दौरान मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज ने कहा कि पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है , बुढ़ापे में सम्मान पूर्वक जीवन जीने का आधार है। सांसद जी ने अटेवा प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि वह पेंशन मुद्दे को सदन में उठाने के साथ साथ प्रधानमंत्री को पत्र के माध्यम से और वित्त मंत्री जी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर पेंशन बहाली आंदोलन में हर सम्भव सहयोग प्रदान करेंगी। उन्होंने सिर्फ आश्वासन ही नहीं दिया बल्कि तत्काल प्रधानमंत्री जी को पत्र भी लिखवाया। प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व मण्डल उपाध्यक्ष रमेश चंद्र यादव ने किया।

प्रतिनिधि मण्डल में जिला संयोजक चन्दन सिंह,जिला महामंत्री इन्दु प्रकाश यादव, जिला कोषाध्यक्ष नन्द लाल पुष्पक, जिला कैडर प्रभारी द्वय टी यन यादव एवं जगदीश यादव, जिला उपाध्यक्ष द्वय डॉ राजेश उपाध्याय एवं लाल चन्द्र चौरसिया, संगठन मंत्री द्वय सुबाष सरोज एवं अरविंद यादव, जिला संयुक्त मंत्री ब्रह्म शील यादव, आशीष लोहिया, जिला कैडर सह प्रभारी प्रदीप चौहान, नवीन शर्मा, संजय कन्नौजिया, जलालपुर अध्यक्ष अशोक यादव,खुटहन अध्यक्ष आनन्द स्वरूप यादव एवं अटेवा के अन्य कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मस्जिदों व घरों में रोज़ेदारों ने इफ़्तार कर खोला रोज़ा



● - नन्हें रोज़ेदारों ने भी अक़ीदत के साथ रखा पहला रोज़ा

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** ज़िले में रविवार को पवित्र माह रमज़ान के पहले दिन मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सुबह से ही रोज़ेदारों की चहल पहल दिखाई पड़ी। सूर्योदय से पहले ही लोगों ने अपने अपने घरों में सहरी करने के बाद रोज़ा रखने की नीयत किया और अज़ान के बाद फज्र की नमाज़ अदा किया। मौसम खुशगवार होने की वजह से रोज़ेदारों का पहला दिन काफी अच्छा रहा तो वहीं रमज़ान के पहले दिन रविवार होने के कारण नगर की मस्जिदों में नमाज़ अदा करने वालों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने नमाज़ के बाद मुल्क में अमन व शांति एवं खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

मगरिब से पहले मस्जिदों में रोज़ा इफ्तार का इंतेज़ाम करते हुए लोग दिखाई दिये और अज़ान की आवाज़ सुनते ही लोगों ने पहला रोजा खोला और नमाज़ अदाकर अल्लाह से दुआएं मांगी। तो वहीं माह-ए-रमज़ान के महीने में बड़ों के साथ-साथ छोटे-छोटे मासूम बच्चे भी रोज़ा रखने में पीछे नहीं हट रहे हैं। नन्हें रोज़ेदार भूखे प्यासे रहकर पहला रोज़ा मुकम्मल किया। बड़ो के साथ बच्चे अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। रोज़ा रखने के साथ पांचो वक्त की नमाज़ और कुरआन-ए- पाक की तिलावत कर रहे हैं। ईशा की नमाज के बाद मस्जिदों में तरावीह पढ़ने वालों की भीड़ जुटने लगी। खासतौर पर शाही अटाला मस्जिद, शाही बड़ी मस्जिद,लाल मस्जिद, आया मस्जिद, शेरवाली मस्जिद में हजारों की संख्या में लोग तरावीह पढ़ते हुए नज़र आये।

# रमजान पाक का महीना शुरू, बाजार में खरीदारों की उमड़ी भीड़, सज गई दुकान

● - मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बढ़ी चहल-पहल

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** रमजान पाक का महीना आज रविवार से शुरू हो गया है। बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। रोजेदारों की खिदमत के लिए दुकाने पूरी तरह से सज गई हैं। शहर के सभी प्रमुख मुस्लिम बाहुल्य इलाकों, इबादतगाहों में खासी चहल-पहल बढ़ गई। सोमवार को दूसरा रोजा है। भोर में सेहरी और शाम को इफ्तार करने वाले लोग एक दिन पहले ही शहर के प्रमुख बाजारों में फल फ्रूट, किराना, मेवा, खजूर, दूध फेनी, मिठाई समेत अन्य सामानों की खरीद में जुट गए हैं। इबादत का यह पवित्र महीना रमजान काफी पाक महीना माना जाता है। पूरे महीने रोजे रखे जाते हैं , और खुदा की इबादत की जाती है। चांद दिखने के साथ ही रमजान का महीना शुरू हो जाता है। रमजान में हर दिन सेहरी और इफ्तार का विशेष महत्व होता है।

सूर्योदय से पहले ही लोगों ने अपने अपने घरों में सेहरी करने के बाद रोज़ा रखने की नीयत किया। अज़ान के बाद फज्र की नमाज़ अदा किया। मौसम खुशगवार होने की वजह से रोज़ेदारों का पहला दिन काफी अच्छा रहा। रमज़ान के पहले दिन रविवार होने से शहर और ग्रामीण अंचल की सभी प्रमुख मस्जिदों में नमाज़ अदा करने वालों की अच्छी खासी भीड़ रही।

मगरिब से पहले मस्जिदों में रोज़ा इफ्तार का इंतेज़ाम करते हुए लोग दिखाई दिये। अज़ान की आवाज़ सुनते ही लोगों ने पहला रोजा खोला और नमाज़ अदाकर अल्लाह से दुआएं मांगी। माह-ए-रमज़ान के महीने में बड़ों के साथ-साथ छोटे-छोटे मासूम बच्चे भी रोज़ा रखने में पीछे नहीं हट रहे हैं।

नन्हें रोज़ेदार भूखे प्यासे रहकर पहला रोज़ा मुकम्मल किया। बड़ो के साथ बच्चे अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। रोज़ा रखने के साथ पांचो वक्त की नमाज़ और कुरआन-ए- पाक की तिलावत कर रहे हैं। ईशा की नमाज के बाद मस्जिदों में तरावीह पढ़ने वालों की भीड़ जुटने लगी। शहर के शाही अटाला मस्जिद, शाही बड़ी मस्जिद,लाल मस्जिद में सैकड़ों की संख्या में लोग तरावीह पढ़ते हुए नज़र आये। जिले के शाहगंज, खेतासराय कस्बा, मुंगराबादशाहपुर, गौराबादशाहपुर, केराकत, मडियाहू इलाके में भी रमजान महीने के शुरू होने से चहल-पहल बढ़ गई है।



### रमजान में पांच वक्त की नमाज का विशेष महत्व

**जौनपुर।** रमजान का पवित्र महीना आरंभ हो रहा है। इस्लाम धर्म में रमजान के महीने को बहुत ही पवित्र और खास माना जाता। रमजान के पूरे महीने में मुस्लिम धर्म के लोग खुदा की इबादत करते हैं और रोजा रखते हैं। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान साल का नौवां महीना होता है। रमजान के दिनों में लोग हर दिन रोजा रखते हैं और आखिरी दिन खुदा का शुक्रिया करते हुई ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है।


# संक्षिप्त ख़बरें

## विवाद में कार से मारी टक्कर, एक की मौत



**कानपुर।** थाना शिवराजपुर क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते दो पक्षों में दीवार गिराने को लेकर मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को कार से टक्कर मार दी जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। यह जानकारी देते हुए अपर पुलिस उपायुक्त विजेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि इस घटना में 2 अन्य घायल हैं जिनका इलाज हैलेट हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर 1 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।

## पनकी पुलिस ने वांछित, वारंटी अभियुक्ता को किया गिरफ्तार



**कानपुर।** प्रभारी निरीक्षक थाना पनकी कानपुर नगर के नेतृत्व में पनकी पुलिस फोर्स अतिरिक्त निरीक्षक सुनील कुमार त्रिपाठी, उ.नि.यूटी अंकित मिश्रा, म. उ. नि. यूटी सुरभि यादव के द्वारा दिनांक 02.03.2025 को मु.अ.सं. 0285/2024 धारा 306 भादवि थाना पनकी कानपुर नगर में वाँछित,वारंटी अभियुक्ता सुप्रिया मिश्रा उर्फ पूजा मिश्रा पत्नी पंकज वाजपेयी पुत्री प्रेमचंद निवासी हाल पता सरायमीता भोला ट्रेडर्स प्राइमरी स्कूल के पास थाना पनकी कानपुर नगर मूल पता - वार्ड नं. 12 विकासनगर ओमनगर झींझक किशोरा थाना मंगलपुर कानपुर देहात उम्र करीब 35 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर सरायमीता मोड निकट एलएमएल चौराहा के पास से तत्परता दिखाते हुए बिना देरी किए अभियुक्ता उपरोक्त को म0उ0नि0यूटी सुरभि यादव द्वारा हिरासत पुलिस में लिया गया। विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशन में वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में परसामलिक थानाध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार दूबे, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार यादव, कांस्टेबल अनिल कुमार यादव ने धारा 323/504/506 आदि धाराओं में वांछित चल रहे थाना क्षेत्र के सेवतरी निवासी वारंटी संजय पुत्र प्रभु हरिजन (40) को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय चालान कर दिया इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## एआईएमआईएम पार्टी ने धूमधाम से मनाया 67 वां स्थापना दिवस



**जौनपुर।** एआईएमआईएम पार्टी के 67वें स्थापना दिवस के मौके पर जिला कार्यालय जौनपुर पर केक कांट कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया गया। तथा मिष्ठान का वितरण किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर हुई बैठक में कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। तथा एकजुट हो कर पार्टी को और ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। वही इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ली।

जिलाध्यक्ष इमरान बंटी ने कहा कि एआईएमआईएम का परचम पूरे भारत में बुलंद है। हमारे नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी लोगों के दिलों में छाए हुए हैं। वो मुस्लिम, दलित व पिछड़ों की प्रखर आवाज़ बन चुकें हैं।सभी ने एक सुर में जय मीम ,जय भीम के नारे लगाए। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष शहजादे अंसारी,जिला कार्यकारी सदस्य कलीम हाशमी, जिला मीडिया प्रभारी बख्तियार आलम,युवा नगर अध्यक्ष सलाहुद्दीन हाशमी, आज़ाद खान, इरफ़ान राणा,तारिक खान,फैसल,सल्ली, शाद, नबील आदि उपस्थित रहें।

## दो पक्षों में हुई मारपीट,10 गिरफ्तार



**जौनपुर जफराबाद।** नगर पंचायत कचगांव के पानी टंकी वार्ड निवासी दो चचेरे भाइयों के परिवार के बीच रविवार को संपति बंटवारे को लेकर झगड़ा तथा मारपीट हुई।जिसमें कई लोग चुटहिल हुए।

ऊक्त वार्ड निवासी राजकुमार और रमेश कुमार के बीच पैतृक जमीन व मकान को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था।उसी को लेकर दोनों परिवारों की महिलाओं के बीच विवाद और गाली गलौज हो रहा था।तभी पुरुषों के हस्तक्षेप से मामला मारपीट में बदल गया।सूचना मिलते ही थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव को मिली।उन्होंने हल्का दारोगा धनुषधारी पाण्डेय को मय फोर्स मौके पर भेजा।जहां से एक पक्ष के विजय पुत्र राजकुमार, राजकुमार पुत्र रामबली,तारा पत्नी राजकुमार,मंजू पत्नी विजय तथा दूसरे पक्ष से रमेश व अवधेश विनय कुमार पुत्रगण रामजीत,इंद्रदेव पुत्र कमलेश,रामदेव पुत्र कमलेश खुसबू पत्नी विजय को मौके से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि सभी का शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

## फांसी का फंदा लगाकर की युवक ने आत्महत्या

**अलीगढ़।** जनपद के थाना जवा क्षेत्र के गांव रामपुर में एक युवक ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही बताया जा रहा है कि रामपुर निवासी स्वर्गीय मुन्नीलाल के तीन पुत्र हैं छोटा पवन वे नितिन अपनी मां राम देवी के पास ही गांव में रहते हैं पवन की मां रामदेवी किसी मुकदमे की पैरवी में अलीगढ़ गई थी। तभी सूचना मिली कि कासिमपुर चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर देखा कि 30 वर्षीय पवन का सब एक पंखे पर लटका हुआ मिला । पुलिस ने शब को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा पवन भी उसका छोटा भाई नितिन दोनों अविवाहित बताए जाते हैं। युवक की मौत से उसकी मां राम देवी का रो रो कर बहुत बुरा हाल है । वहीं पुलिस भी आत्महत्या का कारण जानने की कोशिश कर रही है।

# राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने शाही किले का किया स्थलीय निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शाही किले का स्थलीय निरीक्षण कर जौनपुर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की गई मंत्री ने महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक में बनाई गई कार्ययोजना के संबंध में स्टाल लगाए जाने तथा सामूहिक विवाह के आयोजन, मंच आदि हेतु चिन्हित स्थानों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि तैयारियां ससमय कर ली जाए तथा महोत्सव के दौरान साफ सफाई के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाए। महोत्सव में शासन की योजनाओं के प्रचार हेतु सभी विभागों को निर्देशित कर दिया जाए जिससे आम जन मानस को योजनाओं का लाभ दिया जा सके। मंत्री ने सामूहिक विवाह के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिए।इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, विकास अधिकारी अधिकारी साई तेजा सीलम, परियोजना निदेशक के के पांडे, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूलाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र विश्वकर्मा, प्रतिनिधि अजय सिंह, मनीष श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत सचिव रामापुर पर रिश्वत लेकर परिवार रजिस्टर में खुर्द बुर्द कर फर्जी अंकन के आरोप

● अनुचित लाभ पहुंचाने की मंशा सोबरन की मृत्यु के बाद फर्जी दूसरी पत्नी तैयार कर परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने का आरोप

यदि मामले की कर ली जाए निष्पक्ष साक्ष्यो पर आधारित जांच पंचायत सचिव पर गाज गिरना तय




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड लखीमपुर के अंतर्गत न्याय पंचायत सलेमपुर कोन की ग्राम पंचायत रामापुर का है जहां पर नियम कानून को ताक पर रखकर भारी भरकम रिश्वत राशि लेकर परिवार रजिस्टर में जमकर फर्जीवाडा करके एक फर्जी महिला शकुंतला देवी को मृतक सोबरन की पत्नी दर्ज कर भरी फर्जीवाडा किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं इतना ही नहीं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा परिवार रजिस्टर में दर्ज मृतक सोबरन के परिवार के लोगों में पत्नी फूलमती और उनके बेटों की जन्म तिथि में भी भारी फेरबदल किया गया है परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने के लिए साक्ष्यो को जुटाया जाता है और उसके बाद ग्राम सभा में मीटिंग आहुत की जाती है और गांव के लोगों के समक्ष प्रस्ताव पास किया जाता है लेकिन पंचायत सचिव द्वारा सारे नियम कानून को ताक पर रखते हुए और दस्तावेज साक्ष्यो को दरकिनार करके फर्जी तरीके से शकुंतला का नाम मृतक सोबरन के परिवार रजिस्टर में खुर्द बुर्द करके बतौर और सोबरन की पत्नी दर्ज कर दिया गया यदि दस्तावेजी साक्ष्यो में वर्ष 2002 में जारी की गई परिवार रजिस्टर की नकल पर गौर करें तो सोबरन की जन्म तिथि 1941 और उनकी पत्नी फूलमती की जन्म तिथि 1956 अंकित है वही उनके बेटे रमेश चंद्र पुत्र सोबरन की जन्म तिथि 1973 अंकित है लज्जावती पत्नी रमेश चंद की जन्म तिथि 1963 दर्ज कागजात है दिलीप कुमार की 1969 सुमन देवी पत्नी दिलीप की डीओबी 1971 दर्ज कागजात है वह वर्ष 2018 में जारी की गई परिवार रजिस्टर की नकल में पंचायत सचिव द्वारा जमकर फर्जीवाडा किया गया जिसमें फूलमती की जन्म तिथि में फेरबदल कर उनकी जन्म तिथि 1956 से घटकर 1946 दर्ज कर दिया गया और सोबरन के पुत्र रमेश चंद्र की जन्म तिथि 1973 से घटाकर 11/ 12/ 1966 कर दिया गया यहां पर सबसे अहम सवाल यह है कि जब तक सोबरन लाल जीवित रहे तब तक कथित दूसरी पत्नी शकुंतला कहां थी क्या शकुंतला सोबरन के मरने के बाद पत्नी बनाई गई इस यक्ष प्रश्न का उत्तर नकल जारी करने व परिवार रजिस्टर में खुर्द बुर्द करके फर्जी नाम अंकित करने वाले पंचायत सचिव साहब के पास भी नहीं मिल पा रहा है वर्ष 2002 को जारी परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज न होने के 18 साल बाद कहां से बन गई शकुंतला सोबरन की कथित पत्नी यदि शकुंतला सोबरन की पत्नी थी तो वर्ष 2002 के परिवार रजिस्टर में नाम क्यों नहीं चढ़ावाया गया और फूलमती और रमेश चंद की जन्म तिथि से छेड़छाड़ क्यों की गई अहम सवाल बने हैं ग्राम प्रधान छाउछ द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र के अनुसार शकुंतला की शादी 30 वर्ष पहले छाउछ निवासी हरिनाम के साथ हुई थी शकुंतला देवी पुत्री राम प्रसाद निवासी गोरिया भीलम की है लगभग 5 वर्ष तक छाउछ में रही और उसके बाद इनकी छुडौती हो कर अपने घर चली गई थी जिसमें कई पंचायत सदस्यों द्वारा घटना की पुष्टि की है इतना ही नहीं पंचायत निर्वाचन नामावली में शकुंतला पुत्री राम प्रसाद दर्ज होना बताता है कि यह सोबरन की पत्नी अब नहीं है वह सुलोचना देवी पत्नी नीरज कुमार अंकित होना सोबरन की पुत्री ना होने की पुष्टि को काफी है जब परिवार रजिस्टर में पहली पत्नी का नाम दर्ज था और कोई पत्नी व बच्चे दर्ज नहीं थे तो सोबरन की मृत्यु के बाद कहां से आ गई इसकी दूसरी पत्नी पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी संभव नहीं है पहली पत्नी की मृत्यु 2002 में होना बताया जा रहा है तो क्या 60 वर्ष की आयु में सोबरन ने शादी की अहम सवाल यदि जिला अधिकारी कराए निष्पक्ष जांच तो एक बड़े फर्जीवाडा और भ्रष्टाचार का होगा खुलासा।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा कामधेनु विघा निकेतन में बडी धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव



स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ- खीरी।** नगर के सीमावर्ती ग्राम द्वारिका गंज स्थिति कामधेनु विघा निकेतन में नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा वार्षिक उत्सव और कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को पुरस्कार विद्यालय संचालक एवं प्रधानाचार्या एवं अतिथि महोदय के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया और विघालय संचालक के द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावक बन्धु का आभार प्रकट किया गया। का आयोजन शैलेंद्र सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित किए गए वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में रामजी रस्तोगी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश वर्मा (समाजसेबी), आलोक तिवारी, संजय तिवारी, अनुज खरे , अखिलेश राज, सुनील राज, खूबचन्द्र गौतम (जिला पंचायत सदस्य), प्रदीप त्रिवेदी, यौग्रेन्द्र दीक्षित,संजीव दीक्षित, आदि अतिथिगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को पुरस्कार विद्यालय संचालक एवं प्रधानाचार्या एवं अतिथि महोदय के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया और विघालय संचालक के द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावक बन्धु का आभार प्रकट किया गया इस अवसर पर विद्यालय संचालक अंकित कुमार वर्मा, प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिभा वर्मा एवं शिक्षक रिशू वर्मा, अंजली देवी, संध्या सिंह कृष्ण कुमार धर्मेन्द कुमार आदि अभिभावकगण लोग मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश को नहीं मानता दबंग श्री कृष्ण समोसे वाला

● मामला नगर पंचायत ओयल ढखवा का है जहां सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को ताक पर रखकर तालाब के जुज भाग पर हो खड़ा हो गया मकान और दुकान



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** करोड़ों रुपए की तालाब के नाम दर्ज जमीन पर दबंगों ने कब्जा करके उसे पर अपना मकान व दुकान खड़ी कर दी जिसके चलते तालाब का वजूद ही खत्म होता जा रहा है जबकि तालाब से कस्बा के बड़े हिस्से का पानी इसी तालाब में सुरक्षित होता आ रहा है इसके एक भाग के पट जाने के चलते तालाब का आकार स्वरूप दोनों ही काफी संकुचित हो गए हैं उक्त मामले की शासन प्रशासन से शिकायतों के बाद अवैध कब्जे धारक के विरुद्ध 67 (1) की कार्रवाई की गई और उक्त बाद में राजकुमार और श्री कृष्ण पर अर्थ दंड लगाते हुए बेदखली का आदेश भी पारित किया गया जिसके विरुद्ध अवैध कब्जाधारको ने डीएम खीरी के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई जो भी खारिज हो गई उक्त मामले की जानकारी सभी सक्षम अफसर के होने के बाद भी जिम्मेदार कोई रुचि नहीं ले रहे हैं और ना ही कब्जा हटवाया ही जा रहा है हर बार मामला न्यायलय में विचाराधीन बताकर अवैध कब्जेधाराको बचाने की मंशा से लिखकर रिपोर्ट लगाई जा रही है मामला न्यायालय में विचाराधीन है न्यायालय जब कोई आदेश पारित करें तब पिछला आदेश प्रभावी होता है और तब तक पूर्व का आदेश ही प्रभावित रहता है मामला चूंकि नगर पंचायत से जुड़ा है और नगर पंचायत के साथ अवैध कब्जा धारक अपना निजी संबंध बताते हैं ऐसे में कैसे कार्यवाही हो तालाबों के मामले सर्वोच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश है कि तालाब के अवैध कब्जा से मुक्त कराकर उसकी उसके मूल स्वरूप में वापस लाया जाए लेकिन जिम्मेदार कुछ भी करने को तैयार नहीं है।

**फर्जी और भ्रामक आख्या लगा शासन को किया जाता रहा गुमराह**

तालाब गाटा संख्या 562/2.2580 पर अवैध कब्ज़ा हटाए जाने को लेकर अब तक दी गई दर्जनों आईजीआरएस एवं पोर्टल पर शिकायततो में विभागीय जिम्मेदारों ने फर्जी झूठी रिपोर्ट लगाकर शिकायतों का निस्तारण करके शासन को गुमराह किया जाता रहा शिकायत संख्या 800 15319000 522 यह दिनांक 28/ 5/19 हुआ दिनांक 23/ 5 /19 पर लगाई गई फर्जी भ्रामक आख्या शिकायत संख्या 9211 530004731 में भी फर्जी आख्या लगाई गई तहसील प्रशासन द्वारा आज तक कब्जा नहीं हटवाया गया शिकायत संख्या 60000170012653 शिकायत संख्या 92215300064976 के निस्तारण में पूरी तरह से भ्रामक जांच आख्या लगाई गई है लगाई गई आख्या में उल्लेख किया जाता है कि मामले की जांच तहसीलदार द्वारा कराई गई जिसमें ग्राम ढखवा के तालाब की गाटा संख्य 562/ 2.2580 बतौर तालाब दर्ज कागजात है उक्त तालाब के जुज भाग पर पक्का निर्माण पाए जाने बेदखली की कार्यवाही की गई जिसे न्यायालय तहसीलदार द्वारा दिनांक 15/7/ 2021 को बेदखली का आदेश पारित किया गया जिसके परिपेक्ष में 29/ 12/ 2022 को विपक्षीगणो का कब्जा विवादित भूमि से हटवा दिया गया एसडीएम सदर का उक्त कथन की कब्जा हटवा दिया गया है सरासर गलत एवं झूठ है उक्त भूभाग पर आज भी मकान और दुकान बनी खड़ी है जो एसडीएम सदर की रिपोर्ट को फर्जी भ्रामक एवं झूठा साबित करने को काफी है इस तरह से भ्रामक एवं फर्जी रिपोर्ट प्रस्तुत कर शासन को गुमराह किया जा रहा है।

# ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन को मिला अनुराग जैसा सारथी सारथी ही होता है विजयपथ का नायक

स्वतंत्र प्रभात





**बरेली**/ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा द्वारा छेड़े गए अभियान मीडिया निर्वाचन क्षेत्र के इस संग्राम में उनके सारथी के रूप में यूपी के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी इस तरह अपना कर्तव्य निभा रहे हैं जैसे महाभारत में योगीराज श्री कृष्ण ने पांडवों का सारथी बनकर उनका विजय पताका लहराने में अहम भूमिका निभाई। श्री राम के सारथी जामवंत ने भी उनके पग पग पर उचित सहयोग कर लंका में विजय प्राप्त करवाई चंद्रभाट ने भी पृथ्वीराज चौहान की अंतिम सांस तक सच्चे सारथी होने का कर्तव्य पूर्ण किया इसी तरह पत्रकारों के हित की लड़ाई लड़ रहे ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा द्वारा उठाए गए बीड़ा को सफल बनाने के लिए उनके सारथी के रूप में यूपी के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी भी श्री कृष्ण की भूमिका निभाते हुए पत्रकारों को एकत्रित करने में उनका सराहनीय योगदान है।

जिस तरह देश की आजादी की सुभाष चंद्र बोस द्वारा क्रांतिकारियों में जोश भरने का कार्य कर सेना भर्ती करने का कार्य किया इसी तरह अनुराग सारथी भी पत्रकारों के मध्य जाकर उन्हें संगठन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं जिसके तहत वह जहां भी जाते हैं वहां लोग उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर साथ देने के लिए खड़े हो जाते हैं उनके द्वारा बरेली और शाहजहांपुर में किए गए बेहतर प्रदर्शन के लिए पत्रकारों ने उन्हें अच्छा सारथी होने पर उनको बधाई दी। और कहां जिसका सारथी ठीक होता है रण में उसकी ही विजय होती है इस मामले में दोनों जनपदों में किए गए सम्मेलनों के तहत भारी संख्या में पत्रकारों को एकत्रित करने का कार्य अनुराग सारथी ने सुभाष चंद्र बोस के रूप में कार्य करके किया है इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं उनके कार्य से प्रभावित होकर प्रत्येक दिन एप्जा काफिला बढ़ता ही जा रहा है जो एक दिन विजय पताका लहराकर ही दम लेगा।

# बेशकीमती नजूल की जमीनों पर नगर पालिका अध्यक्ष समेत गई दबंगो का कब्जा

● बगैर फ्री होल्ड एवं नक्शा पास कराये अवैध निर्माण करा कर अपनी ही सरकार की छवि धूमिल कर रही है नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर ईरा श्रीवास्तव




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** करोड़ों रुपए की बेशकीमती नजूल पर शहर के कुछ साधन संपन्न एवं रसूखदार लोगों के साथ-साथ नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए जमीन को बगैर फ्री होल्ड कराए एवं विनियमित क्षेत्र से नक्शा पास कराए बगैर अवैध तरीके से निर्माण कराए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है इस अवैध निर्माण कार्य से राजस्व विभाग एवं नगर पालिका प्रशासन सहित जिला प्रशासन जानकर भी अनजान बना हुआ है जबकि सरकार व शासन की मंशा है कि सरकारी भूमि दबंग रसूखदारों का कब्जा हटवाया जाएगा लेकिन पुलिस और राजस्व विभाग कर्मचारी की मिली भगत से नजूल की जमीनों पर कब्जा करके उन पर अवैध तरीके से निर्माण कराया जा रहा है।

अवैध तरीके से निर्माण कराए जाने का ऐसा ही मामला शहर लखीमपुर के मोहल्ला नई बस्ती एवं थरवनगंज में एसडीएम सदर और जिला अधिकारी कार्यालय से 500 मीटर की दूरी पर का है जहां नगर पालिका परिषद लखीमपुर के मोहल्ला नई बस्ती व थरवनगंज में स्थित नजूल की जमीन पर अवैध तरीके से निर्माण कराए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है इस अवैध निर्माण पर राजस्व विभाग व नगर पालिका प्रशासन ध्वस्तीकारण की कार्यवाही नहीं कर पा रहा है और मुख्य मंत्री के आदेशों को न मानते हुए मूकदर्शक बने रहकर नजूल की जमीन कब्जा होते देख रहे हैं वही कथित अवैध निर्माणकरताओ मे सचिन श्रीवास्तव व ईरा श्रीवास्तव द्वारा आशा पैथोलॉजी एवं दो मंजिल मकान की छत डलवा दी है मामले को लेकर जब नगर पालिका परिषद लखीमपुर के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार से बात की गई तो उनका कहना है मामले में अवैध निर्माण करता सचिन द्वारा काफी पुराना स्थगन आदेश प्रस्तुत किया गया है मैंने अपने अधिवक्ता को उक्त दस्तावेज देकर मामले की पड़ताल करवा रहा हूं उसके बाद अवैध निर्माण करता के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी वहीं नगर पालिका अध्यक्ष के मामले पर बात की तो बात को टाल गए ईओ नगर पालिका परिषद लखीमपुर वहीं स्थानीय लोगों ने सीएम को पत्र लिखकर राजस्व अधिकारियों जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद के आदेश की अवहेलना कर रहे अवैध निर्माण कर्ता गणो के अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण एवं कठोर कार्यवाही की मांग की है अब देखना यह है कि नगर पालिका प्रशासन एवं राजस्व तथा जिला प्रशासन उक्त मामले पर क्या कार्यवाही करता है यह तो समय ही बताएगा।

# चौरासी कोसीय परिक्रमा यात्रा का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** संत रणछोड़दास महराज द्वारा जानकीकुंड स्थित श्री रघुबीर मन्दिर आश्रम बड़ी गुफा में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी रविवार को श्री चित्रकूटधाम चौरासी कोसीय परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह यात्रा चित्रकूट धाम के विभिन्न पवित्र स्थानों से होते हुए ग्यारह दिवस में समाप्त की जाएगी।

संघ के ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने बताया कि इस चौरासी कोसीय परिक्रमा के अन्तर्गत प्रतिवर्ष भारत भर के विभिन्न प्रान्तों से आये सन्त-महन्त एवं परिक्रमा यात्री सम्मिलित होते हैं। बताया कि फाल्गुन शुक्ल द्वितीया से प्रारम्भ होकर यह यात्रा फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी तक भगवान श्री राम के वनवास काल के पदचिन्हों पर चलते हुए चित्रकूट धाम के मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में स्थित सीमावर्ती अंचल में महत्वूर्ण तीर्थस्थलों का पैदल दर्शन कर पुनः श्री रघुबीर मन्दिर परिसर में समाप्त की जाएगी। बताया कि इस वर्ष भी परिक्रमा के लिए हजारों की संख्या में संत एवं गृहस्थ पूरी आस्था के साथ जुड़े हैं।

रविवार को सभी श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद तथा दक्षिणा देकर, तिलक लगाकर परिक्रमा के लिए भगवान श्री हनुमान के प्रतीक ध्वज के साथ कोतवाल संतों के निर्देशन में प्रस्थान करवाया गया। इस मौके पर संत सीताशरण महराज, फलहारी महाराज, नागा पंजाबी भगवान, राघवशरण, ऊषा जैन, आरबी सिंह चौहान, आचार्य अनिल शास्त्री सहित गुरुकुल के आचार्य एवं विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

# कलाई, कंधों और कूल्हों को मजबूती देता है पूर्वोत्तानासन- योगाचार्य

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** जिला मुख्यालय के कुबेरगंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने पूर्वोत्तानासन/अपवर्ड प्लैंक का अभ्यास कराते हुए लोगों को इसके फायदे बताए। बताया कि यह योगासन कलाई, भुजा, कंधों, पीठ और रीढ को मजबूती देता है। साथ ही पैरों और कूल्हों में सुधार लाता है।

योगाचार्य ने बताया कि इस योगासन का नियमित अभ्यास करने से श्वसन प्रणाली में सुधार होता है तथा पेट के अंगों में सकारात्मक परिवर्तन आता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर रहती है। यह योगासन कमर, पीठ के दर्द में आराम और संतुलन लाते हुए थायराइड ग्रंथि को उत्तेजित करता है। साथ ही अतिरिक्त फैट को कम करते हुए पूरे शरीर को पुनः सक्रिय करता है। इस योगासन को करने के लिए दंडासन में बैठकर दोनों हाथों को कमर के पीछे सीने की चौड़ाई के बराबर दूरी पर उंगलियों को पीछे करके हाथ के पंजों को रखते हैं और सांस लेते हुए कमर को धीरे-धीरे ऊपर की ओर इस प्रकार उठाते हैं कि एड़ियों से लेकर गर्दन तक शरीर पटले की तरह सीधा हो जाए। इसके बाद सांस छोड़ते हुए पेट और कूल्हों की मांसपेशियों को अंदर की ओर खींचते हैं तथा इस योगासन की पूर्णता में 30 सेकंड से एक मिनट तक ठहरते हैं। बताया कि यह फलकासन या प्लैंक पोज का विपरीत आसन है, दोनों को क्रमबद्ध तरीके से करने पर विशेष लाभ प्राप्त होता है। कलाई, कंधों की चोट या पेट की सर्जरी के बाद इसे योग विशेषज्ञ की देखरेख में करें।

# सामूहिक विवाह योजना में 350 जोड़ों का मधुर मिलन

● गोला के राजेंद्र गिरि स्टेडियम में संपन्न हुआ समारोह,विधायक ने दिया आशीर्वाद

स्वतंत्र प्रभात



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** स्थानीय स्व. राजेंद्र गिरि स्टेडियम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 350 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित इस भव्य समारोह में गोला विधायक अमन अरविंद गिरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। यह न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देती है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान कर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में योगदान करती है।

कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की इनमें ब्लॉक प्रमुख कुम्भी विमल वर्मा, ब्लॉक बिजुआ प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, अवधेश मिश्रा और राजकुमार गुप्ता प्रमुख थे। साथ ही पारसनाथ साहनी, जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्रभारती, एवं सुरेंद्र शर्मा, दीपक रायपुर, रामगुलाम पांडे, मुन्ना वर्मा, सद्दाम अल्वी, भोली गिरी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की, सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रबंध निदेशक ने आईएफडीसी केंद्र का लिया जायजा

**औरंगाबाद खीरी।** आईएफडीसी कि प्रबंध निदेशक माधवी विपरदास ने नविन ग़ल्ला मंडी स्थित सेंटर का लिया जायजा। संतोषजनक कार्यो को लेकर उन्होंने केंद्र संचालक विनोद चौधरी कि हौसला अफजाई कि। इफ्को के उपक्रम आईएफडीसी मे हाल ही मे मिली प्रबंध निदेशक कि जिम्मेदारी के बाद मैगलगंज केंद्र पर पहुंच कर जायजा लिया। केंद्र प्रभारी से किसानो कि हर संभव मदद एवं नैनो उर्वरक के उपयोग को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने स्टॉफ का उत्साहवर्धन किया। मैगलगंज के बाद चपरतला स्थित बिज विद्यान सांयन्त्र एवं बीज परिक्षण प्रयोगशाला मे पहुंच कर बीज उत्पादन कि गुड़वत्ता कि जाँच कि।

### आज नगर में धूमधाम से निकल जाएगी निशान यात्रा

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर के निकट बरती ग्राम कंजा मोहम्मदी रोड स्थित बरम बाबा देवस्थान पर सभी श्याम प्रेमियों जानकर हर्ष हो रहा होगा 3 मार्च को गोला नगर में श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा एक विशाल निशान यात्रा का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ हैं। आयोजकों ने बताया कि दिन सोमवार को नीलकंठ मैदान से प्रातः 8ः00 बजे भव्य रूप से निशान यात्रा निकाली जाएगी। गोला नगर के खाटू श्याम प्रेमियों अपील की गई है कि बढ़ चढ़कर यात्रा में भाग ले। निशान यात्रा गोला नगर के प्रमुख मार्गो के होते हुए कंजा देवस्थान खाटू श्याम बाबा स्थान पर निशान यात्रा का समापन होगा। जो भी श्याम प्रेमी बाबा खाटू श्याम जी की इस निशान यात्रा में अपनी भागीदारी निभाना चाहते है वो समिति के किसी भी सेवादार से मिलकर अपना टोकन अवश्य कटवा लें,टोकन मात्र 151 रुपये का है,जो भी प्रेमीजन अपना टोकन नही ले पा रहे है वो 3 मार्च को प्रातः 7 बजे नीलकंठ मैदान में आकर अपना टोकन प्राप्त कर ले।

### 5 दिनों से लापता मंद बुद्धि विछिप्त युवक का गन्ना खेत में पाया गया

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कुछ दिन पूर्व मंदबुद्धि मानसिक बिक्षिप्त के गायब हुए एक लड़के का शव पांचवें दिन कटे गन्ने के खेत में संदिग्ध अवस्था में पाया गया। थाना फरधान प्रभारी जानकारी देते हुए बताया कि आज दिनांक 2 मार्च को समय 9 बजे अनिल कुमार पुत्र प्रभु दयाल निवासी ग्राम रामुआपुर थाना फरधान जनपद खीरी द्वारा सूचना दी गई की उसका भाई जो मानसिक विक्षिप्त मंदबुद्धि था दिनांक 26 02 2025 से घर से गायब था जिसकी गुमशुदगी की सूचना थाना फरधान में दी गई थी। उसका शव आज दिनांक 02 03 2025 को राजेंद्र प्रसाद पुत्र किशोरी लाल निवासी द्वारिका नगर थाना गोला जनपद खीरी के कटे हुए गन्ने के खेत से मृत अवस्था में पाया गया है। उक्त सूचना पर थाना हैदराबाद पुलिस मौके पर पहुंच कर, परिवारीजनों के उपस्थिति में शव का पंचायतनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम है जिला मुख्यालय भेजा गया। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट इत्यादि के निशान नहीं पाए गए। अभी तक की जांच से घटना इत्तेफाकिया प्रतीत हो रही है।


### बहुजन नेता सचिन सिंह नितिन समेत कई गणमान्य लोगों का हुआ सम्मान




**मितौली खीरी।** मितौली के हैदर नगर स्थित बुद्धा पार्क में संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक महासम्मेलन मेले का समापन हुआ। इस अवसर पर बहुजन समाज के प्रमुख नेता सचिन सिंह नितिन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सचिन सिंह नितिन ने बौद्ध धम्म प्रचार एवं नाट्य कला मंडल के प्रबंधक मनोहर लाल मित्रा को घनश्याम प्रजापति समाजसेवी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया समापन समारोह में कई प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें घनश्याम प्रजापति, पुत्तू लाल गौतम, राजेश कुमार गौतम और रजनीश श्रीवास्तव शामिल थे। साथ ही संदीप गौतम, मनीष आजाद, देवेंद्र चौधरी और आशीष राज को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कपिल गौतम, डॉ बालक राम गौतम, शादाब गाजी, नवी गाजी, रामपाल लोटन सोनी और आयुष सोनी (श्याम जी) को भी विशेष सम्मान दिया गया। आयोजन समिति ने सभी गणमान्य अतिथियों को पंचशील पट्टी पहनाकर सम्मानित किया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## गोरखपुर- ख़जनी पुलिस का कारनामा- 15 साल पहले मरे व्यक्ति पर दर्ज किया मुकदमा!



**गोरखपुर** जनपद के ख़जनी पुलिस ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसे सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया है, जिसकी मौत 15 साल पहले हो चुकी है! दरअसल- ख़जनी थाना क्षेत्र के बरी बंदुआरी/भिटनी गाँव में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस विवाद में एक पक्ष ने राजाराम, कर्मबीर, श्याम सुंदर, राज नारायण आदि पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। चौंकाने वाली बात यह है कि इन आरोपियों में श्याम सुंदर यादव भी शामिल हैं, जिनकी मृत्यु 28 दिसंबर 2010 को हो चुकी है। इस घटना ने ख़जनी पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस ने बिना जाँच-पड़ताल किए ही मृत व्यक्ति को मुकदमे में शामिल कर दिया। यह पुलिस की घोर लापरवाही है। **लोगों में आक्रोश-** इस घटना के बाद से लोगों में भारी आक्रोश है। वे पुलिस की कार्यशैली की निंदा कर रहे हैं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।यह घटना न सिर्फ दुखद है, बल्कि पुलिस की संवेदनहीनता और लापरवाही का भी प्रतीक है।

## गोरखपुर के गोला बाजार में किराना स्टोर में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



**गोरखपुर,** 2 मार्च- गोला उपनगर के पश्चिमी चौराहे पर स्थित कपिल किराना स्टोर में बीती रात लगभग 1 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। घटना के अनुसार, जब दुकान से धुआं निकलने लगा, तो पास ही पिकेट ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड ने धुआं देखकर तुरंत आसपास के दुकानदारों को सूचित किया। उन्होंने दुकान मालिक को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही सभी लोग मौके पर पहुंचे और दुकान का शटर खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। स्थानीय लोगों के अनुसार, चंद चौराहे पर मोहन नाम के एक व्यक्ति अपनी सब्जी की दुकान चलाते हैं। उनकी दुकान के बगल में ही उनके बेटे कपिल का किराना स्टोर है। शनिवार देर शाम दुकान बंद करके सभी लोग अपने घर चले गए थे। रात करीब 1 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण दुकान में आग लग गई। स्थानीय एक पुलिस कर्मी की सतर्कता से आसपास की अन्य दुकानें आग की चपेट में आने से बच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने में दमकल विभाग का भी सहयोग किया। दुकान मालिक ने बताया कि आग से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## श्रमदान कर पुलिस ने स्वच्छता का दिया संदेश

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा वृहद स्तर पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों व जवानों ने एकजुट होकर सफाई अभियान चलाया और थाना परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान जिसका उद्देश्य पुलिस परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखना और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर में झाड़ू लगाई, कचरा हटाया और गंदगी मुक्त वातावरण बनाये रखने का किया।

## मार्कण्डेय त्रिपाठी का हृदय गति रुकने से हुआ निधन



**देवरिया।** पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी के भतीजे मार्कण्डेय त्रिपाठी पुत्र ज्वाला त्रिपाठी का निधन 69 वर्ष की उम्र में लखनऊ में हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मार्कण्डेय त्रिपाठी ने रविवार 2 मार्च को सुबह 9 बजे होप राइज मल्टी स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल लखनऊ में हृदय गति रुकने के बाद अंतिम सांस ली जिनका अंतिम संस्कार नौतन हथियागढ़ घाट पर होगा।

# स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात

**सिसवा बाजार** स्थानीय स्टर्लिंग पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज साइन्स कार्निवल 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक एन0 बी0 पाल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंव रोबोट, सड़क सुरक्षा,सौर मंडल,पर्यावरण सुरक्षा,स्मार्ट सिटी व सौर ऊर्जा सहित अलग-अलग विषयों पर लगभग 300 आकर्षक प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच को दिखा दिया। कार्यक्रम में दर्शकों ने प्रदर्शनी की काफी सराहना की एंव और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए उनका मनोबल बढाया। प्रदर्शनी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा बच्चों ने रोबोट के द्वारा मानव जैसी तर्क शक्ति और स्वायत्त निर्णय लेने जैसी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। आने वाले 25 वर्ष बाद कंप्यूटर और मशीनों को इंसानों की तरह सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता होगी अर्थात मशीनें खुद से सीख सकती हैं, समस्याओं का समाधान कर सकती हैं और कई कार्यो को



स्वत~ कर सकती हैं। भारत सरकार द्वारा संचालित अटल टिंकरिंग लैब में शिक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में कक्षा आठवीं के उत्कर्ष भालोटिया एंव तेजस्वी जैसवाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित रोबोट एंव कार,विवेक एंव आशीष ने वाकिंग रोबोट, संस्कार ने बायोटिक आर्म,साँची (परी) अग्रवाल ने वाटर डिस्पेंसर,अंशिका गुप्ता ने चंद्रयान 3 मिशन का भाग विक्रम लेंडर और प्रज्ञान रोवर मॉडल, अनवय ने उर्जा कुशल स्मार्ट सिटी,अंश यादव ने स्मार्ट ग्लास, सुधीर गुप्ता ने थ्री डी प्रिन्टर, अमित ने क्लेप कंट्रोल मशीन, टेलिस्कोप आदि प्रस्तुत किया । इसी प्रकार पैथोलॉजी के अन्तर्गत छात्रा आदिती विश्वकर्मा ने ब्लड प्रेशर, सौम्या पाण्डेय ने ब्लड जाँच, ब्लड क्लोटिंग, अंशु चौबे ने कंकाल तंत्र का व्याख्या, डीएनए निष्कर्षण, अन्विता एंव श्रेयांश ने हृदय तंत्र माडयूल तथा



भौतिक विज्ञान के अन्तर्गत रेलवे दुर्घटना की रोक, जे0 सी0 बी0 मशीन, वाई फाई का बाप लाई फाई, सूर्य ग्रहण, रिनिवल एनर्जी पार्क, मैथ के अन्तर्गत सनेहा एंव पलक ने अंकगणितीय तर्क और खुशी एंव नाव्या ने त्रिकोणमिति की व्याख्या की। स्पोर्ट के अन्तर्गत बैलून शूटिंग, ग्लास एंव वालीबाल, वॉटर गेम, सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत सौर ऊर्जा, सिंचाई प्रणाली, स्मार्ट होम, श्रेया गुप्ता एंव श्रेया सिंह ने आधुनिक कृषि, कृतिका एंव वर्तिका ने पृथ्वी घूर्णन, सत्यम एंव नव्या ने क्राफ्ट ऑफ़ अर्थ एंव प्रदूषण की झांकी प्रस्तुत कर यह संदेश दिया कि अगर ऐसे ही प्रकृति का दोहन करते रहे तो एक दिन यह पृथ्वी समाप्त हो जाएगी।

सर्व धर्म सम्भाव के अन्तर्गत शिक्षक रमेश शर्मा के नेतृत्व में सनेहा,श्रृष्टि, हितान्शी, रुपाली, प्रखर ने ईश्वर एक है, परन्तु स्वरूप अलग - अलग है विषय पर लोगों को बताया एंव श्री विष्णु भगवान् के दस अवतार ही चार्ल्स डार्विन की संकल्पना प्रस्तुत किया । विद्यालय द्वारा अभिभावकों को पवित्र धार्मिक पुस्तक भागवद गीता, कुरान व बाईबिल भेंट किया गया।

लाइब्रेरी के अंतर्गत धार्मिक एंव विभिन्न प्रतियोगी और कोर्स सम्बंधित पुस्तको का संग्रह तथा फूड गैलरी मे फहद ने पानी पूरी, प्रतीक्षा ने मंचुरियन, तन्मय ने मोमो, अंकित अग्रवाल ने गुलाब जामुन,कुनाल चौधरी ने पकौड़ा अंश शर्मा ने छोला भटूरा, अभिनव ने लस्सी तथा आदर्श ने फ्रूट चार्ट बनाकर लोगो का मन मोह लिया। प्रबन्धक एन0 बी0 पाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के मानसिक व बौद्धिक क्षमता का विकास एंव उनकी प्रतिभा में निखार आता है।बच्चों का यह प्रयास तारीफ के काबिल है। इस अवसर पर संरक्षक शकुंतला पाल, निदेशक चन्द्रशेखर पाल, ब्लासम सीनियर सेकंडरी की प्रबंधक शिखा सिंह, प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह, संजय सिंह, प्रदीप सिंह, महंथ उपाध्याय, शिवशंकर शर्मा, भुवनेश्वरी, रमेश कुमार, अफजल खान, भारती, रोली, वेदिका, सुनील, रंजित, प्रिया सिंघानिया, आलोक त्रिपाठी, अमित, उमेश यादव, विनोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दारोगा पर छेड़खानी के दोषियों को बचाने का आरोप, पीड़िता ने क्षेत्राधिकार से लगाई गुहार

● पीड़िता ने हल्का दारोगा पर तीन दोषियों को बचाने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र की एक महिला ने तकरीबन 10 दिन पहले अपनी नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़खानी के मामले मे पुलिस को तहरीर देकर चार युवको को आरोपित किया था लेकिन पुलिस के द्वारा मात्र एक आरोपित पर ही मुकदमा दर्ज किया गया। जिसको लेकर पीड़िता ने क्षेत्राधिकार गोला से लिखित शिकायत कर हल्का दारोगा पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया है। शनिवार को थाना क्षेत्र की एक महिला ने सीओ गोला मनोज कुमार पांडेय को प्रार्थनापत्र देकर सूचित किया कि हमारी नाबालिग पुत्री क्षेत्र के एक इण्टर कॉलेज में 12 वीं की छात्रा है। वह बीते 17 फरवरी को अपना प्रवेश पत्र लेने विद्यालय गयी हुई थी। प्रवेश पत्र लेकर जैसे ही वह बाहर आयी तो पहले से घात लगाकर बैठे चार युवक मोटरसाइकिलों से आये और हमारी पुत्री को उठा ले गयें। यहां से कुछ दूर पर सम्यस्थान की तरफ ले जाकर जोर जबरदस्ती व छेड़खानी करने लगें। यह सब देखकर खेतों में काम कर रहे लोग उस तरफ आये तो युवक वहां से फरार हो गये।



उनकी एक बाईक वहीं छूट गयी। जिसे पुलिस वहां से थाने पर लेकर आयी। हमारे द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। अगले दिन हमारे पिता की अचानक मृत्यु हो जाने की वजह से हम अपने मायके चल गयें । हल्का दरोगा के द्वारा हमरा वीडियो बनाया गया तथा पूछा गया कि मुकदमा लिखवाना है कि नहीं। हमने पिता के मृत्यु का हवाला देकर बाद में आने की बात कही। हल्का दारोगा ने धमकी देकर हमरा वीडियो बनवा लिया की मुकदमा नहीं दर्ज करवाना है तथा हमसे सादा पेपर पर अंगूठा भी लगवा लिया। बाद मे जाने के बाद दारोगा ने थाना प्रभारी से मिलने नहीं दिया। उनके द्वारा फर्जी तहरीर लगाकर सिर्फ एक दोषी नईम पुत्र मकबूल के उपर ही मुकदमा दर्ज किया। जबकी तीन अन्य को हल्का दारोगा के द्वारा बचा लिया गया। हमारे द्वारा पूछने पर हल्का दारोगा अपशब्द बोलने लगें। क्षेत्राधिकार गोला मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि आरोप गंभीर है मामले की जांच करा रहे हैं।

# तीन माह से अधिक बीत जाने के बाद भी ठोकर मारने वाली बोलोरो का पता नही लगा पाई उरुवा पुलिस

● घायल युवक की स्थिति में अभी तक कोई सुधार नही

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर** 2 मार्च बीते 16 नवम्बर को उरुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरुवा माल्हनपार सड़क पर स्थित पचौहा पेट्रोल पंप के पास शनिवार को दिन लगभग साढ़े ग्यारह बजे तीब्र गति से जा रहा बोलोरो चालक ने आगे जा रही बाइक चालक को जबरदस्त ठोकर मार दिया था।और ठोकर मारकर फरार हो गया।अगल बगल के लोगो ने एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए पी एच सी उरुवा पर पहुचाया।परिजनों को भी खबर दी गयी।डॉक्टर ने घायल बाइक चालक की स्थिति नाजुक देख प्राथमिक उपचार देकर तत्काल जिला अस्पताल एम्बुलेंस द्वारा रेफर कर दिया।जिला अस्पताल पर डॉक्टर ने मरीज की स्थिति देख मेडिकल के लिए भेज दिया।मरीज की स्थिति नाजुक देख परिजन जिले के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया ।जहाँ से अभी भी मरीज का इलाज चल रहा है। घायल के पिता द्वारा दिए गए लिखित तहरीर पर उरुवा पुलिस मुकदमा अपराध संख्या 231/24 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन तीन माह से अधिक बीत जाने के बाद भी ठोकर मारने वाली बोलोरो का पता लगाने में उरुवा पुलिस कोसो दूर दिखाई दे रही है।

प्राप्त बिबरण के अनुसार सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डीगुरपुरा निवासी केशव उपाध्याय का 32 बर्षीय लड़का गोविंद अपनी बाइक से अपनी बहन के यहां गोला थाना क्षेत्र के ग्राम गौरखास जा रहा था।बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए उरुवा से माल्हन पार सड़क पर पचौहा पेट्रोल पंप पर पहुचा।वहां से पेट्रोल लेकर आगे बढ़ा की पीछे से आ रही बोलोरो ने जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिससे बाइक चालक बाइक के साथ गिर पड़ा और काफी




चोट सर पर आ गयी। चोट लगने से तत्काल बेहोश हो गया।बोलोरो चालक अपनी बोलोरो लेकर फरार हो गया। लोगो ने घायल बाइक चालक को उरुवा सरकारी अस्पताल पर पहुचाया। जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिले पर एक निजी अस्पताल से गोविंद का इलाज चल रहा है। अभी भी घायल के स्वास्थ्य में सुधार नही है। लेकिन उरुवा पुलिस तीन माह से अधिक बीत जाने के बाद भी ठोकर मारने वाली बोलोरो का पता लगाने में सक्षम नही हो पाई है। इस पुलिसिया कार्यवाही पर क्षेत्र के लोगो मे भारी आक्रोश है।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा में चयनित हुए विद्यालय के बच्चे

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार गोरखपुर** 2 मार्च।राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा( 2025 ) में गोला विकास खंड गोला के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मदारिया के तीन कंपोजिट विद्यालय विमुटी के दो एवं कंपोजिट विद्यालय दुरई का एक छात्र परीक्षा पास किया।। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मदरिया के तीन छात्र इसमें सफलता प्राप्त किये। साहिल प्रजापति ने पूरे जनपद में पांचवी रैंक प्राप्त की अभिषेक मौर्य ने 20वीं रैंक प्राप्त की और रत्नेश पासवान ने 38 रैंक प्राप्त किया। कंपोजिट विद्यालय विमुटी की अंजली जायसवाल 12 रैंक आलोक निषाद 40 वी रैंक प्राप्त किया तो कंपोजिट विद्यालय दुरई के प्रिंस यादव ने 30 जिले में रैंक प्राप्त किया।ज्ञातब्य हो भारत सरकार के द्वारा प्रत्येक राज्यों में इस परीक्षा का संचालन किया जाता है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश में भी परीक्षा नियामक



प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा यह परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्रा को कक्षा 9 से लेकर 12 तक प्रत्येक वर्ष 12000 के हिसाब से 4 वर्षो में अपनी पढ़ाई लिखाई पूरी करने के लिए 48000 की धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होती है। पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय मदरिया में आज तीनों सफल छात्रों को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। चयनित छात्र छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी गोला उदय शंकर राय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं गोला के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा समस्त कर्मचारियों ने बधाई दिया है।

## समाज को संवैधानिक अधिकारों के प्रति बनाना होगा सजग - चंद्रभूषण

**देवरिया।** संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति हेतु समाज के वंचित तबकों को सजग बनाना समाज के जागरूक लोगों की जिम्मेदारी है, उक्त उद्गार बैतालपुर ब्लाक के बरारी में सेवा संगठन के जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सामाजिक न्याय मंच के संयोजक चंद्रभूषण यादव ने कहा कि तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से वंचित समुदायों को जोड़े बिना बहुजन समाज की सामाजिक और राजनैतिक गुलामी दूर नहीं की जा सकती है। कहा कि भारतीय संविधान एवं मंडल कमीशन रिपोर्ट समस्त पिछड़े, दलित समाज की तरक्की और उन्नति के दस्तावेज हैं लेकिन हम इन्हे न जानते हैं और न पढ़ते हैं। प्रदेशीय पदाधिकारी जंगशेर बहादुर राना ने विस्तार से सामाजिक न्याय की अवधारणा पर प्रकाश डाला। सेवा के जिला संयोजक तुंगनाथ यादव ने समस्त आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए सेवा की महत्ता बताया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य दीनानाथ साहनी और संचालन भीमल यादव ने किया। मुमताज अली,जयशंकर यादव, गिरीश चन्द्र कुशवाहा, जलालुद्दीन अंसारी, पवन कुशवाहा, रामसिंगार यादव, नंदकिशोर यादव, सुरेंद्र मौर्य,प्रभा भारती, नीता यादव, रुदल यादव आदि ने अपने क्रांतिकारी विचार व्यक्त किया।

# ओरल प्रेजेंटेशन में शोध छात्र प्रदीप कुमार यादव रहे अव्वल

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह के उपलक्ष्य में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों में रसायन विज्ञान विभाग के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया और एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया इस सेमिनार में तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें मैथमेटिकल और फिजिकल साइंस के ओरल प्रेजेंटेशन का भी आयोजन किया गया जिसमें गणित एवं सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विजय शंकर वर्मा के शोध निर्देशन में कार्य कर रहे शोध छात्र प्रदीप कुमार यादव ने अपना गणितीय मॉडल प्रस्तुत किया जिसमें कोविद-19 से जुड़ी बीमारी से लड़ने के लिए महत्वपूर्ण पैरामीटर थे उनका उपयोग कैसे करेंगे उसको प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित निर्णायक मंडली के द्वारा उनके इस मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ इस



उपलब्धि के मिलने पर गणित एवं सांख्यिकी विभाग में प्रसन्नता की लहर है जो विभाग की उपलब्धि की कड़ी को जोड़ता है और विभाग के शिक्षकों और छात्रों के मन में एक प्रसन्नता है कि विभाग में इस तरह की उपलब्धियां बढ़ती रहें और आगे नहीं-नई उपलब्धियां जुड़ती रहे। इस उपलब्धि के मिलने पर शोध छात्र प्रदीप कुमार यादव को उनके विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विजय शंकर वर्मा ने अपने आशीर्वचन दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे और भी गणितीय मॉडल बनाने और उसको प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया।

## बिना हेलमेट, तीन सवारी एवं गलत दिशा में वाहन चलने वालों का एमवी एक्ट में किया चालान

**देवरिया।** यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर बिना हेलमेट पहने चालकों , तीन सवारी एवं गलत दिशा में वाहन चलने वालों का एमवी एक्ट में चालान किया। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह व टीम ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सुभाष चौक पर अभियान चलाकर बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चलाने वालों, तीन सवारी, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने वालों, गलत दिशा से वाहन चलाने वालों आदि के विरुद्ध एमवी एक्ट में कार्यवाही की और यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरुक किया। कार्यवाही के दौरान यातायात नियमों का पालन करने वाले कुल 132 वाहनों का ई-चालान भी किया। इस दौरान यातायात पुलिस ने जनपद वासियों से अपील किया कि यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करें।

# शहरी चकाचौंध में फंसकर हो रहा गांवों से पलायन -रासेयो शिविर

स्वतंत्र प्रभात

**रूद्रपुर, देवरिया।** रक्षा राव राजनाथ राव महाविद्यालय नारायणपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए डा शिवानी सिंह ने कहा कि शहरी चकाचौंध में फंसकर युवा पीढ़ी गांवों से पलायन कर रही है।

हालांकि गांव में भी रोजगार के तमाम अवसर हैं। खेती-बाड़ी में नये वैज्ञानिक तरीके अपनाकर युवा अपना जीवन स्तर ऊंचा उठा सकता है। सरकारें भी चाह रही हैं कि युवा केवल सरकारी नौकरी पर निर्भर न रहे बल्कि स्वरोजगार करें और कुछ लोगों को रोजगार भी दें। गांवों के पलायन से शहरों में ओवर पापुलेशन की स्थिति उत्पन्न हो रही है वहीं गांवों में प्रतिभा की कमी हो रही है। इसके पूर्व



स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय भिरवा में जाकर साफ सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा विपुल सिंह, अश्वनी द्विवेदी, सुशील सिंह, शालिनी पाण्डेय, अमित चंद,पवन साहनी सहित पूजा, प्रियंका, आसिया, साबिया,रंजय, हरिनंदन, अशोक आदि शिविरार्थी मौजूद रहे।

## अधिवक्ता पर मारने पीटने का आरोप, कार्यवाही की मांग

**महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर निवासी गजेंद्र गौतम पुत्र रामबृक्ष ने पुलिस अधीक्षक महराजगंज को शिकायती पत्र देकर एक अधिवक्ता पर मारने पीटने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग किया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि वह नोटरी बनवाने के लिए नौतनवा तहसील गया था। वहीं उसके रिश्तेदार भी अपने मुकदमे की पैरवी करने के लिए आए थे।उसी दौरान वहां मौजूद एक अधिवक्ता ने उसे तहसील परिसर में खींच लिया और मारने पीटने लगा। जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने आरोपी अधिवक्ता के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई की मांग किया है।

## पुलिस विवेचना और अभियोजन प्रणाली को पारदर्शी बनाने की है आवश्यकता-डा जी के गोश्वामी



**देवरिया।** दीवानी न्यायालय में फॉरेनसिक विषय पर आयोजित कार्यशाला को संस्थापक निदेशक उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ डॉ जी के गोस्वामी आईपीएस ने सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि लखनऊ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजीव सिंह रहे। फॉरेंसिक विषय पर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डा जी के गोश्वामी ने नये आपराधिक कानूनों का उददेश्य, न्याय प्रणाली का ध्यान, दण्ड से न्याय प्राप्ति पर केंद्रित करना आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कानूनी तंत्र के मजबूती हेतु फोरेंसिक विज्ञान, पुलिस विवेचना और अभियोजन प्रणाली को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। फास, साइबर क्राइम, केस स्टडी पर प्रकाश डाला। उन्होंने विवेचनाओं में निष्पक्षता व मजबूत साक्ष्यों को शामिल करने पर बल दिया। इस दौरान जिला न्यायाधीश देवेंद्र सिंह, छाया नैन, शालिनी चौधरी, मनोज तिवारी सहित अन्य न्यायाधीश गण, स्टॉफ ऑफिसर संतोष तिवारी सहित अन्य अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विशेष शिविर का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात

**जलालपुर (जौनपुर),** बयालसी पीजी कॉलेज जलालपुर जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ ।समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डा अलकेश्वरी सिंह डॉ बृजेश कुमार मिश्रा , श्री कृष्ण कुमार सिंह ,श्री प्रकाश चन्द्र कसेरा ,अनिल कुमार ,कार्यक्रम अधिकारी जगत नारायण सिंह ग्राम प्रधान बीबनमऊ ,महिमापुर के द्वारा मां सरस्वती , स्वामी विवेकानंद महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सरस्वती वंदना कुलगीत और स्वागत गीत के साथ अन्य कार्यक्रम स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं द्वारा और प्राथमिक विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत मनमोहक और अद्भुत रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वयंसेवक स्वयं सेविकाओं में राष्ट्रीय सेवा का भाव जागृत होता है ।राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध होता है ।अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए हम समाज में लोगों का सहयोग करके परोपकार कर सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए जल संरक्षण अभियान पर्यावरण संरक्षण अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान स्वच्छता अभियान आदि की प्रशंसा की। और आशीर्वाद प्रदान किया। डॉ बृजेश कुमार मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों के द्वारा



शिविर में अनुशासित तरीके से रहते हुए इनके द्वारा किए गए कार्यो को छोटा नहीं कहा जा सकता इन्होंने राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। सशक्त राष्ट्र की शुरुआत समाज में लोगों की मदद करके अपना योगदान कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों के रचनात्मक कार्यो को देखते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाभी की। डॉ अंशुमान सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा हम पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं।

प्लास्टिक के उपयोग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्लास्टिक से बनी वस्तुएं, प्लास्टिक के थैले का हम कम से कम उपयोग करें जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके। श्री कृष्णा सिंह ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने व्यक्तित्व के विकास में अपना योगदान कर सकते हैं ।इससे उनके अंदर नैतिक गुणों का परिष्कार होता है और वह समाज के जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज की सेवा में अपना अमूल योगदान दे सकते हैं ।बच्चों के द्वारा और स्वयंसेवकों के द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नाट्य मंचन नृत्य ग्रुप डांस देशभक्ति गीत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नाट्यमंचन पर्यावरण संरक्षण आदि से संबंधित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसे विशेष शिविर का यह अंतिम दिन समापन सत्र बहुत ही अद्भुत तरीके से शानदार तरीके से संपन्न हुआ ।कार्यक्रम में मौके पर ग्राम प्रधान आदरणीय श्री ज्ञान दास मौर्य जी और ग्राम प्रधान महिमापुर श्री श्रवण कुमार गुप्ता जी चिंटू प्राथमिक विद्यालय के प्राध्यापक प्रधानाध्यापक शिक्षक बंधु आंगनबाड़ी कार्यकत्री और प्यारे नन्हे मुन्ने बच्चे ,सम्मानित ग्रामवासी विशिष्ट अतिथि आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य और प्रधान द्वय के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं को गोल्ड मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया गया प्राथमिक विद्यालय बीबनमऊ की बच्चियों के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य मैंम को बुके देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम अधिकारी श्री जगत नारायण सिंह ने सभी आगंतुकों एवं महाविद्यालय की प्राचार्य अलकेश्वरी सिंह और कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का, विशिष्ट जनों का आभार व्यक्त किया साथ ही साथ राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर की कार्यक्रम आख्या भी प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्री सोमारू राम के द्वारा किया गया।।

# दो सगे भाइयों के आतंक से भयभीत है पुष्पा का परिवार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

● 15 फरवरी को पति मिला था अधमरा सरसों के खेत मे पुलिस ने मामूली धाराओं में दर्ज किया था मुकदमा।

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर** जिले के मडियाहू थाना क्षेत्र के रामपुर खास निवासी पुष्पा देवी पत्नी बड़ेलाल का परिवार नगर के भंडारिया टोला निवासी दो सगे भाइयों के आतंक के साए में जीने को मजबूर है ।यही नहीं पुष्पा देवी के परिवार से पुलिस को कोई खास मदद मिलती हुई नजर नहीं आ रही है हालांकि पुलिस ने बीते 16 फरवरी को दोनों सगे भाइयों के विरुद्ध मामूली धारा में मुकदमा दर्ज कर अपना फ़र्ज़ अदा करने का दावा किया लेकिन दोनो भाई आज भी खुलेआम घूम रहे है जिससे ये परिवार डरा व सहमा हुआ है। पुष्पा देवी ने मड़ियाहूं कोतवाली थाने में जो मुकदमा दर्ज कराया था उसके अनुसार मेरे पति बड़ेलाल पुत्र स्वर्गीय राजपति को नगर के भंडरिया टोल निवासी संतोष गुप्ता व विजय गुप्ता पुत्र छोटे लाल गुप्ता ने छह माह पूर्व जान से मारने की धमकी दी थी, इसी के चलते 15 फरवरी को स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर खास में जब मेरे पति घर से कुछ कार्य के लिये बाजार निकले थे तभी दोनों आरोपी सगे भाइयों ने मेरे पति को पकड़ कर जान से मारने की नीयत से मुंह में कपड़ा भरकर सरसों के खेत में मरा हुआ समझ कर फेंक दिया था। इस बात का खुलासा तब हुआ जब वे समय से घर नही पहुँचे तो हम सभी लोग अपने उन्हें ढूंढने निकले तो वे उन्हें सरसों गंभीर अवस्था मे बेसुध पड़े मिले। इस घटना से वो इतना भयभीत थे कि वह ना तो कुछ बोल पा रहे थे न बता पा रहे थे उन्होंने पूरी घटना की जानकारी लिख कर बताया कि उन्हें किसने और क्यों और कैसे मारा पीटा था। डॉक्टर के यहाँ दवा इलाज कराने के बाद 16 फरवरी को इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को पुष्पा देवी के प्रार्थना पत्र देने के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 115 (2) व 351 (2 ) में दोनों सगे भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक रामदुलार यादव को सौंप दिया। इस घटना के बाद से पुष्पा देवी का पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है क्योंकि आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। उनका कहना है कि आए दिन यह लोग अपनी ऊंची पहुंच व राजनैतिक संरक्षण के चलते लोगों को परेशान करते हैं और इसी तरह की बड़ी घटना को अंजाम देकर आसानी से पुलिस से बच जाते हैं।पुष्पा देवी ने मांग किया है कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। जिससे कि उनके परिवार की जानमाल की रक्षा हो सके।

# संक्षिप्त ख़बरें

## धूप की प्रखरता ने दिया मौसम बदलाव का संकेत

**पाकुड़िया/पाकुड।** 2 मार्च को पाकुड़िया में कड़ी धूप और गर्मी ने प्रकृति में बदलाव का संकेत दे दिया है। 2मार्च को ठीक 12 बजे कई लोगों ने एक दुसरे से बातचीत के क्रम में यह कहते दिखे कि,आज कड़ी धूप है और कुछ गर्मी का एहसास भी,हो रहा है। हालांकि हवा माध्यम् गति से चलने से गर्मी का अनुभव कम दिखा पर, धूप की प्रखरता में कमी नहीं देखी गयी। बहरहाल,कड़ी धूप से तो यह एहसास लोगों को होने लगा कि मौसम बदल रहा है। लोगों ने मौसम के परिवर्तन के संदर्भ में कहा कि,विश्व धरा पर भारत वर्ष एक ऐसा सौम्यता पूर्ण राष्ट्र है जहां कुल 6ऋतुऐं पाई जाती है। सभी ऋतुओं की विशिष्टताएं भी है और ऋतुओं के अनुरूप अपने को डालते हुए प्रगति की ओर अग्रसर होना ही मानवीय श्रेष्ठता कहलाती है।

## उरवाँ में आठ सूत्री माँगों का मिला समर्थन, अरुण साहू बोले - मुख्यमंत्री से मिलकर रखूँगा बात

**बरही/चंदवारा।** चंदवारा प्रखंड के उरवाँ में डीवीसी विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा अपनी आठ सूत्री माँगों को लेकर पिछले 25 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन धरने को कांग्रेस नेताओं का समर्थन मिला। मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू और कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने धरना स्थल पर पहुँचकर प्रदर्शनकारियों का हौसला बढ़ाया। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता अरुण साहू ने कहा कि उरवाँ के लोगों की माँगें पूरी तरह जायज हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो कमलेश से मिलकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष इस मुद्दे को रखेंगे और माँगों को पूरा करवाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 25 दिनों से चल रहे इस धरने को लेकर जिला प्रशासन की उदासीनता चिंताजनक है, क्योंकि अब तक कोई भी अधिकारी प्रदर्शनकारियों से मिलने नहीं आया है।

### विभागीय मंत्री से मिलकर करेंगे समाधान - दीपक गुप्ता

कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि यह माँग सिर्फ उरवाँ के लिए नहीं, बल्कि आसपास के कई गाँवों से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को लेकर संबंधित विभागीय मंत्री से मुलाकात करेंगे और माँगों को पूरा करवाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। धरने की अध्यक्षता मुखिया मनोज पासवान ने की, जबकि संचालन शीतल यादव ने किया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, समिति सचिव शीतल यादव, कोषाध्यक्ष मो. अनवर, मुखिया सह कांग्रेस नेता संतोष कुशवाहा, मोती दास, कैलाश यादव, वासु यादव, गुलाब यादव, युवा नेता पप्पू दास, अरुण कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नगदी पर किया हाथ साफ

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के रसोइया धमना स्थित दुर्गा मंदिर के पास एक घर में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी लेकर फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोग असुरक्षा की भावना से घिर गए हैं। यह घटना अर्जुन साव पिता स्व. मानिक साव के घर में हुई। अर्जुन साव ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर जानकारी दी कि 26 जनवरी की रात वे अपनी पत्नी के साथ बेटे और बहू से मिलने जमशेदपुर गए थे। जब वे रविवार सुबह घर लौटे, तो उनके होश उड़ गए। दरवाजे के ताले टूटे हुए थे, बक्सा और गोदरेज की अलमारी का लॉक भी टूटा पड़ा था। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था, और कीमती जेवरात व नगदी गायब थे। अर्जुन साव के अनुसार, चोर उनके घर से सोने-चांदी के बहुमूल्य गहने लेकर भाग गए, जिनमें छड़ा, सीकरी, पहुंची, बाला, पायल, नकबेसर, मांगटिका, ढोलना, मंगलसूत्र और झुमके शामिल थे। इन आभूषणों की कुल कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई है। इसके अलावा, चोरों ने करीब 95 हजार रुपये नगद भी चुरा लिए। इस वारदात से अर्जुन साव और उनका परिवार बेहद परेशान है। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने चोरी के तरीके और संभावित संदिग्धों को लेकर छानबीन शुरू कर दी है। चोरी की इस वारदात से अर्जुन साव और उनका परिवार गहरे सदमे में है।

## ज्ञानकुंज इंटरमेशनल स्कूल का हुआ शुभारंभ

**चौपारण** -प्रखंड के रानीक मोड़ में रविवार को ज्ञानकुंज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का बरही विधायक मनोज यादव ने शुभारंभ किया। इससे पूर्व स्कूल के निदेशक अवधेश कुमार सिंह व उप निदेशक सर्वजीत सिंह ने अतिथियो का स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उनके उज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्कूल के आधुनिक सुविधाएँ और अनुभवी शिक्षक बच्चों को एक उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेंगे। निदेशक ने बताया कि कोरोना काल के कारण बंद पड़े विद्यालय को फिर से शुरू किया जा रहा है। मौके पर समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह, यवनपुर मुखिया जानकी यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व मुखिया शौकत खान, अरविंद सिन्हा, शिक्षक शिवकुमार यादव, प्रदीप सिंह, कई लोग उपस्थित थे।

# सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से उपकरण के लिए दिव्यांगों का हुआ पंजीकरण

स्वतंत्र प्रभात

**हज़ारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से भारत सरकार की एपिड योजना के तहत एलिम्को द्वारा रविवार को हजारीबाग नगर प्रेक्षागृह सभागार में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक यंत्र उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 588 दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों का अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगता का परीक्षण किया और सभी का पंजीकरण कर आवश्यक सहायक यंत्र उपकरण के लिए सूची तैयार की गई तथा उनसे जरूरत के दस्तावेज़ यथा आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड ऑनलाइन कार्ड, राशन कार्ड आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति और एक फोटो जमा कराया गया। इस शिविर की विधिवत् शुरुआत पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक सुबह 10 बजे से हुई जो संध्या 5 बजे तक निर्बाध रूप से चला। शिविर में सुबह से ही दिव्यांगों का भीड़ उमड़ने लगा जो लगातार जारी रहा। उनका पहले पंजीकरण किया गया जिसके बाद चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत उन्हें विदा किया गया। उक्त शिविर में खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल उपस्थित हुए और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए उनके संवाद करते दिखे। दिव्यांगजनों के पंजीकरण से लेकर उनके परीक्षण तक की व्यवस्था की जानकारी ली जिसके बाद दस्तावेज़ के अभाव में यहां पहुंचे कई दिव्यांगों का उन्होंने एलिम्को के चिकित्सकों और कर्मियों से यह कहकर पंजीकरण कराया कि जिनका दस्तावेज़ फ़िलहाल उपलब्ध नहीं हैं उनका भी बाद में उपलब्ध करा दिया जाएगा तब तक उनका पंजीकरण कराकर ज़रूर रखें। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हमारे प्रयास से भारत सरकार की कंपनी टीम एलिम्को को प्रेरित करके यह कैंप लगवाया गया है।

यह कैंप हजारीबाग जिले के लिए मुख्यतः है ऐसा ही कैंप कल रामगढ़ जिले के लिए रामगढ़ नगर भवन में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस कैंप में माध्यम से दिव्यांगों का जरूरी कागजात के साथ शारीरिक जांच परीक्षण कर लोगों का असेटमेंट किया जाएगा की किनको बैट्री संचालित साइकिल, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, कान का मशीन, बैसाखी, कमर का बेल्ट, घुटने का बेल्ट, वॉकर, कमोड व्हील चेयर, घड़ी जैसे उपकरण का जरूरत है, उन्हें चिन्हित किया गया। कैंप में चिकित्सक लोगों के इस जरूरत के अनुरूप एक प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए और फिर उनके जरूरत के मुताबिक उन्हें सहायक यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि दोबारा कैंप लगाकर चिन्हित किए गए लोगों को सयाहक यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। सांसद श्री जायसवाल ने बताया कि इस कैंप से एक तो हमारे पास एक रिकॉर्ड बन जाएगा कि हमारे क्षेत्र में कितने जरुरतमंद दिव्यांग है। हमलोग प्रयासरत हैं कि पैर से जो 50त्न दिव्यांग हैं उनको किसी दूसरी योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध करा सकें ताकि दिव्यांगों के सम्मान के साथ उनका कल्याण हो सकें। उक्त शिविर में भारत सरकार के एलिम्को टीम के तरफ से ऑडियोलॉजिस्ट डॉ.अविनाश कुमार, डॉ.ज्ञानेंदु कुमार सिंह, पी. एंड ओ. डॉ. ऐश्वर्या, डॉ.गौरव कुमार कैंप में पहुंचे सभी दिव्यांगों और बुजुर्गों का जांच मूल्यांकन कर उनका पंजीकरण किया। कैंप के सफल संचालन में भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ता शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, मुकेश सोनी, शैलेश चंद्रवंशी, आशेष सिन्हा, तरुण कुमार, आशुतोष तिवारी, अपराजिता तिवारी, दीपक मेहता, अभिमन्यु भगत,अनिल कुमार साव, बालकिशुन कुमार, सांसद सेवा कार्यालय के रुपम ओझा, राजेश राणा, अमन कुमार, मिनल कुमारी, धर्मेंद्र कुमार और हजारीबाग यूथ विंग के करीब आधा दर्जन कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई।शिविर में विशेष रूप से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह वरिष्ठ समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा नेता जयनारायण मेहता, ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा, किशोरी राणा, बलदेव बाबू, अविनाश कुमार सोनू, दीपक गुप्ता, विक्रमादित्य, गुरुदेव गुप्ता, अरविंद मेहता, अशोक कुशवाहा, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# विधायक ने एमवाई पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव का किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात




**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के केंदुआ में संचालित एम वाई मिशन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए बरही विधायक मनोज यादव ने दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति से लोगों को भाव - विभोर कर दिया। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यह विद्यालय बच्चों का भविष्य गढ़ रहा है। विधायक ने शिक्षकों से बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देने की बात कही। प्रमुख पूर्णिमा देवी ने अभिभावकों व बच्चों को शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। बीईईओ ने कहा कि निजी विद्यालय के सामने प्रतिदिन बेहतर शिक्षा देने की चुनौती रहती है। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी बीके यादव ने किया। इससे पूर्व विद्यालय के संचालक मदन राणा ने अतिथियो को बुके व स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम में स्वागत किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, शिक्षक बच्चू राणा, समाजसेवी आदित्य चौरसिया, कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अनामिका कुमारी, राधा रानी, सुधा कुमारी, पल्लवी पांडेय, रवि कुमार, टिंकू कुमार, विकास कुमार पांडेय ने महती भूमिका निभाई।

# प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल बने महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति

स्वतंत्र प्रभात



**कुमारगंज [ अयोध्या ]।** जनपद के मिल्कीपुर तहसील के बलारमऊ गांव निवासी प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल ने महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण कर जिले का मान बढ़ाया। प्रो. शुक्ल वर्तमान में हिन्दी विश्वविद्यालय के तुलनात्मक साहित्य विभाग में प्रोफ़ेसर के पद पर कार्यरत हैं। उच्च शिक्षा में अपनी बेहतर पहचान रखने वाले प्रो. शुक्ल हिन्दी भाषा, साहित्य और संस्कृति के आचार्य के रूप में प्रतिष्ठित हैं। तीन दशक से शोध, अकादमिक लेखन और शिक्षण में संलग्न हैं।अनेक पुस्तकों के लेखन- संपादन के साथ विभिन्न राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोध-पत्र प्रकाशित है। हाल ही में आई इनकी संपादित पुस्तक राष्ट्र, धर्म और संस्कृति तब काफ़ी चर्चित हुई, जब महामहिम राज्यपाल से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने यह पुस्तक उन्हें सप्रेम भेंट की। प्रो. शुक्ल का हिंदी विश्वविद्यालय में विभिन्न अकादमिक, प्रशासनिक एवं शैक्षिक दायित्वों के निर्वहन का लम्बा अनुभव है। डेढ़ दशक तक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक दायित्वों का गहरा अनुभव रखने वाले प्रो. शुक्ल ने पूर्व में वित्त अधिकारी एवं समकुलपति के पद की भी जिम्मेदारी सफलतापूर्वक संभाली। अकादमिक रूप से पूर्व में साहित्य विभाग, भाषा- प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष का दायित्व संभाला। तीन बार भाषा विद्यापीठ के अधिष्ठाता रहे, एक बार अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के अधिष्ठाता का पदभार संभाला। वर्तमान में भी अंतरराष्ट्रीय हिंदी शिक्षण विभागाध्यक्ष, अनुवाद अध्ययन विभागाध्यक्ष, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ क अधिष्ठाता पद का दायित्व भी प्रो. शुक्ल संभाल रहें हैं। इसके अतिरिक्त परा विद्या उच्च शोध एवं ज्ञान सर्जन केन्द्र के निदेशक के रूप में कार्य करते हुए भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी सलाहकार के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से विदेशी छात्रों को हिन्दी से जोड़ने का प्रयास कर रहें हैं। प्रोफ़ेसर शुक्ल ज्ञानानुशासन के रूप में हिन्दी के क्षितिज-विस्तार और रूपांतरण के लिए निरंतर यत्नशील हैं। काव्यशास्त्र, भाषाविज्ञान और तुलनात्मक साहित्य के अध्ययन में इनकी गहरी अभिरुचि है। प्रो. शुक्ल के कुलपति पद पर चयन होने से परिवारजनों, क्षेत्रवासियों एवं विद्यार्थियों में खुशी की लहर है।इस मौके पर प्रो.शुक्ल के अनुज पवन शुक्ल भावविभोर होकर कहते हैं कि बड़े भैया बचपन से ही शिक्षा के प्रति बहुत सजग रहें हैं, और आज अपनी मेहनत, लगन, कर्मठता से एक छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय का नेतृत्व कर समस्त परिवारजनों एवं क्षेत्रवासियों को गौरवान्वित होने का अवसर दिया है।

# महिला दिवस पर होगा नारी शक्ति का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात




**दौसा।** सर्व समाज महिला विकास समिति की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 9 मार्च को भव्य रूप से मनाया जाएगा। समिति की जिला अध्यक्ष उर्मिला जोशी ने बताया कि यह आयोजन सत्यनारायण गार्डन में दोपहर 1 बजे आयोजित होगा। इस विशेष अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाया जाएगा और समानता व जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समिति की ओर से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, महिला संस्थाओं एवं संगठनों को सम्मानित किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाएं शामिल होंगी और अपने अनुभव साझा करेंगी। सर्व समाज महिला विकास समिति ने अधिक से अधिक महिलाओं से इस आयोजन में भाग लेने की अपील की है। समारोह में नगर परिषद सभापति कल्पना जैमन, डॉ पूर्णिमा शर्मा, मूर्ति मीणा, एडीईओ मनीषा जैमन, ब्रह्मा कुमारी शीतल दीदी, डॉ कौशल्या मीणा, डॉ रितु शर्मा अतिथि होंगी।

सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं में जिला परिषद सदस्य नीलम गुर्जर, समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व मेंबर भावना सैनी, पूर्व प्रधान शोभना गुर्जर, महेश्वरा सरपंच मधु इन्दौरिया, पूर्व सरपंच किरण डोरिया, प्रधानाचार्य कमला शर्मा, गगवाना सरपंच सतरूपा मीणा, जिला परिषद सदस्य ममता सैनी, बाल कल्याण समिति मेंबर सोनिका शर्मा, पार्षद ममता शर्मा, समाज सेविका भावना शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रुक्मिणी गुप्ता एवं विजयवर्गीय समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष पारुल विजय के अलावा परशुराम सेना महिला वाहिनी सेवा समिति, देवगिरि साहित्य एवं शोध संस्थान महिला मंच, केडीएफ गूंज, इनर व्हील क्लब, दा लेडीज क्लब, नारी शक्ति शोभा ट्रस्ट, आदिवासी महिला संगठन, जांगिड़ महिला संगठन, जिला खण्डेलवाल वैश्य सेवा समिति, जिला वैश्य महासम्मेलन, शीतल महिला मंच, गिरिराज प्रसाद घुरैया फाउंडेशन, साहू समाज महिला संगठन, ममता खण्डेलवाल जिला महिला प्रभारी पतंजलि, मीना गुप्ता जिला कार्यवाह राष्ट्रीय सेविका महिला समिति सहित महिला संस्था व संगठन हैं।

# अवैध कोयला परिवहन पर वन विभाग की बड़ी कार्यवाही, 5 मोटरसाइकिल जब्त

स्वतंत्र प्रभात

**मंडरो-** वन विभाग ने अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए बड़ी कार्यवाही की है। डीएफओ प्रबल गर्ग के निर्देश पर मंडरो फॉसिल पार्क के निकट मुख्य मार्ग पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर 5 कोयला लदी मोटरसाइकिल जब्त की। इस दौरान लगभग 40 क्विंटल कोयला बरामद किया गया। इस अभियान का नेतृत्व वनपाल राणा रंजीत चौधरी कर रहे थे, जिनके साथ वनरक्षी अंकित झा, सुनील कुमार, सनी रजक, अमित कुमार, प्रेम कुमार , इंद्रजीत कुमार , फैलिसिटस हांसदा समेत अन्य वनकर्मी मौजूद थे। विभाग का यह अभियान अवैध कोयला खनन और परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। डीएफओ प्रबल गर्ग ने स्पष्ट किया कि अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध कोयला खनन और परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि इससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति होती है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। वन विभाग ने यह भी संकेत दिया कि इस अवैध धंधे में शामिल पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर कानूनी प्रक्रिया के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शहरी जलापूर्ति योजना को चालू कराने की कवायद तेज, टीम ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़ ।** उपायुक्त मनीष कुमार के पहल पर शहरी जलापूर्ति योजना को चालू कराने की कवायत तेज हो गई है।इसी सिलसिले में रविवार को तांतीपाड़ा में बनी इंटरमीडिएट सम्प में बिजली आपूर्ति और अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर एक विशेष टीम के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी,विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के सहायक अभियंता गिरधारी सिंह मुंडा,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सहायक अभियंता अभिजीत किशोर शामिल थे।इस दौरान महिला सामाजिक कार्यकर्ता मीरा प्रवीण सिंह,नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष सम्पा साह एवं सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबी राय भी विशेष रूप से मौजूद थे। इस दौरान सम्प में बिजली आपूर्ति को लेकर कई समस्याएं नजर आई। इसी दौरान दलदली भूमि और नालियों में आकर जमा हो रही गंदा पानी तथा इसी जमीन पर बीचों-बीच स्थित बिजली का ट्रांसफार्मर मुख्य समस्या के रूप में सामने उभर कर आई। निरीक्षण टीम ने दलदली भूमि को जल से मुक्त करने,नालियों में जमा हो रहे गंदे पानी के प्रवेश को रोकने और बिजली ट्रांसफार्मर को वहां से हटाकर पास में ही लगाने पर विचार विमर्श किया गया।इसी दौरान पास से ही ओवरहेड इलेक्ट्रिक केबल सम्प तक लगाने का निर्णय लिया गया।इस पर विशेष रूप से मीरा प्रवीण सिंह ने अपनी सहमति जताई और स्थान भी चिन्हित किया।इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि शहरी जलापूर्ति योजना का पूर्ण ट्रायल करते हुए शहर के लोगों को गंगा का पीने का स्वच्छ पानी घर-घर उपलब्ध कराना है। इसलिए उपायुक्त के आदेश पर आज यहां निरीक्षण किया गया।इस दौरान जो भी समस्याएं सामने आई,उसे दूर करने का निर्णय लिया गया।उन्होंने बताया कि जल्द ही शहर के लोगों को पीने का पानी मिलना शुरू हो जाएगा। इस दौरान नगर परिषद के प्रधान सहायक देवाशीष जय बर्मन, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कनीय अभियंता आशीष कुमार पटेल,नगर परिषद के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता,सामाजिक कार्यकर्ता सुशील साह आदि मौजूद थे।

# श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन हिन्दु चेतना का प्रतीक : सांसद सुधांशु त्रिवेदी

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़।** राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने श्रीराम जन्म भूमि, आन्दोलन को हिन्दु चेतना का प्रतीक बताते हुए कहा है कि, सांस्कृतिक मूल्यों में ही निहित है राष्ट्रीय एकता के भाव। श्री सुधांशु ने 3मार्च को नवभारत द्वारा आयोजित, एक कार्यक्रम के दौरान जब उनसे पूछा गया कि महाकुम्भ पावन स्नान को लेकर, इंडिगठबंधन के नेताओं ने इसकी आलोचना करते हुए, कोई कहा ऐसे आयोजनों से देश को कोई लाभ नहीं,किसी ने मृत्यु कुम्भ,तो किसी ने कहा क्या स्नान से गरीबी दूर होगी आदि।वहीं सुधांशु ने ऐसी आरोपों को निराधार कहते हुए,कहा संगम स्नान में भारत वर्ष के सभी प्रांतों,भाषा-भाषी हिन्दुओं के विभिन्न सभी वर्गो के लोग एवम विश्व के देशों सहित,65करोड़ से अधिक लोग पवित्र स्नान कर संतुष्ट होते देखे गए और सभी ने तो कहा, ऐसा भव्य आध्यात्मिक सफल आयोजन अद्भूत है।एक संगम स्थल पर एक साथ इतने लोगों का एकत्र होकर, स्नान न कोई भेदभाव यह चिर स्मरणिय रहेगा।वहीं पत्रकारों व वामपंथी नेता के प्रश्नों को भी,सांसद ने जवाब देते हुए स्पष्ट कर कहा कि भारत वर्ष ऐसे आध्यात्मिक, सांस्कृतिक मूल्य आधारित राष्ट्र को, विभिन्न जातियों तथा ऐसे कई षड़यंत्रों के तहत् भारत वर्ष को तोड़ने का असफल प्रयास,राष्ट्र विरोधी बड़ी शक्तियां सदैव करती रही हैं।ऐसी राष्ट्र विरोधी मानसिकता एवम गतिविधियों को भांपते हुए, हिन्दुओं में राष्ट्रीय हित के निमित्त सांस्कृतिक चेतना जागृत हो रही है जो, राष्ट्रीय हित में है इस क्रम में उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा है कि भारत वर्ष, आध्यात्मिक राष्ट्र है और इस पावन भूमि के कण-कण में राष्ट्रीय भाव निहित है।


# सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से उपकरण के लिए दिव्यांगों का हुआ पंजीकरण





स्वतंत्र प्रभात

**हज़ारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से भारत सरकार की एपिड योजना के तहत एलिम्को द्वारा रविवार को हजारीबाग नगर प्रेक्षागृह सभागार में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक यंत्र उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 588 दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों का अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगता का परीक्षण किया और सभी का पंजीकरण कर आवश्यक सहायक यंत्र उपकरण के लिए सूची तैयार की गई तथा उनसे जरूरत के दस्तावेज़ यथा आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड ऑनलाइन कार्ड, राशन कार्ड आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति और एक फोटो जमा कराया गया। इस शिविर की विधिवत् शुरुआत पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक सुबह 10 बजे से हुई जो संध्या 5 बजे तक निर्बाध रूप से चला। शिविर में सुबह से ही दिव्यांगों का भीड़ उमड़ने लगा जो लगातार जारी रहा। उनका पहले पंजीकरण किया गया जिसके बाद चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत उन्हें विदा किया गया। उक्त शिविर में खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल उपस्थित हुए और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए उनके संवाद करते दिखे। दिव्यांगजनों के पंजीकरण से लेकर उनके परीक्षण तक की व्यवस्था की जानकारी ली जिसके बाद दस्तावेज़ के अभाव में यहां पहुंचे कई दिव्यांगों का उन्होंने एलिम्को के चिकित्सकों और कर्मियों से यह कहकर पंजीकरण कराया कि जिनका दस्तावेज़ फ़िलहाल उपलब्ध नहीं हैं उनका भी बाद में उपलब्ध करा दिया जाएगा तब तक उनका पंजीकरण कराकर ज़रूर रखें। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हमारे प्रयास से भारत सरकार की कंपनी टीम एलिम्को को प्रेरित करके यह कैंप लगवाया गया है। यह कैंप हजारीबाग जिले के लिए मुख्यतः है ऐसा ही कैंप कल रामगढ़ जिले के लिए रामगढ़ नगर भवन में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस कैंप में माध्यम से दिव्यांगों का जरूरी कागजात के साथ शारीरिक जांच परीक्षण कर लोगों का असेटमेंट किया जाएगा की किनको बैट्री संचालित साइकिल, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, कान का मशीन, बैसाखी, कमर का बेल्ट, घुटने का बेल्ट, वॉकर, कमोड व्हील चेयर, घड़ी जैसे उपकरण का जरूरत है, उन्हें चिन्हित किया गया। कैंप में चिकित्सक लोगों के इस जरूरत के अनुरूप एक प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए और फिर उनके जरूरत के मुताबिक उन्हें सहायक यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि दोबारा कैंप लगाकर चिन्हित किए गए लोगों को सयाहक यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। सांसद श्री जायसवाल ने बताया कि इस कैंप से एक तो हमारे पास एक रिकॉर्ड बन जाएगा कि हमारे क्षेत्र में कितने जरुरतमंद दिव्यांग है। हमलोग प्रयासरत हैं कि पैर से जो 50त्न दिव्यांग हैं उनको किसी दूसरी योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध करा सकें ताकि दिव्यांगों के सम्मान के साथ उनका कल्याण हो सकें। उक्त शिविर में भारत सरकार के एलिम्को टीम के तरफ से ऑडियोलॉजिस्ट डॉ.अविनाश कुमार, डॉ.ज्ञानेंदु कुमार सिंह, पी. एंड ओ. डॉ. ऐश्वर्या, डॉ.गौरव कुमार कैंप में पहुंचे सभी दिव्यांगों और बुजुर्गों का जांच मूल्यांकन कर उनका पंजीकरण किया। कैंप के सफल संचालन में भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ता शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, मुकेश सोनी, शैलेश चंद्रवंशी, आशेष सिन्हा, तरुण कुमार, आशुतोष तिवारी, अपराजिता तिवारी, दीपक मेहता, अभिमन्यु भगत,अनिल कुमार साव, बालकिशुन कुमार, सांसद सेवा कार्यालय के रुपम ओझा, राजेश राणा, अमन कुमार, मिनल कुमारी, धर्मेंद्र कुमार और हजारीबाग यूथ विंग के करीब आधा दर्जन कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई।शिविर में विशेष रूप से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह वरिष्ठ समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा नेता जयनारायण मेहता, ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा, किशोरी राणा, बलदेव बाबू, अविनाश कुमार सोनू, दीपक गुप्ता, विक्रमादित्य, गुरुदेव गुप्ता, अरविंद मेहता, अशोक कुशवाहा, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# बिना शोषण और भेदभाव समाप्त किए 2027 तक कुष्ठ रोग उन्मूलन कैसे होगा?



जो बैक्टीरिया कुष्ठ रोग (लेप्रोसी या हैंसेंस रोग) उत्पन्न करता है उसका तो पक्का इलाज है परंतु जो समाज में कुष्ठ रोग संबंधित शोषण और भेदभाव व्याप्त है, वह तो मानव-जनित है - उसका निवारण कैसे होगा? कुष्ठ रोग का सफलतापूर्वक इलाज करवा चुकीं माया रनवाड़े बताती हैं कि यदि कुष्ठ रोग की जल्दी जाँच हो, सही इलाज बिना-विलंब मिले, तो शारीरिक विकृति भी नहीं होती और सही इलाज शुरू होने के 72 घंटे बाद से रोग फैलना भी बंद हो जाता है। फिर शोषण और भेदभाव क्यों?माया ने कहा कि कुष्ठ रोग किसी 'पिछले जन्म के पाप' के कारण नहीं होता है बल्कि संक्रामक बैक्टीरिया के कारण होता है, और किसी अन्य संक्रमण की तरह यह रोग किसी को भी हो सकता है। ज़रूरत है कि सभी कुष्ठ रोगियों को बिना विलंब सही जांच मिले, सही उपचार मिले, सामाजिक सुरक्षा और सहायता मिले जिससे कि ह स्वस्थ रहें और अपनी ज़िंदगी सामान्य रूप से बिना किसी भेदभाव या शोषण के बिताएँ। माया का जन्म महाराष्ट्र की एक लेप्रोसी कॉलोनी में हुआ था। उनकी माताजी को भी कुष्ठ रोग था जो उनके जन्म से पूर्व से ही इस कॉलोनी में रह रही थीं। जब माया छह वर्ष की थीं तो उनको कुष्ठ रोग हो गया था पर जल्दी जाँच और सही इलाज से वह पूर्णतः ठीक हो गईं। जिस लेप्रोसी कॉलोनी में वह रहती थीं वहाँ स्वास्थ्य कार्यकर्ता अक्सर आते थे और कुष्ठ रोग के लक्षण को चिह्नित करते थे। इसी प्रयास में उनको, माया के सफेद धब्बे दिखे, और उन्होंने माया को बिना विलंब जांच-इलाज दिलवाया, और वह पुनः स्वास्थ्य हो गईं। उनके पति को भी कुष्ठ रोग हो गया था जो अब पूर्णतः ठीक हैं। उनकी दोनों बेटियों का विवाह हो चुका है और माया की एक पोती भी है।

### जन्म से ही कुष्ठ रोग संबंधित शोषण झेला

चूँकि माया का जन्म ही लेप्रोसी कॉलोनी में हुआ था तो आरम्भ से ही उन्होंने कुष्ठ रोग संबंधित शोषण और भेदभाव झेला। बरसों पहले कुष्ठ रोग होने पर अक्सर रोग-ग्रस्त लोगों को परिवार बेघर कर देते थे और वह लेप्रोसी कॉलोनी में शरण लेने को मजबूर थे। पिछले कुछ सालों से एक भी नई लेप्रोसी कॉलोनी नहीं बनी है जो थोड़ी तस्सली की बात है। कुष्ठ रोग होने के बाद माया का अपना जिया हुआ अनुभव और प्रगाढ़ हो गया और इरादा बुलंद - कि इस शोषण और भेदभाव को समाप्त करना ज़रूरी है जिससे कि लोग सम्मान और अधिकार के साथ, शिक्षा, रोज़गार, स्वास्थ्य सेवा आदि का लाभ उठा सकें और सामान्य जीवनयापन कर सकें।

यही बात, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए नियुक्त सद्भावना राजदूत योहेई सासाकावा ने कही। उन्होंने 2006 में वैश्विक अपील की शुरुआत दिल्ली से की थी कि कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के खिलाफ शोषण और भेदभाव को खत्म किया जाये।

### एपीएएल राष्ट्रीय संगठन की पहली महिला नेत्री

हाल ही में माया रनवाड़े, भारतीय कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के संगठन (एपीएएल - एसोसिएशन ऑफ़ पर्सन्स अफेक्टेड बाई लेप्रोसी) की पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। संगठन के सर्वे के अनुसार भारत में 800 लेप्रोसी कॉलोनी हैं जिनमें से लगभग सभी इस संगठन से जुड़ी हुई हैं। यह संगठन भारत के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 18 प्रदेशों में सक्रिय है। ओडिशा प्रदेश में 86 लेप्रोसी कॉलोनी हैं। माया, राज्य मानवाधिकार आयोग के संयोजक मंडल और जिला कुष्ठ रोग समन्वयन समिति में भी शामिल रही हैं। माया 7वीं कक्षा तक पढ़ीं हैं। कुष्ठ रोग से प्रभावित समुदायों को जोड़ने के लिए और कुष्ठ रोग उन्मूलन के प्रयासों को सशक्त करने के लिए वह 14 से अधिक देशों के दौरे कर चुकीं हैं। यदि संवेदनशील महिला नेतृत्व नहीं होगा तो महिला संबंधित मुद्दे सहजता से निकल के नहीं आयेंगे। माया के संगठन नेत्री बनने के बाद, उनका कहना है कि अक्सर देश के विभिन्न क्षेत्रों की लेप्रोसी कॉलोनी से उनके पास महिलाओं के फ़ोन आते रहते हैं कि घर, समाज, कार्यस्थल, शैक्षिक संस्थान, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों आदि में उनको किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है - या शोषण और भेदभाव से जूझना पड़ता है। माया मिलजुल कर समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करती हैं।

### भू-अधिकार, कुष्ठ रोग और भिक्षावृत्ति

लेप्रोसी कॉलोनियों में कुछ लोग 60-70 साल से रह रहे हैं पर भू-अधिकार उनको आज तक नहीं मिला है जिसके कारण उनको अनेक समस्या आती हैं। लेप्रोसी कॉलोनी अक्सर रेलवे पटरी के किनारे, या जंगल के निकट जैसी जगहों पर स्थापित हैं परंतु उनका नियमितीकरण नहीं किया गया है। इसलिए अक्सर कुष्ठ रोग से प्रभावित समुदाय को 'अवैध क़ब्ज़ाधारी' के दोषारोपण से भी जूझना पड़ता है।सीएनएस ने भुबनेश्वर के एक कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति से बात की जो खुर्दा की एक लेप्रोसी कॉलोनी के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि वह तो मेहनत और लगन से अपनी आजीविका कमाना चाहते हैं, परंतु कुष्ठ रोग संबंधित शोषण और भेदभाव उनके आड़े आता है - और रोज़गार मिलना एक परस्पर चुनौती है। रोज़गार मिल भी जाये तो कुष्ठ रोग संबंधित शोषण के चलते जल्दी ही वह विकल्प भी उनके लिए बंद हो जाता है। अंततः अक्सर उन्हें देहाड़ी न मिलने पर भिक्षावृत्ति के रास्ते जाना ही पड़ता है। जब तक कुष्ठ रोग संबंधित हर प्रकार का शोषण और भेदभाव समाप्त नहीं होगा, उनके परिवार के लोग पर्याप्त शिक्षा और रोज़गार नहीं पाएंगे, भू-अधिकार नहीं पाएंगे, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा नहीं प्राप्त करेंगे, तब तक हम कुष्ठ रोग को कैसे समाप्त करेंगे? और भिक्षावृत्ति कैसे समाप्त होगी? माया एक अरसे से कुष्ठ रोग से प्रभावित समुदाय के लिए आर्थिक पेंशन की माँग उठा रही हैं। मानवाधिकार आयोग की इससे संबंधित एक समीक्षा में उन्होंने एक अहम भूमिका अदा की और 3000 से अधिक कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों को उनके नगर निगम से विशेष अनुरक्षण भत्ता मिला। सासाकावा इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन और सहयोगियों के आजीविका प्रोजेक्ट से भी वह जुड़ी हुई हैं। उनके अथक प्रयासों के बावजूद पेंशन राशि हर राज्य में सामान्य नहीं है। महंगाई को देखते हुए पेंशन बढ़ाने की मांग भी कुष्ठ रोग से प्रभावित समाज से उठ रही है।ओडिशा में अभी तक हर महीने रू 1000 मिलते थे जो अब राज्य सरकार ने रू 3500 कर दिया है परंतु यह सिर्फ़ उसके लिए है जिसको कुष्ठ रोग संबंधित 80% या अधिक शारीरिक विकृति है (और चिकित्सकीय रूप से सत्यापित है)। कुछ प्रदेशों में जैसे कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कुष्ठ रोग प्रभावित लोगों को रू 5000 की पेंशन मिल रही है। माया कहती हैं कि वाजिब पेंशन के अभाव में, और शोषण और भेदभाव मुक्त शिक्षा-रोज़गार के बिना, कुष्ठ रोग से प्रभावित लोग कैसे जीवनयापन करेंगे? भिक्षावृत्ति समाप्त कैसे होगी?

### अनिवार्य और निश्शुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009

अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 में कुष्ठ रोग से प्रभावित परिवारों के योग्य पात्र बच्चों को भी शामिल किया गया है। परंतु जमीनी हकीकत निराशाजनक है। माया ने अनेक ऐसे कानून और नीति बतायीं जहाँ आज भी कुष्ठ रोग संबंधी सदियों पुराने शोषणात्मक बिंदु शामिल हैं। कानूनों और नीतियों को लोगों के अधिकार के समर्थन में होना चाहिए। आयुर्विज्ञान और चिकित्सा शास्त्र में भी अद्भुत प्रगति हुई है जिसके कारण कुष्ठ रोग की जल्दी पक्की जांच और पक्का इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। इलाज आरम्भ होने के शीघ्र बाद ही व्यक्ति संक्रामक भी नहीं रहता तो फिर कैसा शोषण और भेदभाव? जो पुरानी शोषणात्मक नीतियाँ हैं उनमें बदलाव ज़रूरी है।


### दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016

भारत सरकार का दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016, एक उदाहरण है जहाँ माया और उनके जैसे अनेक लोगों की पैरवी रंग लाई है - इसमें कुष्ठ रोग से प्रभावित योग्य पात्र लोग अब शामिल हैं। परंतु सामुदायिक स्तर पर जागरूकता कम है और सभी योग्य पात्र लोगों को लाभ मिल भी नहीं पा रहा है। माया का कहना है कि मानसिक स्वास्थ्य और पर्याप्त परामर्श की बहुत आवश्यकता है जिससे कि कुष्ठ रोग से प्रभावित सभी लोगों की मदद की जा सके। माया रनवाड़े ने अनेक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। कुष्ठ रोग से संबंधित शोषण और भेदभाव को कम करने के उनके अथक प्रयासों को अनेक पुरस्कार और सम्मान मिले हैं जिनमें सासाकावा इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन का राइजिंग टू डिग्निटी अवार्ड, आरके मेहता ट्रस्ट का सोशल सर्विस अवार्ड आदि शामिल हैं। 2014 में बनी एक वृत्तचित्र फ़िल्म उनकी जीवनी पर आधारित है जिसका शीर्षक है "द अनसंग हीरो - मीट माया।"

**शोभा शुक्ला, बॉबी रमाकांत- सीएनएस**

# संपादकीय

## पाकिस्तान की मेजबानी बनी मज़ाक



आज पाकिस्तान की हालत देख के हंसी आ रही है। चैंपियंस ट्राफी का मेजबान बन जो किरकिरी पाकिस्तान ने अपनी करवाई है शायद ही कभी किसी भी खेल में विश्व के अन्य किसी देश की हुई होगी। पाकिस्तान अपने पहले दोनो मैच न्यूजीलैंड और भारत से बुरी तरह हार चैंपियंस ट्राफी से बाहर हो चुका है। आखिरी मैच बंगलादेश से था जो बारिश की भेंट चढ़ गया। इस तरह पाकिस्तान क्रिकेट जगत का पहला ऐसा देश बन गया है जो अपनी मेजबानी वाले आईसीसी टूर्नामेंट का एक भी मैच नही जीत पाया हो। चलो खेल में हार-जीत तो चलती रहती है परन्तु असली मजे की बात यह है कि पाकिस्तान 29 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, भारत ने सुरक्षा कारणों से अपने मैंच पाकिस्तान में खेलने से पहले ही मना कर दिया था। भारत अपने सभी मैंच दुबई में खेल रहा है। भारत ने ही पाकिस्तान को हरा टूर्नामेंट से बाहर किया था। भारत सेमिफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका है यानि दो सेमिफाइनल में से एक पाकिस्तान के बाहर खेला जाना तय है और अगर भारत सेमि जीत जाता है तो असली मजाक बनेगा पाकिस्तानी मेजबानी का, क्यों कि फिर टूर्नामेंट का फाइनल मैच दूसरे देश में खेला जाएगा और इसके साथ साथ स्टोरी में एक और ट्विस्ट यह होगा कि प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह भी मेजबान देश पाकिस्तान में नही बल्कि दुबई में होगा। पाकिस्तान ने मजाक का पात्र बनने के मामले में अपनी दक्षता का परिचय उस समय भी दिया जब आस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड मैंच में मुकाबला खेल रहे दोनो देशों के राष्ट्रगान की बजाए भारत का राष्ट्रगान चला दिया था। भारत अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर अपने मैच पाकिस्तान में नही खेल रहा और इस दौरान भारत की सुरक्षा को लेकर आशंका तब सच साबित हुई जब शुक्रवार को पाकिस्तान से एक भयंकर बम विस्फोट की खबर आई। पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हो रहा है। इसी बीच शुक्रवार को हुए भीषण बम धमाके ने देश को दहलाकर रख दिया है। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत स्थित एक मदरसे में विस्फोट होने से पांच से ज्यादा लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। इस धमाके ने सभी देशों के क्रिकेट खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर नई चिंता खड़ी कर दी है। पाकिस्तान में हुए इस धमाके के बाद अब यह सवाल उठ रहे हैं कि जो खिलाड़ी इस समय पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के मैच खेलने आए हैं, उनकी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा रही है। इससे पहले भी पाकिस्तान में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ चुके थे और अब इस धमाके ने खतरे को और बढ़ा दिया है।

पाकिस्तान की पुलिस को इस पर विशेष ध्यान देना होगा ताकि भविष्य में किसी होटल या ऐसे स्थानों पर बम विस्फोट जैसी कोई घटना ना हो जाए। पाकिस्तान के विभिन्न होटलों में कई देशों के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और मैच देखने आए विदेशी दर्शक ठहरे हुए हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना अब पाकिस्तान की प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि अतिथि बिना किसी नुकसान के टूर्नामेंट पूरा होने के बाद सुरक्षित अपने-अपने देश वापिस लौट सकें। बताया जा रहा है कि दारुल उलूम हक्कानिया नामक मदरसे में यह विस्फोट हुआ है, जिसमें जमीयत उलेमा इस्लाम (सामी समूह) के प्रमुख और नौशेरा जिले के अकोरा खट्टक स्थित मदरसा-ए-हक्कानिया की देखरेख करने वाले हमीदुल हक हक्कानी सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी पाकिस्तान खुफिया ब्यूरो (पीआईबी) ने एक अलर्ट जारी किया है। इसके मुताबिक इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) आतंकी गुट ने कथित तौर पर पाकिस्तान में मैच देखने आए विदेशियों को निशाना बनाने का प्लान बनाया है। पीआईबी को आशंका है कि आतंकी गुट फिरौती के लिए विदेशियों के अपहरण की साजिश रच सकते है। पाकिस्तान की सुरक्षा में सेंद लगा विदेशी खिलाड़ियों पर हमले की आशंका बेमाने नही है। 2009 में पाकिस्तान के दौरे पर द्विपक्षीय सीरीज खेलने गई श्रीलंका क्रिकेट टीम के साथ ऐसा हो चुका है। बताते चलें कि 3 मार्च 2009, सोमवार की सुबह श्रीलंकाई टीम बस में सवार हो लाहौर के एक होटल से गद्दाफी स्टेडियम के लिए निकली थी। जहां दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल शुरू होना था। टीम बस अपनी रफ्तार से चल रही थी कि इसी बीच पाकिस्तान के समयानुसार करीब साढ़े 8 बजे देखते ही देखते श्रीलंकाई टीम की बस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसने लगीं। मैच खेलने के लिए निकली श्रीलंकाई टीम के खिलाड़ियों ने सोचा नहीं होगा कि उनके साथ ऐसा हो सकता है। करीब 12 आतंकवादियों ने श्रीलंकाई टीम को खत्म करने के इरादे से बस पर गोलियों की बौछार की थी।

हमलावरों ने श्रीलंकाई टीम बस पर रॉकेट लॉन्चर से भी हमला किया था परन्तु निशाना चूक गया। अगर निशाना सटीक होता तो खिलाड़ियों का बचना नामुमकिन था। आईसीसी चैंपियंस ट्राफी का पहला संस्करण 1998 में बांग्लादेश में खेला गया था। पहली चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता साउथ अफ्रीका बनी थी। 2000 के टूर्नामेंट की मेजबानी केन्या ने की, इस टूर्नामेंट की विजेता न्यूजीलैंड रही थी। पहले दो संस्करण की खास बात यह रही कि टूर्नामेंट की विजेता वो टीमें बनी जो उस समय तक कभी भी आईसीसी वर्ल्डकप कप फाइनल तक नही पहुंची थी। 2002 में श्रीलंका में खेले गए तीसरे एडिशन में भारत श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता रहा था। 2004 में मेजबानी इंग्लैंड ने की और फाइनल मुकाबले में उसे वेस्टइंडीज ने हराया था। 2006 के संस्करण की मेजबान भारत थी और विजेता श्रीलंका बनी। 2009 में टूर्नामेंट साउथ अफ्रीका में खेला गया था कप की विजेता ऑस्ट्रेलिया की टीम रही थी। 2013 का मेजबान इंग्लैंड रहा जिसे फाइनल में भारत ने हरा चैंपियनशिप पर कब्जा किया। 2017 का होस्ट एक बार फिर इंग्लैंड रहा। इस टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच खेला गया। इस मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को हरा खिताब पर कब्जा जमाया था।

**(नीरज शर्मा 'भरथल')**

# न्यायिक व्यवस्था पर सवाल है 41 साल बाद अदालत का फैसला!

न्यायिक व्यवस्था पर सवाल है 41 साल बाद अदालत का फैसला!

अपने देश की न्यायिक प्रक्रिया से न्याय हासिल करने के लिए ध्रुव और पार्वती जैसी तपस्या की जरूरत है। फैसला देने में लेट लतीफी करने का विश्व रिकॉर्ड हमारी न्याय पालिका कायम कर रही है, इसका एक और बड़ा उदाहरण 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में आया फैसला है, जिसमें दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दंगों के दौरान बाप-बेटे को जिंदा जलाकर मारने के मामले में आरोपी सज्जन कुमार को 41 साल बाद उम्रकैद की सजा सुनाई है। किसी मामले में चार दशक बाद फैसला आना हमारी न्यायिक व्यवस्या पर एक सवाल है। आप जानते हैं कि जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइ यानि न्याय में देरी न्याय की मौत है। 1984 के दंगे में इस मामले में आया फैसला हमारे ज्यूडिशियल सिस्टम की हालत बयान कर्ता है। हालांकि सज्जन कुमार को कड़ी सजा का यह फैसला कई संदेश लिए हुए है। दंगा पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने में भले 41 साल लग गए हों, लेकिन फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह कितना ही ताकतवर राजनीतिक क्यों न हो। यह सिख विरोधी दंगों से जुड़ा दूसरा मामला है, जिसमें सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। हालांकि पीड़ित पक्ष और दिल्ली पुलिस ने सज्जन कुमार के लिए लिए फांसी की सजा मांगी थी। अभियोजन ने इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर की कैटेगरी में मानने की मांग कोर्ट से की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया और उम्रकैद की सजा सुनाई है। दरअसल यह मामला 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार में भीड़ को भड़काने से जुड़ा है, जिसमें जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या हुई थी। अभियोजन पक्ष ने कहा था कि सन्जन कुमार ने भीड़ को उकसाकर बड़े स्तर पर सिखों के घरों दुकानों पर लूट और आगजनी कराई। इसी दौरान एक घर में लूट और आग लगाने से पहले भीड़ ने सिख समुदाय के दो लोगों को जिंदा जलाकर मार दिया था। इसी मामले में उन्हें उम्रकैद की सजा दी गई है। इसके अलावा सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक दूसरे मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने 2018 में सन्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। पुलिस ने इस मामले में जिसे गवाह बनाया था, उसने 16 साल बाद सज्जन कुमार के इस हिंसा में शामिल होने की पुष्टि की थी। हालांकि उनके वकील ने इसका ही आधार बनाते हुए अपने मुवक्किल को निर्दोष बताया था। खुद सज्जन ने भी 1 नवंबर 2023 को कोर्ट में इस मामले में गवाही में खुद को निर्दोष बताया था। इस मामले में अभियोजन की तरफ से कोर्ट में दी गई दलीलों में इसे निर्भया केस से भी ज्यादा संगीन मामला बताया गया था, जिसमें समुदाय विशेष के लोगों को टारगेट करके किलिंग की गई थी। सिख विरोधी हिंसा को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए अभियोजन ने इस मामले में सज्जन कुमार को फांसी की सजा सुनाए जाने की मांग की थी। लेकिन कोर्ट ने उनकी उम्र को देखते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी है। साल 1984 में 31 अक्टूबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनके ही सिख बॉडीगार्ड्स ने पीएम आवास के अंदर ही गोलियों से छलनी कर दिया था। यह हत्या जून, 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में सिख चरमपंथी जरनैल सिंह भिंडरावाला को पकड़ने के लिए भारतीय सेना को घुसने की इजाजत देने के विरोध में की गई थी। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली समेत पूरे देश में सिख विरोधी दंगे भड़क गए थे। बड़े पैमाने पर सिखों की हत्याएं की गई थीं या फिर उन्हें मारपीट कर अधमरा कर दिया गया था। माना जाता है कि इन दंगों में तीन से पांच हजार लोग मारे गए थे। अकेले दिल्ली में ही दो हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। अब इस घटना के करीब 41 साल बाद सन्जन को एक और मामले में दोषी ठहराया गया है। कांग्रेस के एक और नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ भी केस चल रहा है। इसके अलावा कांग्रेस नेता एचकेएल भगत और कमल नाथ भी सिख दंगों से जुड़े मामलों में आरोपी हैं। इन दंगों में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं की संलिप्तता का दावा किया गया था और इनमें से ही सन्जन कुमार भी एक है। अगर देखा जाए तो इन दंगों के पीड़ितों में से बहुत सारे लोगों को आज तक भी न्याय नहीं मिला है और उनके केस अदालतों में लंबित हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि सिख दंगे के पीड़ितों को न्याय कब तक मिलेगी। सिख दंगों में सजा में देरी देश की न्यायिक प्रक्रिया की हकिकत को उजागर करता है। न्याय प्रक्रिया के जटिलताओं की वजह से मामले के लंबा खिंचने का आरोपियों ने फायदा उठाया और पीड़ित परिवारों की आधी जिंदगी न्याय के इंतजार में गुजर गई। दंगा पीड़ितों में आज भी कई ऐसे परिवार हैं, जो न्याय की उम्मीद में करीब चार दशक का वक्त गुजार चुके हैं। वैसे दंगा पीड़ितों की तादाद भी काफी है, जो न्याय के लिए गुहार भी नहीं लगा सके, जिनका सब कुछ खत्म हो गया और जिन्होंने नए सिरे से जीवन की शुरुआत की। जिन्होंने दंगाइयों को भड़काने वालों के खिलाफ बोलने की हिम्मत जुटाई, तमाम धमकियों और दबावों के बीच जटिल कानूनी प्रक्रिया के तहत संघर्ष करने का संकल्प किया, उसी का नतीजा है कि सन्जन कुमार जैसे नेता को सजा के अंजाम तक लाया जा सका। जिस तरह से राजनीतिक दल दंगा पीड़ितों के दर्द को भुनाते रहे, वह भी कम शर्मनाक नहीं है। चाहे सिख विरोधी दंगे हों या गुजरात के दंगे, ये सभ्य समाज पर एक बड़ा कलंक हैं। इन दंगों ने दुनिया भर में भारत की छवि को भारी धक्का पहुंचाया।

तत्कालीन सरकार ने इन दंगों में शामिल अपने नेताओं को पूरी तरह सुरक्षा देने का यत्न किया और लूटमार करती भीड़ के संबंध में आंखें मूंद ली थीं । उसी समय कई मानवाधिकार संगठनों ने दिल्ली में हुए इस घटनाक्रम संबंधी चश्मदीद गवाहों के आधार पर रिपोर्ट प्रकाशित करवाई गई, जिनकी बड़े स्तर पर चर्चा हुई। कुछ दर्जन केस भी दर्ज किये गये और बाकी सभी घटनाक्रमों को दबा दिया गया। बाद में वई कमिशन भी बने, उनकी रिपोर्टों को भी धीरे-धीरे सबूत न मिलने का बहाना बनाकर खारित कर दिया गया। कुछेक दोषियों को छोटी मोटी सजा मिली। एक अपराधी किशोरी लाल बुचड़ को फांसी की सजा भी हुई जो बाद में खारिज कर दी गई। दिल्ली पुलिस ने चलते केसों को आधारहीन और जानहीन बना दिया और इन दंगों से संबंधित बहुत सी फाइलें भी बंद कर दी, जिससे भाईचारे के शरीर पर लगे जख्म नासूर बनते गये। केन्द्र में साल 2014 में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद 2015 में गृह मंत्रालय द्वारा इस संबंधी एसआईटी का गठन करके पुनः जांच शुरू करवाई गई। इन दंगों से संबंधित फाइलों को पुनः खोला गया ताकि पीड़ित परिवारों को राहत मिल सके। समय बीतने और तत्कालीन शासकों द्वारा तथ्यों को हर ढंग तरीके से छुपा देने के कारण यह काम और भी मुश्किल हो गया था। इसी कारण 8 जुलाई, 1994 को दिल्ली की एक अदालत ने सज्जन कुमार के विरुद्ध साक्ष्य न होने के कारण आरोप पत्र दाखिल करने से मना कर दिया था। 8 मई 2000 को नानावती आयोग भी गठित किया गया था पर उसमें से भी बहुत कुछ हासिल न हो सका ।2014 में केन्द्र में सरकार बदलने के साथ पुनः बंद पड़े केसों को दोबारा खोला गया, जिससे इन्साफ मिलने की उम्मीद पुनः बंध गई। इसी की एक अहम कड़ी के तौर पर सज्जन कुमार को सजा सुनाई गई है। भी 17 दिसम्बर 2018 को 5 सिखों की के बाद गुरुद्वारा साहिब को जला दिये सज्जन कुमार आरोपी पाया गया हाईकोर्ट ने




17 दिसम्बर, 2018 को कैद की सजा सुनाई थी। अब 2 सिखों की हत्या और अन्य कई मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद उसके विरुद्ध अलग-अलग सख्त सजा का ऐलान किया गया है और दो मामलों में उसको दोहरी उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। सज्जन कुमार 80 साल का है और अनेक बीमारियों से ग्रस्त है। एक कारण यह भी बताया गया है कि उसको फांसी की सजा नहीं सुनाई गई।

इन दंगों ने दुनिया भर में भारत की छवि को भारी धक्का पहुंचाया। ऐसे में सज्जन कुमार ही नहीं, दंगे की साजिश रचने वाले हर आरोपी को न्याय के कठमरे में लाया जाना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि देश की न्यायिक प्रक्रिया में सुधार किया जाए, लेकिन यह तत्काल संभव नहीं दिख रहा है, क्योंकि भारत की विभिन्न अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित है, जिनमें से सबसे अधिक मामले उत्तर प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में पेंडिंग हैं। यूपी की अदालतों 1.18 करोड़ से अधिक केस लंबित पड़े हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 84,045 मामले लोंबत हैं, जबकि विभिन्न उच्च न्यायालयों में 60,11,678 मामले लंबित हैं। जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में सबसे अधिक 4,53,51,913 मामले लंबित है। अदालतों में मामलों के लंबित रहने के कई कारण हैं, जिनमें फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और कर्मचारियों की उपलब्धता, शामिल तथ्यों की जटिलता, जांच एजेंसियों, गवाहों और वादियों सहित हितधारकों का सहयोग शामिल है। नियमों और प्रक्रियाओं का उचित अनुप्रयोग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जरूरत इस बात की है कि केंद्र और न्यायपालिक कानूनी प्रक्रियाओं में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि न्यायालयों तक आमजन को पहुंच बढ़े और शीघ्र न्यायसुलभ हो सके। बारह साल पहले जब भाजपा नीत सरकार सत्ता में आई थी तब उम्मीद बनी थी कि न्याय सुलभ और समयबद्ध होगा लेकिन अभी तक इस दिशा में और अधिक गंभीरता से सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# न सुनाई देने वाला हाहाकार भी सुनिए



आहें,चीखें और सिसकियाँ आदमी के दुःख की अभिव्यक्ति के वे रूप हैं जिसे सभी वाकिफ हैं,लेकिन कभी -कभी ऐसा भी होता है जब ये आहें,चीखें ,सिसकियाँ हमें सुनाई नहीं देती ,हालाँकि यदि हम इन्हें सुन सकें तो इनका स्वरूप ह्रदय विदारक भी होता है तो कभी-कभी कारुणिक भी और कभी-कभी जुगुप्सा पैदा करने वाला . इन दिनों दुनिया भर में निवेशकों के बीच कोहराम है. कोई आहें भर रहा है ,कोई चीख रहा है और कोई सिसकियाँ लें रहा है लेकिन सुनाई किसी को कुछ नहीं दे रहा .सबसे बुरी हालत तो हमारे अपने देश भारत की है। जहाँ शेयर बाजार औंधे मुंह पड़े हुए हैं और कोई किसी को ढांढस बांधने वाला नहीं है।

शेयर बाजार में गिरावट समंदर में उठने वाले ज्वर-भाटे की तरह होती है.कभी-कभी ये सुनामी का रूप ले लेती है और जब सुनामी आती है तो सब कुछ तबाह हो जाता है. दुनिया के शेयर बाजारों में इस समय पिछले 40 दिन से सुनामी आयी हुई है. ट्रंपअनुशासन इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है .जानकार बताते हैं कि फरवरी की 28 तारीख को दिन की शुरुआत में ही सेंसेक्स में करीब 1000 अंकों की और निफ्टी में 300 अंकों की भारी गिरावट देखने को मिली. एक झटके में निवेशकों के 7.5 लाख करोड़ रुपए डूब गए।

बात कोई एक दिन की नहीं है.शेयर बाजार हर दिन डुबकियां ले रहा है। फरवरी 2025 में कुल 20 दिन शेयर बाजार खुला, जिसमें 16 दिन सेंसेक्स नेगेटिव रहा। पिछले 4 महीने में सेंसेक्स में 12 फीसद से ज्यादा गिरावट हुई है. प्रयागराज के कुम्भ में तो मान लीजिये की 62 करोड़ लोगों ने ही डुबकी लगाई लेकिन शेयर बाजार में तो इसका कोई पुख्ता आंकड़ा ही नहीं है।

आपने आपको विश्वगुरु बताने वाले लोग भी देश के शेयर बाजार को डूबने से नहीं रोक पाए ,लेकिन एक अकेला चीन है जिसके शेयर बाजार इस सुनामी से अप्रभावित दिखाई दे रहे हैं। चीन के 'शंघाई स्टॉक एक्सचेंज कम्पोजिट इंडेक्स' में अगस्त 2024 से जनवरी 2025 के बीच 15 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. जबकि हांगकांग के 'हैंग सेंग इंडेक्स' में सिर्फ एक महीने में 16 प्रतिशत का उछाल दिखा है.आपको हक है कि आप मुझसे सवाल करें कि भारतीय बाजार में 28 साल की सबसे बड़ी गिरावट की क्या वजह है और पड़ोसी देश चीन का शेयर बाजार क्यों लगातार चढ़ता जा रहा है?

सरकारी नौकरी से सेवानिवृत होने के बाद शेयर बाजार में मगजमारी करने वाले हमारे एक मित्र हैं डॉ रंजीत भाले. वे बताते हैं कि फरवरी के आखिरी दिन निफ्टी ने गिरावट के मामले में 28 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है. साल 1996 के बाद से शेयर बाजार में कभी भी लगातार पांच महीने तक गिरावट नहीं देखी गई है. 1996 के बाद ये पहला मौका है जब शेयर बाजार में लगातार पांचवे महीने गिरावट देखने को मिली है। पीएचडी उपाधि धारक डॉ भाले भी इस सुनामी में दूसरे निवेशकों की तरह अपना बहुत कुछ गंवा बैठे हैं .वे कहते हैं कि उन्होंने निफ्टी के इतिहास में ऐसी गिरावट 1990 के बाद केवल दो बार पांच महीने या उससे ज्यादा समय तक गिरावट दर्ज होते देखी थी . अपनी याददाश्त पर जोर डालते हुए डॉ भाले बताते हैं कि सितंबर 1994 से अप्रैल 1995 तक 8 महीनों में इंडेक्स 31.4 फीसदी गिर गया था. आखिरी बार पांच महीने की गिरावट 1996 में देखी गई थी. उस समय जुलाई से नवंबर तक निफ्टी में 26 फीसदी की गिरावट आई थी।

एक तरह से आर्तनाद कर रहे दुनिया भर के निवेशक इस समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को कोस रहे हैं ,क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद लगातार टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं. ऐसे में पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल है. भय और आतंक के इस माहौल में में निवेशक को जहां अपना निवेश सुरक्षित नजर आता है, वो वहां जाते हैं. फिलहाल निवेशक को डॉलर और सोने में ज्यादा सुरक्षा नजर आ रही है. यही वजह है कि भारतीय बाजार से देशी और विदेशी निवेशक अपना पैसा निकाल रहे हैं, जिससे बाजार गिर रहा है.लेकिन हमारे नेता,हमारी सरकार मौन साधकर बैठी है .उसे बाजार से ज्यादा अपनी चिंता है।

किसी से भी ये बात छिपीन्हीं है की भारतीय बाजार से पैसा निकालकर ज्यादातर निवेशक अमेरिका और चीनके बाजारों में लगा रहे हैं। चीनी बाजार से ज्यादा रिटर्न की उम्मीद है . दूसरी ओर अमेरिकी सरकार बॉन्ड के जरिएनिवेशक को बेहतर रिटर्न का भरोसा दे रही है. ऐसे में जब तक अमेरिकी बॉन्ड बाजार आकर्षक बना रहेगा, विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों में बिकवाली यानी शेयर बेचना जारी रख सकते हैं।

मैंने शेयर बाजार में बहुत पहले कुछ पैसे लगाए थे ,लेकिन फिर मै इस मायाजाल से बाहर निकल आया .मेरी आपको यही सलाह है कि यदि आप शेयर बाजार का हिस्सा हैं तो अभी चुप्पी साधकर बैठे रहें. घबड़ाहट में कोई फैसला न करें .बाजार में ठहराव आने दें ,हालाँकि इसके लिए आपको लाम्बा इन्तजार भी करना पड़ सकता है .लेकिन इन्तजार ही आपको इस सुनामी से उबार सकता है . हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी हों या वित्त मंत्री निर्मला बाई वे आपकीकोई मदद नहीं कर सकते .उन्हें खुद अपनी कुर्सी कीपड़ी है।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0ः 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# नगर पालिका भरवारी में मनमाने हाउस टैक्स से लोग परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के नगर पालिका परिषद भरवारी में मनमाने तरीके से हाउस टैक्स का निर्धारण कर दिया गया है, यह कितना अनोखा व सोचनीय विषय है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से भी महंगा हाउस टैक्स नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र में लगा दिया गया है,मनमाने हाउस टैक्स लगाये जाने पर जहां एक ओर नगर पालिका अध्यक्ष और सभी 25 वार्डो के सभासदों ने चुप्पी साध रखी है वहीं पूर्व सभासद मनोज केसरवानी ने नगर पालिका परिषद भरवारी,डीएम मधुसूदन हुल्गी,नगर विकास मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मेल और पत्र के जरिये मनमाने हाउस टैक्स पर आपत्ति लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।वहीं ईओ राम निहोर ने भी गलत बयान जारी कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया है। शासन के निर्देश पर प्रदेश के सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में गृह कर लगाया जाता है जिसका निर्धारण करने का अधिकार नगर पालिका अथवा नगर पंचायत के ईओ को दिया गया है, वहीं जनप्रतिनिधियों की सहमति लेने के भी निर्देश दिये गये हैं इसके बावजूद नगर पालिका परिषद भरवारी में ईओ ने मनमाने तरीके से हाउस टैक्स का निर्धारण कर दिया है और लोगों को नोटिस भी जारी कर दी है,जबकि इस बात को लेकर अभी कुछ दिनों पूर्व व्यापारियों की एक बैठक में संशोधन किये जाने की भी बात हुई थी,लेकिन जनता के इस परेशानी के मामले में न तो नगर की जिम्मेदार




अध्यक्ष ने कुछ सोचा और न ही नगर पालिका के चुने हुये 25 वार्डो के सभासदों ने ही कोई आपत्ति दाखिल की है,जबकि नगर पालिका में अधिकतर क्षेत्र ग्रामीण हैं,जिससे साफ प्रतीत होता है कि नगर पालिका के निवासियों को न तो नगर पालिका की अध्यक्ष से कोई आशा रह गई है और न हो किसी सभासद से और न ही किसी अधिकारी से ही कोई न्याय की आशा रह गई है। इसी मुद्दे को लेकर भरवारी के पूर्व सभासद मनोज केसरवानी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री, नगर विकास विभाग, डीएम कौशाम्बी व ईओ भरवारी को ईमेल व डाक के माध्यम से पत्र भेजते हुए 19.02.2025. को अखबार में प्रकाशित भवन कर के सम्बन्ध में सार्वजनिक सूचना पत्रांक 3495/न0पा0प0भ0/ 2024-25 प्रकाशित पर आपत्ति लगाई है और अवगत कराया है कि सार्वजनिक सूचना में वर्णित भवन कर की दर अप्रासंगिक व औचित्यहीन प्रतीत होती है। जिसके सम्बन्ध में तीन सूत्रीय सुझाव देते हुए अवगत कराया है। कि भरवारी के नगर पालिका परिषद गठन से पूर्व जब नगर पंचायत थी तब नगर पंचायत के समस्त 12 वार्डो में भवन कर हेतु कुछ मानक निर्धारित किये गये थे अर्थात् भवनों की पैमाइश के अनुसार भवन कर निर्धारित किया गया था। जिसका 2022-23 तक आमजन से भुगतान लिया गया था। वर्तमान में गरीब व मध्यम वर्ग मंहगाई की मार झेल रहा है। इसलिए नगर पालिका परिषद भरवारी की बोर्ड कमेटी में पूर्व निर्धारित दर पर ही भवन कर का निर्धारण सर्वसम्मति से किया जाना न्यायहित व जनहित में होगा। दूसरा नगर पालिका परिषद के परिक्षेत्र में अनेकों व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी संचालित है जिनमें गेस्ट हाउस, रिसार्ट, नर्सिंग होम, कावेन्ट स्कूल, कोल्ड स्टोरेज,ईट भट्ठा, दाल, तेल, राइस, आटा, मैदा मिल, गैस ऐजेन्सी,पेट्रोल टंकी, मुर्गी - पोल्ट्री फार्म, सरकारी व अर्ध सरकारी कार्यालय आदि हैं। ऐसी संस्थाओं/ व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए भवन कर की अलग से व्यवसायिक दरनिर्धारित किया जाना अधिक औचित्यपूर्ण होगा।

इसके अलावा गरीब वर्ग जिनके आवास कच्चे मकान, खपरैल अर्थवा छप्पर की छत वाले, टीन शेड,प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास है, उन्हें भवनकर से मुक्त रखा जाये क्योंकि जिनकी सामर्थ्य ही नहीं है कि वे सुविधापूर्ण मकान में निवास कर सकें उनसे भवन कर वसूला जाना किसी भी दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं कहा जा सकता। इस तीन मांगो को लेकर सभासद ने ईमेल व डाक के जरिये आपत्ति दाखिल की है।

भरवारी में मनमाने हाउस टैक्स के सम्बन्ध में पूर्व सभासद द्वारा लगाई गयी आपत्ति के सम्बन्ध में ईओ रामसिंह का कहना है कि पूर्व सभासद द्वारा हाउस टैक्स के सम्बन्ध में लगाई गयी आपत्ति समय सीमा के बाद कार्यालय को ई मेल से शुक्रवार को प्राप्त हुई है। अब इस पर कोई विचार नहीं किया जा सकता है। यदि समयावधि के अन्दर यदि आपत्ति आई होती तो उस पर अवश्य विचार किया जाता।

वहीं पूर्व सभासद का आरोप है कि 19 फरवरी को अखबार में प्रकाशन से 15 दिन की समय अवधि पूरी नहीं हुई बावजूद इसके ईओ का बयान कहीं से भी जनता के हित में नहीं दिखाई पड़ रहा है। ईओ का बयान पूर्णतया जनता को अहित और अध्यक्ष को हित प्रदान करने वाला है।

# कौशाम्बी में अवैध प्लॉटिंग का बढ़ता जाल, प्रशासन मौन

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध प्लॉटिंग का जाल बढ़ता जा रहा है और प्रशासन मौन है सरकारी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है तहसील प्रशासन की भूमिका भी संदिग्ध लग रही है भू-माफिया नहरों पर अवैध पुल बना रहे हैं और सिंचाई विभाग निष्क्रिय दिखाई दे रहा है जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद आधी-अधूरी कार्रवाई की जा रही है

भूमि प्लॉटिंग के नियम सख्त हैं फिर भी अवैध कब्जा लगातार किया जा रहा है देखना है कि चिन्हित भू-माफियाओं पर कब होगी कड़ी कार्रवाई बिना अनुमति के प्लॉटिंग करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई,अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर, गैंगस्टर एक्ट के तहत होगी कार्रवाई कौशाम्बी में अवैध प्लॉटिंग का बढ़ता जाल लगातार बढ़ रहा है प्रशासन की सख्ती जरूरी है लेकिन प्रशासनिक मिलीभगत से चल रहा खेल जिला मुख्यालय और समदा सहित पूरे जिले में धड़ल्ले से हो रहा है

कौशाम्बी जनपद के नगर पालिका परिषद मंझनपुर में अवैध प्लॉटिंग का मामला गम्भीर रूप लेता जा रहा है। भू-माफिया सरकारी और निजी कृषि भूमि पर बिना किसी वैध अनुमति के प्लॉटिंग कर रहे हैं, जिससे बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। प्रशासनिक अनदेखी के चलते यह समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है।

**अवैध प्लॉटिंग से बढ़ रही समस्या**

समदा गांव समेत कई क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लॉटिंग की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसील प्रशासन की मिलीभगत के कारण यह कार्य तेजी से फल-फूल रहा है। इसके अलावा, कुछ भू-माफियाओं द्वारा नहरों पर अवैध पुल बनाकर भी प्लॉटिंग की जा रही है, जिससे नहरें संकरी हो रही हैं और सिंचाई विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

जिलाधिकारी ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश कौशाम्बी जिले के जिलाधिकारी ने अवैध प्लॉटिंग पर रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने राजस्व विभाग, नगर पालिका प्रशासन और पुलिस को अवैध प्लॉटिंग में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। हालांकि, प्रशासन की निष्क्रियता के कारण भू-माफिया बेलगाम होते जा रहे हैं और अवैध कॉलोनियों का विस्तार लगातार जारी है।

**प्लॉटिंग से जुड़े नियम और प्रावधान**

उत्तर प्रदेश में भूमि प्लॉटिंग और विकास के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं, जिनका पालन न करने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

**1. कृषि भूमि का गैर-कृषि उपयोग (धारा 143)**

यदि कोई व्यक्ति कृषि भूमि का उपयोग आवासीय या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करना चाहता है, तो उसे उत्तर प्रदेश भूमि राजस्व अधिनियम की धारा 143 के तहत भूमि उपयोग परिवर्तन (लैंड यूज चेंज) की अनुमति लेनी अनिवार्य है। बिना इस अनुमति के कृषि भूमि पर प्लॉटिंग या निर्माण कार्य अवैध माना जाता है, जिसके लिए तीन वर्ष तक की कारावास और जुर्माना हो सकता है।

**2. विकास प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र**

कृषि भूमि पर प्लॉटिंग या निर्माण कार्य शुरू करने से पहले संबंधित विकास प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक है। यह नियम अवैध प्लॉटिंग और अनियोजित विकास को रोकने के लिए लागू किया गया है।

3. भूमि खरीद की सीमा

उत्तर प्रदेश में एक व्यक्ति अधिकतम 12.5 एकड़ कृषि भूमि खरीद सकता है। इससे अधिक भूमि खरीदने पर वह अतिरिक्त भूमि राज्य सरकार के अधीन हो जाएगी। यह प्रावधान भूमि के समान वितरण और अतिक्रमण को रोकने के लिए लागू किया गया है।

**पहले से चिन्हित भू-माफियाओं पर प्रशासन की नजर**

कौशाम्बी जिले में भू-माफियाओं और राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों के बीच साठगांठ के कारण सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले सामने आ चुके हैं। मंझनपुर मुख्यालय में अरबों रुपये मूल्य की सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है, जिसमें प्रशासन की निष्क्रियता भी सवालों के घेरे में है। हाल ही में, प्रशासन ने अवैध प्लॉटिंग में संलिप्त कुछ भू-माफियाओं की पहचान की है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की योजना बना रहा है।

जनपद में ओसा, समदा,भरवारी , अमहा , करारी , मंझनपुर चारों तरफ ,रोही , कादीपुर ससुर खदेरी नदी का किनारा भी , पाता, पतौना, मूरतगंज, धन्नी सकाढ़ा, अषाढ़ा और पूरे जिले में अवैध प्लॉटिंग धड़ल्ले से चल रही है। समदा के आराजी नम्बर- 310 ,312 और 24 ग तथा भड़ेसर, घना का पुरवा, बरैन का पुरवा, बिछौरा, आदि जगहों पर अवैध प्लॉटिंग हो रही है। समदा मे हिमाद्रि कोल्ड स्टोर के बगल में सरकारी नाला सहित प्लॉटिंग हो चुकी है।

# मनौरी ओवरब्रिज के गड्ढे को मिट्टी से पाटकर छिपाने की कोशिश कर रहे विभागीय अफसर

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में डामर की सड़क में गड्ढा होने के बाद उसमें मिट्टी डालकर समतल किए जाने का अधिकारियों का यह प्रयास एक साजिश का हिस्सा है। जिन सड़कों में छोटे-छोटे गड्ढे हो जाते हैं उसमें मिट्टी डालकर गड्ढे को विभागीय अधिकारी भर देते हैं, जिससे पानी पड़ने के बाद मिट्टी के साथ तेजी से गिट्टियां उखड़ने लगती हैं और सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो जाते हैं, जिसके बाद सड़क मरम्मत का फिर प्रस्ताव होता है और करोड़ों का बजट निकाल कर अधिकारियों की कमीशन खोरी शुरू हो जाती है। सड़क के गड्ढे में मिट्टी डालने वाले अधिकारियों की साजिश के चलते प्रत्येक वर्ष सरकार को करोड़ों का चूना लग रहा है।

जानबूझकर सड़क बर्बाद करने के उद्देश्य से सड़कों के गड्ढे में मिट्टी डालने वाले अधिकारियों को चिन्हित करना होगा और इन पर मुकदमा दर्ज करके इनको गिरफ्तार किए जाने की जरूरत है। गौरतलब है कि आम जनता के आवा गमन की समस्या को देखते हुए शासन द्वारा मनौरी ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया है। ओवरब्रिज को बने हुए लगभग सात वर्ष हो गए हैं। तब से लेकर अब तक दर्जनों बार ओवरब्रिज की सड़क उखड़ चुकी है। मरम्मतीकरण के नाम पर जिम्मेदारों के द्वारा कई बार बजट निकाला गया फिर भी ओवरब्रिज की सड़क गड्ढामुक्त नहीं हुई। वर्तमान समय में ओवरब्रिज पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जो हादसे को दावत दे रहे हैं फिर भी विभागीय अफसरो ने पुख्ता इंतजाम नहीं किया जिससे ओवरब्रिज के ऊपर दुर्घटना की प्रबल संभावना बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने विभागीय कार्यालय में इस विषय पर कई बार शिकायत किया जिसके बाद विभागीय अफसर जागे और खानापूर्ति तक सीमित रह गए लेकिन समस्या को जड़ से समाप्त करने की योजना नहीं बनाई गई। ओवरब्रिज पर हजारों की संख्य में प्रतिदिन छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। गड्ढे में वाहन का पहिया जाते ही अनियंत्रित होकर दिशाहीन हो जाता है जिसके कारण कई दफा बड़ा हादसा हो गया है। हद तो तब हो गई जब लोगों ने ओवरब्रिज पर बने गड्ढे को लेकर शिकायत की तो विभागीय अधिकारी आए और बजट का हवाला देते हुए गड्ढे को मिट्टी से पाटकर चले गए और समय के साथ गड्ढे से मिट्टी धूल बनकर धीरे-धीरे उड़ गई जिससे एक बार फिर से मनौरी ओवरब्रिज की सड़क बड़े गड्ढे में तब्दील हो गई। सड़क में मिट्टी डालकर उसको बर्बाद करने वाले विभागीय अफसरो को चिन्हित कर इनको दण्डित किए जाने की जरूरत है।

# होली के त्योहार को लेकर थाने में पीस कमेटी की हुई मीटिंग

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में आगामी होली व रमजान के त्यौहारों के साथ साथ होने के सम्बंध में कोखराज थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्र भूषण मौर्य के तत्वावधान में रविवार को पीस कमेटी की मीटिंग बुलाई गई एसओ कोखराज ने कहा कि होलिका दहन के लिए उपयुक्त जगह पर ही रखे इस पर विशेष ध्यान रखना होगा कि होलिका दहन के ऊपर कोई विजली का तार न हो न ही कोई मकान नजदीक हो जिससे किसी का नुकसान हो हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदायों को आपस में मिलजुलकर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाने के लिए कहा जिससे आपसी भाईचारा बना रहे सभी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि यदि किसी को किसी प्रकार की कोई समस्या आती हैं तो तत्काल सीयूजी नम्बर पर सूचना दे यदि कोई भी व्यक्ति त्योहार में माहौल खराब करता है तो उसके साथ कड़ी कार्यवाही की जाएगी पीस कमेटी की बैठक में ग्राम प्रधान शिवलाल पूर्व प्रधान देश राज,कोटेदार भोला,व नगरपालिका भरवारी सभासद सूरज यादव,ने नगर पालिका परिषद में लगातार बंद चल रहे सीसीटीवी कैमरा की बात बताया कि पूरे नगर पालिका में एक भी सीसीटीवी कैमरा नही चलता है जो एक गम्भीर मुद्दा है उन्होंने कहा कि यदि कोई भी घटना घटित होती है तो उसकी सच्चाई उजागर होने में भी दिक्कतें होगी इस पर कोखराज एसओ ने गम्भीरता से लिया और इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से लिखित देने को कहा सभासद ने बताया कि सभी चौराहा में जैसे परसरा चौराहा, रोही चौराहा, कोखराज थाना हाइवे चौराहा अन्य कई जगहों में सीसीटीवी लगवाया गया था लेकिन एक भी नही चल रहा है जो एक गम्भीर प्रकरण हैं आये हुए तमाम गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक कर तमाम समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बातचीत की गयी इस मौके पर चौकी प्रभारी भरवारी धीरेन्द्र सिंह,चौकी प्रभारी शहजाद पुर मनीष कुमार पाल,उप निरीक्षक सन्तोष कुमार, एसआई हरीश तिवारी,अशोक दुबे,आशीष कुमार मौर्य, दीपक,आदि कर्मचारियों व गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में मीटिंग सम्पन्न हुई।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया गया सफल आयोजन

**कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है जनपद में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आज दिनांक 02/03/2025 को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गई दी गयी जिसमें डॉक्टर संजय कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टेंवा, करारी एवम् सामुदायिक केन्द्र मंझनपुर का निरीक्षण किया उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी एन यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अलीपुरजीता का निरीक्षण किया तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा पश्चिम का निरीक्षण किया तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एच? पी? मणि ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र म्योहर का निरीक्षण किया डॉक्टर एच? पी? मणि ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है अन्य उप मुख्य चिकित्साधिकारी,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 44 चिकित्सा अधिकारी व 117 पैरामेडिकल कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगों से ग्रसित कुल 1398 मरीजों का चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया एवं 15 मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी सन्दर्भित किया गया साथ ही स्वास्थ्य मेले में कुल 56 गोल्डन कार्ड भी बनाये गये।

# विधायक ने प्रदर्शनी प्रतियोगिता मे बच्चों का बढ़ाया हौसला : विधायक

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के सराय अकिल के रकसराई गांव स्थित AR K कॉन्वेन्ट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने नवाचार और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द द्विवेदी शामिल हुये।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किये गये, जिन्हें अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा।मुख्य अतिथि विधायक अविनाश चन्द द्विवेदी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, इस तरह के आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित होती है, जो भविष्य में उन्हें बड़े आविष्कार करने के लिए प्रेरित करेगी।÷ उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशन्सा की। विद्यालय प्रबन्धक ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला, और प्रदर्शनी ने सभी को विज्ञान और नवाचार की नई दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया।

# कड़ाधाम के गंगा आरती घाट पर आयोजित हुई भव्य गंगा आरती मुख्य अतिथि रूप में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी** ।51वीं शाक्तिपीठ कड़ाधाम के गंगा आरती घाट की पावन धरा पर कुंभ मेला के सफल आयोजन पर पतित पावनी मां गंगा की भव्य आरती पूजा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन गंगा गोमती संस्थान के अध्यक्ष विनय पांडेय एवं उपाध्यक्ष्या अंजना देवी पांडेय ने किया।वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पालिका बीरेन्द्र फौजी ने बताया कि प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा इस भव्यकुम्भ मेला का आयोजन किया जहां पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। तथा जनपद कौशाम्बी से आए हुए श्रद्धालु जनों का कुम्भ नगरी प्रयागराज में गंगा समिति के अध्यक्ष विनय पांडे तथा प्रशासन की ओर से उनकी सेवा, सहयोग तथा भण्डारे की व्यवस्था प्रदान की। इसी की सफलता मे मां गंगा की भव्य आरती पूजा का आयोजन किया गया और मुझे भी मां गंगा की आरती में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तथा केरल राज्य से आये हुए अतिथियों ने भी मां गंगा आरती में अपनी सहभागिता निभाई।इस कार्यक्रम का संचालन आशीष विश्वकर्मा गुरु जी ने किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी, तहसीलदार अंकिता पाठक, ऋषभ मोदनवाल, चेन्नई से आदर्श देव सिंह एंटरप्रेन्योर (बिजनेसमैन) और डायरेक्टर , विकास कुमार मौर्य इंफ्लुएंसर, सतीश कुमार सिनेमेटोग्राफर, अरुण कुमार एसोसिएट सिनेमेटोग्राफर और मोहनचंद्रन प्रोडक्शन मैनेजर,श्यामू गंगा वासी, अंकित गोताखोर,मनीष कुमार , कृष,अमित कुमार गोताखोर,गोलू , मकबूल गोताखोर, मोहम्मद नूर, एहसान आदि संत एव भक्त गण मौजूद रहे।

# नौशाद और शमां की मौत के बाद भी नहीं टूटी परिवहन व शिक्षा विभाग की कुम्भकर्णी नींद..

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में शासन के निर्देशों को धता बताकर सिराथू विकास खण्ड अन्तर्गत सेन्ट मारिया विद्यालय मानक विहीन वाहनों का इस्तेमाल कर बच्चों की जान जोखिम में डाल रहा है यह सिलसिला लगातार कई अर्से से चला आ रहा है। पूर्व में विद्यालय की ही बस से हुए एक हादसे में 30 वर्षीय ऑटो चालक नौशाद व 18 वर्षीय शमां परवीन ने अपनी जान गंवा दी थी तो वही दो लोग घायल भी हुए थे बावजूद इसके परिवहन विभाग और विद्यालय संचालक की कुम्भकर्णी नींद है कि टूटने का नाम ही नहीं ले रही। तहसील सिराथू के बगल में सैनी नहर के समीप स्थित सेन्ट मारिया पब्लिक स्कूल में कई किलोमीटर दूर से प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में बच्चे पढ़ने के लिए जाते हैं जिन्हें लाने ले जाने के लिए विद्यालय संचालक द्वारा वाहनों की व्यवस्था की गई है जिनकी चर्चा इन दिनों खूब सुनने को मिल रही है विद्यालय के ज्यादातर वाहन सरकारी मानकों को पूरा नहीं करते हैं। विद्यालय द्वारा चलाए गए वाहनों में किसी बस का पिछला शीशा नहीं, तो किसी बस का फिटनेस नहीं, कहीं बिना इन्श्योरेन्स के ही फर्राटे भर रही टवेरा कार तो कहीं जर्जर खटारा बस, आए दिन क्षेत्र के सड़कों पर मासूमों को बिठाकर फर्राटे भरते देखी जा सकती हैं जिसके चलते पूर्व में हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई थी। बीते 29 दिसम्बर को सेन्ट मारिया पब्लिक स्कूल की बस नम्बर क्क73 ञ्ज 3570 ने सवारी से भारी ऑटो को जोरदार टक्कर मारी थी जिसके चलते ऑटो चालक हुआ सफर कर रही सम परवीन दर्दनाक मौत हो गई थी वही दो लोग घायल भी हुए थे। मिली जानकारी के मुताबिक विद्यालय की बस का फिटनेस ही नहीं था बावजूद इसके वह सड़कों पर नौनिहालों को बिठाकर फर्राटे भर रही थी उस दौरान गनीमत यह रही की हादसे में बस सवार मासूमों को किसी तरह की दुर्घटना का शिकार नहीं होना पड़ा। हादसे को अभी 2 महीने भी नहीं पूरे हुए थे कि एक बार फिर से बिना फिटनेस की विद्यालय के वहां नौनिहालों को बिठाकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं जो परिवहन विभाग व विद्यालय संचालक के आन्तरिक रिश्तों की पोल खोल रहे हैं अब तो लोगों में या चर्चा हो रही है कि जिले के परिवहन विभाग व विद्यालय संचालक के बीच यह रिश्ता क्या कहलाता है....।

# पूर्व प्रधान के कब्जे से प्रशासन ने खाली कराई वर्तमान प्रधान की भूमिधरी भूमि,दोबारा ऐसा करने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के तहसील चायल के अन्तर्गत सिरियांवा कला गांव में पिछले कई सालों से चली आ रही भूमि विवाद का राजस्व विभाग ने अन्ततः समाधान कर दिया है।राजस्व विभाग ने पूर्व प्रधान के कब्जे से वर्तमान प्रधान की भूमिधरी भूमि को खाली कराकर उसपर खम्भा गढ़ी का आदेश दिया है,प्रशासन ने पूर्व प्रधान को दोबारा ऐसा करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। मामला चायल तहसील के अन्तर्गत सिरियावां कला गांव का है जहां कई सालों से चल रहे मामले पर एसडीएम न्यायालय ने विराम लगा दिया है, प्रशासन ने गाटा संख्या 321 की पैमाइश कर मौजूदा प्रधान मोहम्मद साजिद पुत्र मोहम्मद कासिम निवासी सीरियवां कला तहसील चायल के नाम पर पत्थर गाड़ने आदेश जारी कर दिया है। मौजूदा प्रधान मोहम्मद साजिद का आरोप है कि पूर्व प्रधान अशर्फी लाल उनकी छवि को धूमिल करने के लिये पिछले कई सालों से साजिश रच रहा है,जिसके चलते प्रशासन के



समक्ष अलग-अलग पैतरे आजमाता रहा है, जिसके कारण मोहम्मद साजिद को अपनी ही भूमिधरी जमीन पर कब्जा पाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था, इसके बाद मोहम्मद साजिद द्वारा कई बार अधिकारियों को इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया, अधिकारियों द्वारा कई बार पैमाइश की गई लेकिन वहां पर विवाद की समस्या को देखते हुये मौजूदा प्रधान अपनी ही जमीन पर काबिज ना हो सका। अन्त में मोहम्मद साजिद ने धारा 24 की कार्यवाही का सहारा लिया ,इसके बाद मोहम्मद साजिद की भूमि धरी जमीन की नाप कर 321 गाटा संख्या सुरक्षित कर पूर्व प्रधान अशर्फी लाल को राजस्व अधिकारी द्वारा फटकार लगाई गई ,साथ ही यह हिदायत भी दी गई कि अगर तुम्हारे द्वारा किसी प्रकार की बदतमीजी की गई तो तुम्हारे खिलाफ कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी,तुम्हारी जमीन 322 गाटा संख्या है और वह सड़क से काफी पीछे है और तुम अपनी भूमि के स्वामी हो 321 गाटा संख्या में तुम्हारे द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या पाई गई तो तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# राहुल राज ने कराया मेजबान कौशाम्बी का विजयी आगाज आल इण्डिया रिजवी कप क्रिकेट प्रतियोगिता

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** मेजबान डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन कौशाम्बी ने रिजवी कप के लिए आयोजित 15वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उसने प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन मुरादाबाद को तीन विकेट से हराया। विजेता टीम के राहुल राज पाल ने बहुमुखी प्रदर्शन ( 32 रन, 15 गेंद, आठ चौके व 5.3 -0-17-2) कर इस जीत में अहम भूमिका निभाई।रविवार को करारी स्थित रिजवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन मुरादाबाद की पूरी टीम 32.3 ओवर में महज 129 रन (मुख्तार अशरफ 44, मिर्जा दानिश आलम 15, अमान सिद्दीकी 14 रन, रवि भारतीय 3/38, कृष्णा यादव 2/13, राहुल राज पाल 2/17, रोहित राज पाल 2/28) पर सिमट गई। जवाब में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन कौशाम्बी ने 23.1 ओवर में अपने सात विकेट खोकर 130 रन (राहुल राज पाल 32, लिंकन 22, शिवांश यादव 21, रोहित राज पाल 19 रन, हर्षित बिश्नोई 3/43, मिर्जा इंतजार बेग 2/51, कृष्णा यादव 1/15) बना लिए। मैच से पहले कौशाम्बी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपम कुमार और विशिष्ट अतिथि सीजेएम दीपक जायसवाल व एसीजेएम हिमेन्द्र कुमार तथा रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। रिजवी कॉलेज के मैनेजर राशिद रिजवी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को बुके व स्मृतिचिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया। अलोक श्रीवास्तव ने उद्घाटन समारोह का संचालन और आयोजन सचिव शैलेन्द्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मैच में आसिफ रजा व विभोर दुबे ने अंपायरिंग और अनूप कुमार शर्मा व प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में सोमवार को डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन मेरठ व डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन गाजियाबाद के बीच दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच प्रातः साढ़े नौ बजे से खेला जायेगा।

# साल बाद पहुंचे धारकुंडी आश्रम के सच्चिदानंद महाराज के दर्शन को उमड़े भक्त

## मुंबई से एक विशेष विमान से देवांगना चित्रकूट एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** सतना के धारकुंडी आश्रम में परमहंस सच्चिदानंद जी महाराज 5 साल 8 माह के बाद रविवार को पहुंचे। महाराज श्री बदलापुर महाराष्ट्र स्थित अपने आश्रम से स्पेशल विमान से सुबह साढ़े 9 बजे यूपी के चित्रकूट स्थित देवांगना एयरपोर्ट आए। एयरपोर्ट पर पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। वहां से वे सड़क मार्ग से मानिकपुर होते हुए साढ़े 10 बजे धारकुंडी आश्रम पहुंचे। मार्ग में भक्त और अनुयायी कलश लेकर सद्गुरु के दर्शन किए। एयरपोर्ट से धारकुंडी आश्रम तक वाहनों का काफिला महाराज जी के स्वागत में उनके साथ-साथ रहा और हजारों की तादाद में भक्तजन आश्रम में पहले से ही उनके दर्शन को अतुल रहे। उनकी सुरक्षा में 80 पुलिस जवान तैनात थे। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर चित्रकूट एसडीओपी रोहित राठौर के नेतृत्व में 80 पुलिस जवान तैनात किए गए। आश्रम प्रबंधन ने बताया कि अगले 3 दिन तक श्रद्धालुओं को महाराज के दर्शन नहीं होंगे। उसके बाद रोजाना सुबह और शाम महाराज जी के भ्रमण के



दौरान भक्त दर्शन कर सकेंगे। परमहंस सच्चिदानंद सदगुरु देव महाराज आज पांच वर्ष 03 महीने आठ दिन बाद मुंबई के बदलापुर आश्रम से परमहंस आश्रम धारकुंडी आगमन हुआ। स्वामी जी हेलीकॉप्टर से उत्तर प्रदेश चित्रकूट के देवांगना एयरपोर्ट पर उतरे और फिर कार में सवार हो मानिकपुर के रास्ते के लिए रवाना हुए तो रास्ते में जगह-जगह पर भक्तों ने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए दर्शन लाभ लेकर पुण्य अर्जित किया। लगभग 11 बजे जब स्वामी जी महाराज का काफिला आश्रम पहुंचा तो जयकारों की गूंज पड़ी चहुं ओर पटाखे फूटने लगे और हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करते हुए महाराज श्री का स्वागत करते दर्शन लाभ लिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने चित्रकूट एसडीओपी रोहित राठौर के नेतृत्व में सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक शंखधर द्विवेदी, बरौंधा थाना प्रभारी कार्यवाहक निरीक्षक अभिनव सिंह, धारकुंडी थाना प्रभारी उप निरीक्षक शैलेंद्र पटेल सहित 80 पुलिस जवान तैनात किए थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### किसान का आलू आया तो भाव गया, किसान परेशान

**मथुरा।** सब्जियों के राजा कहे जाने वाले आलू की फसल पैदा करने वाले किसान आलू का उचित रेट न मिलने तथा मौसम की मार से उत्पादन कम होने से दुखी हैं। मंडी में किसानों को आलू की फसल उचित मूल्य पर बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है जबकि कई किसान कम दाम में ही आलू बेच रहे हैं। फरह क्षेत्र में के गांव, भधाया,सनोरा, पिपरोठ,कोह, सरूरपुर, परखम, विशु, रोषू, झंड़ीपुर आदि में आलू की पैदावार की जाती है आलू फसल को लेकर किसान पहले से उत्साहित थे लेकिन जब आलू की फसल की सही रेट न मिलने किसान चिंतित होने लगे है। विगत महीने आलू में लगे रोग से फसल काफी प्रभावित हुई है। इन दिनों 600 रुपये प्रति पैकेट यानी 50 किलो आलू मंडी में बिक रहा है। दूसरी ओर पैदावार कम होने से आलू की लागत निकालना मुश्किल हो रहा है। मौसम को देखते हुए आलू की खोदाई का काम किसान तेजी के साथ कर रहे हैं, किसान, दुष्यन्त, कालीचरण, राकेश चौहान, सतीश, डालचंद आदि किसानों का कहना है विगत माह में हुई बारिश भी आलू की पैदावार को प्रभावित कर चुकी है। नुकसान का आंकलन इस प्रकार लगा सकते है, एक बीघा क्षेत्रफल में लगभग 60000 हजार रुपये की लागत और शीतगृह में रखने तक खर्च आता है। जबकि एक बीघा में 100 से 150 पैकेट आलू निकल रहा है और इन दिनों 600 रुपये पैकेट आलू बिक रहा है। इस हिसाब से किसान के लिए आलू की फसल घाटे का सौदा साबित हो रही है।

### सतोहा में तडके हुई कई राउंड फायरिंग से फैली दहशत

**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में गोवर्धन रोड पर स्थित गांव सतोहा में बेखौफ गोली बारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वारदात का यह वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। वीडियो में गोली चलाता युवक दिखाई दे रहा है। रविवार की सुबह गांव में गोलियां चलने से दहशत से फैल गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाने पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि जिन लोगों ने यह वादात की है वह उन्हें पहचानते हैं। इससे पहले भी वह इस तरह की घटना को अंजाम दे चुके हैं। गांव सतोहा निवासी गौतम सिंह ने पुलिस को तहरीर में लिखा है कि वह घर पर सोए हुए थे। सुबह करीब चार बजे बंटी, जयदीप पुत्र गिरधर और अन्य अज्ञात लोगों ने गाली गलौज करते हुए घर पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के निशान दुकान की शटर और घर की दीवारों पर लगे हुए हैं। फायरिंग की आवाज सुनकर जागे पीतम ने इसकी सूचना पीआरवी 112 को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची उससे पहले ही हमलावर मौके से भाग गए। पुलिस ने मौके से खाली कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की रिकॉर्डिंग को देखा। जिसमें एक कैमरे में सरेआम फायरिंग करता हुआ एक व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने पीतम की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भदोही में क्रिकेट टूर्नामेंट में पत्रकारों पर भारी पड़ा प्रशासन

**ज्ञानपुर।** भदोही-ज्ञानपुर रोड पर स्थित मुंशीलाटपुर जिला स्टेडियम में रविवार को जिला प्रशासन व पत्रकारों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया। टॉस जीतकर पत्रकारों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों के मैच में 99 रन बनाए जहां 100 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरी जिला प्रशासन की टीम ने रोमांचक मुकाबले में पत्रकारों को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया है। प्रतियोगिता में शामिल अपर पुलिस अधीक्षक डॉ तेजवीर सिंह व उप जिला अधिकारी भदोही श्याम मणी त्रिपाठी ने सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों ने फिल्ड पर उतरकर शानदार प्रदर्शन किया है। विजेता टीम प्रशासन व उपविजेता टीम पत्रकारों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डॉ तेजवीर सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि हमें मानसिक तौर पर स्वस्थ्य रखने में सहायक होता है। प्रशासन व पत्रकारों के बीच आपसी सामंजस्य व प्रेम-व्यवहार बना रहे इस उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम से प्रशासनिक अधिकारियों को भी क्रिकेट से जुड़ने का मौका मिला। पुलिस क्षेत्राधिकारी चमन सिंह चावड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम काफी काबिले-तारीफ है और ऐसे आयोजन से आपसी सामंजस्य स्थापित होते हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोकगायक राजेश परदेशी ने ध्वनी विस्तारक यंत्र के माध्यम से चिटकुले अंदाज के साथ दर्शकों को स्कोर-रेट की जानकारी दी। इस मौके पर नगर पंचायत सुरियावां के अध्यक्ष विनय चौरसिया,वरिष्ठ पत्रकार हरिश सिंह, आदर्श पाण्डेय, संतोष कुमार तिवारी, रामकृष्ण पाण्डेय, आशीष सिंह,दिनेश कुमार यादव उर्फ दादा, सुरेश कुमार गुप्ता, रजनीकांत मिश्रा,अनिल तिवारी,ओमप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# आरोग्य हॉस्पिटल में इलाज में लापरवाही और चार्ज ज्यादा वसूलने पर मुख्यमंत्री से की शिकायत

## पीड़ित ने जिलाधिकारी और एसएसपी के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी को भी भेजा शिकायती पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** शहर कोतवाली के अंतर्गत nh-19 हाईवे पर एक अस्पताल में दुर्घटनाग्रस्त मरीज के इलाज में लापरवाही करने और ट्रीटमेंट कर से पैसा अत्यधिक वसूलने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री से की शिकायत गौरतलब है कि मनोज खत्री निवासी सदर बाजार का भतीजा आदित्य 11 फरवरी को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था उसके साथ एक उसका दोस्त भी था वो दोनों गम्भीर घायल थे दोनों को एक रायगीर ने आरोग्य प्लस मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया, बड़ी मुश्किल से परिजनों को सूचना मिली मौके पर पहुंचकर परिजनों ने सही ढंग से इलाज करने की प्रशासन से गुजारिश की। लेकिन हॉस्पिटल अपने मनमानी तरीके से इलाज करता रहा है इलाज के दौरान मनोज खत्री ने अस्पताल वालों से शिकायत करना शुरू कर दिया। अस्पताल कर्मचारी सचिन चतुर्वेदी, अमरनाथ त्रिपाठी और नर्सिंग स्टाफ लखन ने गंदी गंदी गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी, शिकायत से ईर्ष्या मानते हुए कैलाश के दौरान ट्रीटमेंट सर्विस एक्स्ट्रा चार्ज छोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा 1,50,000 रुपए जमा कर नहीं मरीज की छुट्टी नहीं करेंगे तुझे पीटते पीटते स्वर्ग पहुंचा देंगे। इस पीड़ित ने मामले में मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत करते हुए जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र देते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है ।



### आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज भी नहीं किया जा रहा है

**मथुरा।** आरोग्य प्लस मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों के साथ अभद्रता के साथ बिना इलाज के वापस किया जाता है। शिकायत करने पर मरीज के साथ आने वाले परिजनों से मारपीट तक की जाती है। एक नेहा नाम की महिला अपने पति को लेकर इस अस्पताल में आयी तो कर्मचारीयों ने कहा आयुष्मान कार्ड मान्य नहीं होगा, पेशेंट को भारती कर लिया पैसा जबरदस्ती जमा करने का दबाव बनाने लगे महिला के साथ गाली गलौज अभद्रता की।

पीड़ित की शिकायत मुझे मिली है उनका ज्यादातर मामला पुलिस से संबंधित लग रहा है अगर उपचार के दौरान कोई लापरवाही की गई है उस मामले में सख्त कार्रवाई करूंगा

**अजय कुमार वर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा**

# युवा देश की रीढ़ है, अपने कार्य को शत प्रतिशत ऊर्जा के साथ करें : प्रशांत सिंघल

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** युवा देश की रीढ़ है, आप जहाँ भी रहें अपने कार्य को शत प्रतिशत ऊर्जा के साथ करें । यह उद्गार महापौर प्रशांत सिंघल ने माय भारत - नेहरू युवा केंद्र अलीगढ़ ( माय भारत ), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम को अपने आवास पर कानपुर से युवाओं से संबोधित करते हुए कहे । उन्होंने आह्वान किया कि सभी युवा माननीय प्रधानमंत्री जी को अपना रोल मॉडल बनाए क्यूंकि वह अपनी ऊर्जा देश को विकसित करने में लगे हैं । यह कार्यक्रम होटल धीरज पैलेस में आयोजित हो रहा है जिसके अंतर्गत जिला युवा अधिकारी तन्वी अग्रवाल ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में युवाओं को जानकारी दी और उनकी भागीदारी के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम युवाओं को ज्ञान प्राप्त करने, कौशल विकसित करने और सरकारी व औद्योगिक विशेषज्ञों के साथ संवाद स्थापित करने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। यह पहल माई भारत पोर्टल के तहत युवाओं की भागीदारी और विकास को और अधिक सशक्त बनाएगी। इस कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा, कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा सेमिनार आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना था। नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षणः संगीता त्रिपाठी, सहायक उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा विभाग ने आपातकालीन तैयारियों, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। साथ ही चंद्रपाल सिंह, वार्डन, नागरिक सुरक्षा विभाग ने विभाग की कार्यप्रणाली और उसकी भूमिका पर विस्तृत जानकारी साझा की। कौशल विकास एवं उद्यमिता सेमिनारः डॉ. अजर वर्धन, क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू ने युवाओं को करियर निर्माण, स्वरोजगार और स्टार्टअप संस्कृति के बारे में मार्गदर्शन दिया। डिजिटल साक्षरता सेमिनारः श्री सचिन कुमार, प्रोफेसर, डीएस कॉलेज ने डिजिटल जागरूकता, साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन कौशल विकास पर चर्चा की। नेतृत्व संवादः शाम को प्रतिभागियों की महापौर प्रशांत सिंघल से विशेष मुलाकात हुई, जिसमें युवा नेतृत्व, नागरिक भागीदारी और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र भारत ( युवा कवि ) द्वारा किया गया। इसके अलावा, महिपाल सिंह, धनंजय उपाध्याय, हिमांशु मिश्रा, अविनाश कुमार, बॉबी यादव, आकाश कुमार और स्वाति तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी इस आयोजन में उपस्थित रहे।




# बार एसोसिएशन भीटी में अध्यक्ष पद पर श्याम भवन पांडेय और मंत्री पद पर अनिल यादव ने मारी बाजी

स्वतंत्र प्रभात

**भीटी, अंबेडकर नगर।** बार एसोसिएशन भीटी की वार्षिक चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें कुल 41 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में अध्यक्ष और मंत्री पद पर कांटे की टक्कर देखने को मिली, जहां गहमागहमी के बीच अध्यक्ष पद पर श्याम भवन पांडेय ने बाजी मार ली। अध्यक्ष पद के लिए हुए इस रोमांचक मुकाबले में श्याम भवन पांडेय को 23 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी बजरंग प्रसाद को 18 मतों से संतोष करना पड़ा। श्याम भवन पांडेय ने 5 मतों से यह जीत हासिल की और अध्यक्ष पद पर अपना परचम लहराया। इसी तरह, मंत्री पद पर भी कड़ी टक्कर देखने को मिली। मंत्री पद के लिए अनिल यादव और आनंद प्रकाश श्रीवास्तव के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अनिल यादव को 21 मत और आनंद प्रकाश श्रीवास्तव को 20 मत प्राप्त हुए। मात्र 1 मत से अनिल यादव ने यह अहम जीत दर्ज की। अन्य पदों पर बनी सहमति, निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी इस चुनाव में शेष पदों पर निर्विरोध चयन हुआ, जहां उपाध्यक्ष पद पर प्रमोद शुक्ला और के पी ओझा को निर्विरोध चुना गया। सह सचिव पद के लिए महेंद्र शुक्ला (सुखई पुर) और कार्तिकेय तिवारी ने निर्विरोध जीत दर्ज की, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर देवेंद्र प्रताप सिंह को निर्विरोध चयनित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बार एसोसिएशन के सदस्यों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि नई टीम बार एसोसिएशन के कार्यों को नए आयाम देगी।



## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूण्डला इकाई की वार्षिक बैठक हुई संपन्न

**टूण्डला।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूण्डला इकाई की वार्षिक बैठक स्टेशन रोड स्थित तहसील कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता तहसील कोषाध्यक्ष राकेश गौतम ने की तथा संचालन देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में वर्ष 2025 के लिए कार्ड नवीनीकरण और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें प्रभारी तहसील टूण्डला कार्यकारिणी जिला उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने अध्यक्ष विमल किशोर बॉबी को 5 दिवस मे नवीन कार्यकारिणी के कार्ड नवीनीकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन से जुड़े सभी पत्रकार साथी निर्भीक होकर कार्य करें,एसोसिएशन पत्रकारों के हित के लिए सदैव तत्पर है। किसी भी पत्रकार के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। वहीं बैठक में सर्व सम्मति से होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किए जाने के लिए निर्णय लिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रभारी तहसील टूण्डला कार्यकारिणी सोमेंद्र पोनिया, तहसील अध्यक्ष विमल किशोर बॉबी, उपाध्यक्ष विवेक शर्मा कैलाश चंद्र, महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह, राकेश गौतम, योगेंद्र सिंह, जावेद अली, धीरज कुमार, कमर अहमद कपिल देव, रवि कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# खुशी के माहौल में ढोल बजाते युंवक की अचानक मौत

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** कहते हैं मौत किस रूप में आ जाए कह नही सकते, मौत का कभी ओटीपी नही आता यह कहावत विगत शाम पोरी गांव में चर्चा बनी रही। पोरी निवासी अशोक कुमार यादव रेलवे में कर्मचारी थे। विगत दिन उनका रिटायरमेंट हुआ। ग्रामीणों और परिजनों ने गांव में भव्य विदाई समारोह रखा। पंजाबी ढोल वाले स्वागत के लिए बुलाए गए। गांव के बाहर से ढोल की आवाज पर नाचते गाते ग्रामीण अशोक को घर लेकर आ रहे थे । ढोल बजाने वाला आगरा निवासी बदन सिंह भी नाच रहा था मौजूद लोग को ढोल तरह तरह से कलाकारी भी दिखा रहा था और मौजूद लोगों के साथ नाच भी रहा था ढोल बजाते,बजाते जमीन पर गिर गया लोगों ने समझा कि कलाकारी दिखा रहा है लेकिन काफी देर न उठने पर लोगो उन्हें उठाया लेकिन उनकी मौत हो गई, कार्यक्रम में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर स्वजन पहुंच गए और मोके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गई।

# शर्मसार हुआ रिश्ता, चार वर्षीय बच्ची के साथ चाचा ने किया गलत काम

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** कलयुगी चाचा ने रिश्ते को कलंकित कर दिया। बलदेव में चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ गलत काम का मामला प्रकाश में आया है। पारिवारिक चाचा ने चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ गलत काम किया। घटना शनिवार को सुबह 11 बजे की है। मामला जब सामने आया जब छोटी मासूम बच्ची ने रोते बिलखते हुए मां को घटना के बारे में बताया। बच्ची की चीख पुकार सुन मां भयभीत हो गई। थाना बलदेव में घटना की तहरीर दी। फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटना स्थल पर छानवीन शुरू कर दी। बालिका की माता ने बताया परिवार में शादी के समारोह में शामिल होने गई थी। घर के बाहर मेरी लड़की खेल रही थी। तभी पीछे से परिवार में देवर बहला फुसलाकर घर पर ले गया। दरवाजा बंद करके उसके साथ गलत हरकत कीं। बलदेव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह ने बताया बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है। परिवार के लोग पड़ोस में शादी शामिल थे। बच्ची की मां ने तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी को जल्द पकड़कर जेल भेजा जाएगा। बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

# डीएम ने गांवों के सचिव, प्रधानों की लगाई वर्चुअल क्लास

## -सभी ब्लाकों के एडीओ पंचायतों को सफाई कार्य की रिपोर्ट भेजने को कहा

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** डीएम ने ग्राम प्रधानों, सचिवों और नगर पंचायतों के एडीओ की वर्चुअल क्लास ली। जनपद की मुख्य सड़कों के किनारे बसे गांवों से होकर गुजर रही सभी सड़कों पर कूड़ा, नालियों के पानी का ओवर फ्लो होने को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने सभी बीडीओ और एडीओ पंचायत को निर्देशित किया है कि सड़कों पर कूड़ा और पानी का ओवर फ्लो नहीं होना चाहिए। इसके लिए नियमित सफाई कराई जाए। जो ग्राम प्रधान व सचिव इस कार्य में लापरवाही बरतेंगे उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एडीओ पंचायतों को निर्देशित किया है कि वे मुख्य सड़कों की सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करें और और उसकी फोटोग्राफी करायें। जिसकी सूचना जिला पंचायत अधिकारी को भी भेजें। ये निर्देश जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वीडीओ कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिले की पंचायतों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ब्रज में होली का त्योहार प्रमुखता से मनाया जाता है। यहां की होली देखने और सहभागिता करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसलिए गांवों से होकर गुजर रहे जनपद व अन्य जनपद को जोड़ने वाले मार्गों की नियमित सफाई व्यवस्था करायें। प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी एवं पीडी डीआरडीए एके उपाध्याय भी इस कांफ्रेसिंग में उपस्थित थे। उनके आदेशों का असर रविवार से ही जनपद में देखने को मिला। जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देशन में विकाश खंड मथुरा की ग्राम पंचायत दतिया, खामनी,जचोंदा, जुल्हेंदी, राल, मघेरा, छटीकरा, जैंत, उस्पार, नगला माना,ऊँचागांम में मुख्य सड़क के दोनों लगे कूड़े के घूरों को हटवाया गया। सड़कों की सफाई कराके गन्दगी, पॉलिथीन एवं जल भराव का निस्तारण कराया गया। ये कार्य सफाई कर्मियों की टीम लगा कर सम्बंधित गांवों के सचिवों के पर्यवेक्षण कराया गया। उक्त ग्राम पंचायतें गोवर्धन रोड, ,राधा कुंड रोड, भरतपुर रोड एवं सोंख रोड पर स्थित हैं। उनकी भी सफाई कराई गई। आज सफाई कार्य का निरीक्षण मथुरा ब्लाक के एडीओ पंचायत ललतेश शर्मा ने किया। दूसरी तरफ गोवर्धन ब्लाक में मथुरा मार्ग पर अड़ींग, जमुनावता, बरसाना मार्ग पर नींवगांव, भगोसा, नगला बघेले, पलसों, सीह, जाजमपट्टी मार्ग पर पैंठा, मगोर्रा आदि सफाई कराई गई। राया, छाता, नंदगांव ब्लाक में पंचायतों के सफाईकर्मियों ने सफाई कार्य किया।

### चोरी के स्कूटी के साथ पकड़ा गांजा तस्कर

अलीगढ़। थाना सासनीगेट पुलिस ने एक शातिर युवक गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी व 11 सौ ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गाँजा बरामद किया है। जनपद में अपराध की रोकथाम व नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम थाना सासनीगेट पुलिस टीम ने एक शातिर मनोज उर्फ दरोगा पुत्र बाबूलाल निवासी भगवान नगर गली न0 11 थाना सासनी गेट व गांधीपार्क से सम्बन्धित चोरी की एक स्कूटी व अवैध नशीला पदार्थ 11 सौ ग्राम गांजा सहित मथुरा रोड पर नाले के पास तालसपुर जाने वाली सडक पर से गिरफ्तार किया गया है।

### फांसी का फंदा लगाकर की युवक ने आत्महत्या

अलीगढ़। जनपद के थाना जवा क्षेत्र के गांव रामपुर में एक युवक ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही बताया जा रहा है कि रामपुर निवासी स्वर्गीय मुन्नीलाल के तीन पुत्र हैं छोटा पवन वे नितिन अपनी मां राम देवी के पास ही गांव में रहते हैं पवन की मां रामदेवी किसी मुकदमे की पैरवी में अलीगढ़ गई थी। तभी सूचना मिली कि कासिमपुर चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर देखा कि 30 वर्षीय पवन का सब एक पंखे पर लटका हुआ मिला । पुलिस ने शब को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा पवन भी उसका छोटा भाई नितिन दोनों अविवाहित बताए जाते हैं।

# चावल की कालाबाजारी पर जिम्मेदार मौन खजाना भरने में जुटे राशन माफिया

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** जनपद में गरीबों के लिए राशन की दुकानों पर मिलने पर सरकारी चावल की राशन की दुकानों से बड़े स्तर पर कालाबाजारी की जा रही है। जिम्मेदार अधिकारी मौन बने बैठे है, और राशन माफिया अपना खजाना भरने में लगे है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रही फ्री राशन योजना का राशन विक्रेता माफियाओं के साथ मिलकर बंदर बांट कर रहे है। राशन की दुकानों से बड़े स्तर पर सरकारी चावल की काला बाजारी हो रही। यह कारोबार राशन की दुकानों से बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। सूत्र बताते है, राशन की दुकान विक्रेता बड़े बड़े माफियाओं से मिलकर सरकारी चावल उपभोक्ता को न देकर उसका कम पैसे में दुकान पर ही सौदा तय कर लेते है, और कई कुंतल चावल एकत्रित कर दिन भर लोडिंग गाड़ियों से मिलो में पहुंचा कर तत्काल उसे पीस कर साक्ष्य मिटा देते है। राशन विक्रेता और चावल माफियाओं के इस गोरख धंधे की जानकारी जिम्मेदारों को अच्छी तरह है, लेकिन हर माह मिलने वाले मासिक नजराना से आंखे मूंद कर बैठे है, ओर गरीबों के निवाले को मुंह से छिनता हुआ चुप चाप देख रहे है।

**विभागीय उदासीनता का फायदा उठा रहे राशन माफिया**

राशन कार्ड धारकों को सुविधाये देने के लिए प्रदेश सरकार कितना भी प्रयास कर ले लेकिन राशन कार्ड उपभोक्ता चन्द पैसे के लालच में प्रदेश सरकार के आपूर्ति विभाग की सरकारी व्यवस्थाओं को चुना लगा रहे है। इसका नजारा राशन डीलरों की दुकानों एवं गलियों में घूम रहे ई रिक्शो पर देखने को मिला। जहां राशन उपभोक्ताओं को चन्द पेसो का लालच देकर राशन डीलरों की मिलीभगत से राशन माफियाओ के कर्मचारी सरकारी राशन के चावल की खरीद फरोख्त करते नजर आये। स्थानीय लोगो की मानें तो सरकारी राशन की खरीद फरोख्त राशन माफियाओं के द्वारा बड़े पैमाने पर सरकारी अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से किया जा रहा है। जिसका नुकसान आपूर्ति विभाग ही नही बल्कि उन गरीब कार्ड धारकों को हो रहा है जिन्हें सरकार के द्वारा राशन दिए जाने के लिए कार्ड उपलब्ध कराया गया है। शहर ही नही बल्कि आसपास के गाँव मे राशन बाटने के निर्धारित समय और तारिक के अनुसार राशन की दुकानों के आसपास राशन माफियाओं के कर्मचारी तैनात हो जाते है। जो कि पैसों का लोभ देकर गरीब की रोटी छीनने पर मजबूर कर रहा है।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com